www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -298 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए




युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में होगी सहूलियत... 02
■ दिल्ली देहात के किसानों का मुद्दा न्याय संकल्प...
■ राजधानी दिल्ली को जल्द कूड़ा मुक्त बनाया जाएगा... 03
■ यूएनआरडब्ल्यूए में हमास की 'घुसपैठ': इजराइल
■ यूएन शरणार्थी एजेंसी को धन रोकना विनाशकारी... 07
67 वर्ष के हुए जैकी श्रॉफ 10

निर्मला सीतारमन ने पेश किया अंतरिम बजट

# करदाताओं को नहीं मिली कोई राहत

- ■ प्रधानमंत्री आवास योजना में बनेंगे 2 करोड़ मकान
- ■ कॉर्पोरेट टैक्स घटाकर 22 फीसदी किया गया
- ■ आधारभूत संरचना के विकास पर ज्यादा फोकस
- ■ राजकोषीय घाटा 5.1 फीसदी रहने का अनुमान

## अंतरिम बजट में कोई नई घोषणा नहीं हुई, सीतारमन ने पेश किया लगातार छठा बजट



**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नई संसद में गुरूवार को लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने पेश किया गया।चुनावी साल होने के कारण यह अंतरिम बजट था। बजट में करदाताओं को कोई राहत नहीं मिली है। इसमें किसी भी लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज रखा गया है। यह तीन महीनों में खर्च राजस्व का महज लेखा-जोखा है। अप्रैल-मई में चुनाव के बाद नई सरकार जुलाई में पूर्ण बजट पेश करेगी। सीतारमन का यह लगातार छठा बजट रहा। नई संसद में अपना पहला बजट भाषण पढ़ते हुए उन्होंने कहाकि देश की जनता आशान्वित होकर भविष्य की ओर देख रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। 2014 में जब मोदी ने सत्ता संभाला था, तब देश के सामने चुनौतियां बहुत थी। जनता के हित में लगातार काम हुआ है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर मिले हैं। लोगों की उम्मीदें नई सरकार से बढ़ी और लगातार दूसरी बार जनादेश मिला। सरकार ने व्यापक विकास की बात की। सबका साथ और सबके प्रयास के मंत्र से हम आगे बढ़े। उन्होंने कहाकि अंतरिम बजट होने के कारण कोई नई घोषणा करने से परहेज किया गया। बावजूद कॉर्पोरेट टैक्स घटाकर 22 फीसदी कर दिया गया है।

> सरकार लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए ईमानदारी से काम कर रही है और इसीलिए अमृत काल भी कर्तव्य काल बन गया है : **निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा

मोदी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए वित्तमंत्री ने कहाकि हर घर जल,सभी के लिए बिजली,गैस,वित्तीय सेवाएं और सबका बैंक खाता खोलने का व्यापक काम किया गया। खाद्यान्न की चिंताओं को खत्म किया गया है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया गया,जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ी है। 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बना जाएगा। भाई-भतीजावाद खत्म कर सबको समान मौका दिया जा रहा है। लोक सशक्त हो रहे हैं।

### अंतरिम बजट में क्या है खास

- ❖ सरकार घर खरीदने या निर्माण कराने के लिए 'हाउसिंग फॉर मिडिल क्लास स्कीम लॉन्च करेगी।
- ❖ 9-14 साल की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण को बढ़ावा दिया जाएगा।
- ❖ सभी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शामिल करने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार।
- ❖ सरकार 1 करोड़ घरों को छत पर सोलर रूफटॉप पैनल लगाने में सक्षम बनाएगी।
- ❖ लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने के लिए पीएम गति शक्ति के तहत तीन प्रमुख रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे।

### पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ किसानों को लाभ

वित्तमंत्री सीतारमन ने कहाकि पीएम किसान योजना के तहत 11.8 करोड किसानों को फायदा मिल रहा है। 4 करोड किसानों को पीएम फसल बीमा योजना से जोडा गया है। पीएम जनधन योजना के तहत आदिवासी समाज तक पहुचने का लक्ष्य है। विशेष जनजातियों के लिए सरकार विशेष योजनाए लाई गई हैं। आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है। सरकारी योजनाएं जनता तक पहुंच रही हैं। सरकार गरीबी हटाने के लिए लगातार काम कर रही है। वित्तमंत्री ने कहाकि अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ रही है। सरकार भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी शासन पर लगातार जोर दे रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 करोड़ घर बनाए जा चुके हैं। सरकार अगले पांच साल में 2 करोड़ घर और बनाएगी।

### पर्यटन में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के शुरू की जाएंगी परियोजनाएं

सीतारमन ने कहाकि पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। इसके लिए राज्यों को ब्याजमुक्त कर्ज दिया जा रहा है। टीयर 2 और टीयर 3 श्रेणी के शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ा जाएगा। लक्षदीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। पर्यटन के क्षेत्र विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। 2014 से 2023 के बीच विदेशी निवेश बढ़ा है। राज्यों को 75 हजार करोड का ब्याजमुक्त कर्ज दिया गया है। आधारभूत संरचना के विकास में 11 फीसदी ज्यादा खर्च किया जाएगा।

### पिछले दस साल में टैक्स कलेक्शन में तीन गुना हुई बढोत्तरी

वित्तमंत्री ने कहाकि राजकोषीय घाटा कम हो रहा है। अगले वित्त वर्ष में यह घाटा 5.1 फीसदी रहने का अनुमान है। 44.90 लाख करोड़ के खर्च के विपरीत 30 लाख करोड़ राजस्व आने का अनुमान है। उन्होंने कहाकि पिछले 10 साल में आयकर कलेक्शन तीन गुना बढ़ा है। जबकि कर के दरों में कटौती की गई। अब 7 लाख आय वालों को कोई कर नहीं देना पड़ रहा है। हालांकि लोगों को उम्मीद थी कि इस बजट में आयकर में छूट की सीमा बढ़ सकती है। लेकिन सरकार ने इस मायने में लोगों को निराश किया।

राहुल ने मालदा में की न्याय यात्रा

# नफरत की राजनीति के खिलाफ लड़ना होगा : राहुल



**मालदा,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती मालदा जिले से अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की।

मालदा में लोगों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि बंगाल के लोग अपने बुद्धिजीवीवर्ग के लिए जाने जाते हैं। इसलिए बंगाल को आरएसएस की विचारधारा और नफरत की राजनीति के खिलाफ लड़ना होगा। बंगाल को नफरत की राजनीति के खिलाफ खड़ा होना होगा। उन्होंने एक बार फिर से कहा, 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं।' इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोले बिना कहा कि उनकी पार्टी अगर चुनाव जीतेगी, तो जातिगत सर्वे पूरे देश में करवाया जाएगा। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी(माकपा) को भाजपा का नंबर एक 'दलाल' बताए जाने के एक दिन बाद माकपा राज्य समिति के सदस्य शतरूप घोष मालदा में गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 19वें दिन शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्री गांधी प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के साथ एक खुले हुड वाले लाल वाहन पर सवार हुए। इस दौरान सड़क की दोनो ओर खड़े हजारों लोगों ने कांग्रेस नेता का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। मालदा पार करने के बाद श्री गांधी दोपहर में मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में लोगों को संबोधित करेंगे। उत्तर बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद दोनों जिलों में कांग्रेस के काफी समर्थक हैं। माकपा के हजारों कार्यकर्ता और समर्थक आज कांग्रेस नेता की यात्रा में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को सिर पर पार्टी के लाल झंडे उठाए और श्री गांधी के लिए नारे लगाते देखा गया।

> माकपा समर्थक भी शामिल हुए

## बजट पर प्रतिक्रियाएं



इस बजट में गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त करने, उनके लिए आय के नए अवसर बनाने पर भी बहुत जोर दिया गया है। रूफटॉप सोलर अभियान में एक करोड़ परिवारों को सोलर रूफ टॉप के माध्यम से मुफ्त बिजली प्राप्त होगी: **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



एक तरफ कहा जा रहा है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है और दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। आज किसानों की हालत क्या हो गयी है, यह किसी से छिपा नहीं है: **हरसिमरत कौर,शिअद**



भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा कर एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। यह भाजपा का 'विदाई बजट' है: **अखिलेश यादव, सपा प्रमुख**



बजट अमीरों के हितों की रक्षा करने वाला है। सर्दी के इस मौसम में पूरा ठंडा पानी बिखेर दिया गया है। आसमान छूती महंगाई के लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। इसमें बेरोजगारों, महिलाओं के लिए कुछ नहीं कहा गया है : **प्रियंका चतुर्वेदी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे)**



यह अंतरिम बजट है, असली बजट तो जुलाई में आएगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि पर्यटन बढ़े, वतन आगे बढ़े, महंगाई कम हो और रोजगार के अवसर बढ़ें: : **फारुक अब्दुल्ला, अध्यक्ष, नेशनल कांफ्रेंस**

# सोरेन ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर उनकी याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोरेन की याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए गुरुवार को उनकी गुहार स्वीकार करते कहा कि वह शुक्रवार को सुनवाई करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में एक नाटकीय घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ एक दिन बाद गुरुवार को शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की। पीठ के समक्ष वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और ए एम सिंघवी ने सोरेन की याचिका पर यह कहते हुए तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई कि उनके गिरफ्तारी के तरीके इससे देश की राजनीति पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। याचिकाकर्ता सोरेन के वकील ने कहा कि यह एक बहुत गंभीर मामला है, क्योंकि मुख्यमंत्री को आम चुनाव से कुछ महीने पहले ही गिरफ्तार किया गया। सोरेन के वकील ने दावा किया कि ईडी की ओर से याचिकाकर्ता को बुधवार शाम पांच बजे गिरफ्तार किया गया, हालांकि, गिरफ्तारी ज्ञापन में कहा गया कि यह रात 10 बजे किया गया। शीर्ष अदालत के समक्ष ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि इसी तरह की एक याचिका झारखंड उच्च न्यायालय में भी दायर की गई है। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने भी कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। इस पर हालांकि, श्री सिब्बल ने कहा कि उच्च न्यायालय से याचिका वापस ले ली जाएगी।



> ■ गिरफ्तारी के तरीके से देश की राजनीति पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा

## सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट के आदेश पर एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उन्हें रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा ले जाया जा रहा है। सोरेन को ईडी ने बुधवार को करीब आठ घंटे तक पूछताछ के बाद रात 8.30 बजे गिरफ्तार किया था। इसके बाद बुधवार की रात सोरेन को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के दफ्तर ले जाया गया।

## चंपई सोरेन ने राज्यपाल से की मुलाकात

झारखंड में सियासी सरगर्मी के बीच चंपई सोरेन के नेतृत्व में 'इंडिया' गठबंधन के एक शिष्टमंडल ने गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। राज्यपाल से मुलाकात कर राजभवन से बाहर निकलने के बाद चंपई सोरेन ने उम्मीद जताई कि राज्यपाल नई सरकार गठन को लेकर जल्द ही फैसला लेंगे। चंपई सोरेन ने बताया कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की ओर से जल्द फैसला लेने का भरोसा दिलाया गया।

मौसम विभाग ने दी जानकारी

# अगले 24 घंटों तक बारिश का दौर जारी रहेगा

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। उसके बाद शनिवार और 5 फरवरी को यह क्षेत्र बारिश से प्रभावित हो सकता है। आईएमडी के अनुसार, मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में एक ट्रफ के रूप में एक पश्चिमी विक्षोभ लगभग 72 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 30 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में उत्तर पश्चिम राजस्थान और निचले क्षोभमंडल स्तर में एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण के साथ चल रहा है। आईएमडी ने अपने दैनिक बुलेटिन में कहा, शनिवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है।



> ■ पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को करेगा प्रभावित

### पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी

5 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की/मध्यम से लेकर व्यापक वर्षा/बर्फबारी होने की संभावना है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी भारी बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है। पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली में हल्की/मध्यम छिटपुट से लेकर काफी व्यापक वर्षा हो सकती है और गुरुवार को उत्तर प्रदेश तथा पूर्वी राजस्थान में छिटपुट से लेकर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### ओलावृष्टि का भी अनुमान

शनिवार और रविवार को उपरोक्त क्षेत्रों में हल्की/मध्यम छिटपुट बारिश होने की संभावना है। कई जगहों पर 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज और ठंडी हवाएं चलने की संभावना है।

# बिहार सरकार में विभागों के बंटवारे को लेकर फंसा पेंच

**पटना,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार में नए सरकार बनने के बाद से नीतीश मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर एक बड़ा सवाल बना हुआ है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पहले सीएम आवास पहुंचे थे, जहां से वह राजभवन गए और राजभवन से निकलने के बाद सम्राट चौधरी एक बार फिर सीएम आवास पहुंचे। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को लेकर एनडीए गठबंधन में पेंच फंस गया है। अभी तक नई सरकार में विभागों का बंटवारा नहीं किया गया है। दरअसल, सूत्रों की मानें तो नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार 7 फरवरी को होगा। बता दें कि नीतीश कुमार ने रविवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर शाम को फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली थी।

> ■ 7 फरवरी को हो सकता नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार
> ■ नई सरकार में अभी तक नहीं किया गया है विभागों का बंटवारा

चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद

# आप-कांग्रेस का संयुक्त उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट पहुंचा



**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बुधवार को चंडीगढ़ नगर निगम (सीएमसी) के नतीजों पर रोक लगाने वाला अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद इंडिया गठबंधन के मेयर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। बुधवार को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने आप और कांग्रेस पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें पीठासीन अधिकारी पर मतगणना प्रक्रिया में धोखाधड़ी और जालसाजी का सहारा लेने का आरोप लगाया गया था।

# रक्षा क्षेत्र के लिए 6.21 लाख करोड़ का प्रावधान

नई दिल्ली, 1 फरवरी (देशबन्धु)। अंतरिम बजट के माध्यम से केंद्र सरकार ने रक्षा के क्षेत्र में कई नए कदम उठाने की घोषणा की है। इसके लिए रक्षा खर्च में 11.1 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। जो कि मोदी सरकार के बजट का 8 फीसदी है। सरकार ने अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 6.21 लाख करोड़ रुपए आवंटित किया है। जो कि पिछले रक्षा बजट की तुलना में 0.27 लाख करोड़ यानी 4.5 फीसदी ज्यादा है। बतादें कि पिछले बजट में सरकार ने रक्षा के मद में 5.94 लाख करोड़ रुपए आवंटित किया था। बजट में

> खर्च में 11.1 फीसदी की बढ़ोतरी की गई

# पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा लक्षद्वीप

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। मालद्वीप को सबक सिखाने के लिए अंतरिम बजट में वित्तमंत्री सीतारमन ने लक्षद्वीप को लेकर बड़ी घोषणा की। मालद्वीप के साथ जारी तनाव के बीच केंद्र की मोदी सरकार ने अंतरिम बजट के जरिए लक्षद्वीप को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने करने पर खास जोर दिया है। बजट में लक्षद्वीप के बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ ही देश भर में पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश की बात कही गई है। वित्तमंत्री सीतारमन ने अंतरिम बजट पेश करते हुए कहाकि घरेलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित देश के अन्य द्वीप समूहों में भी पोर्ट कनेक्टिविटी, पर्यटन संरचना व सुख सुविधाओं के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इससे देश में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। बतादें कि हाल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप गए थे। उनका वहां समुद्र किनारे फोटोशूट काफी वायरल हुआ था।

> अन्य द्वीप समूहों में भी पोर्ट कनेक्टिविटी, पर्यटन संरचना के लिए परियोजनाएं होंगी शुरू

बजट | *बजट में गरीब और मध्यम वर्ग की तकलीफों को कम करने के लिए कुछ नहीं*

# मोदी सरकार का अंतरिम बजट रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल: खड़गे

**नई दिल्ली, 1 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस ने मोदी सरकार के अंतरिम बजट को रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल बताया है। कांग्रेस ने आंकड़ों के साथ मोदी सरकार को घेरते हुए कहा कि बजट में गरीब और मध्यम वर्ग की तकलीफों को कम करने के लिए कुछ नहीं है। मोदी सरकार के इस आखिरी बजट में जनता को खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं मिला।**

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बजट में गरीब और मध्यम वर्ग की तकलीफों को कम करने के लिए कुछ नहीं है। हर साल की तरह मोदी सरकार का अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल था। खड़गे ने कहा कि बजट में पिछले साल का ब्यौरा और आने वाले साल के लिए विजन दोनों ही गायब थे। वित्त मंत्री को बताना चाहिए कि पिछले 10 सालों में सरकार ने जितने वादे किए गए, उनमें से कितने पूरे हुए और कितने बाकी हैं। बजट में उन वादों का कोई जिक्र नहीं था। खड़गे ने कहा कि सालाना दो करोड़ नौकरियां, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करना, सभी को पक्का घर, 100 स्मार्ट सिटी के वादें आज तक पूरे नहीं हुए। 2014 में जो कृषि विकास दर 4.6 प्रतिशत था, वो इस साल 1.8 प्रतिशत हो गई। यूपीए के दौरान खेती चार प्रतिशत औसत से बढ़ती थी, वो आधा हो गई।





> यह सरकार अमीरों की है, अमीरों के लिए है, अमीरों के द्वारा संचालित है : पी चिदम्बरम

वहीं कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम और गौरव गोगोई ने कहा कि वित्त मंत्री ने बजट में नहीं बताया कि सरकार बेरोजगारी की समस्या का समाधान कैसे करेगी।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह सरकार अमीरों की है, अमीरों के लिए है, अमीरों के द्वारा संचालित है और यही इस बजट में दिखा।

# देश

**उवाच**

" भाजपा नेता सुशील मोदी का कांग्रेस को पिछड़ा विरोधी बताना हास्यास्पद उन्हें पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। बिहार को प्रथम दलित मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री के रूप में कांग्रेस ने दिया।

-प्रेमचंद्र मिश्रा, कांग्रेस के विधान पार्षद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 17.0 | 12.0 |
| मुंबई | 26.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 22.0 | 19.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 26.0 |

# अंतरिम बजट में आमजन के लिए कुछ नहीं : कांग्रेस

## विपक्ष ने अंतरिम बजट को निराशाजनक करार देते हुए केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को सदन में अंतरिम बजट पेश किया। कांग्रेस के सांसदों ने अंतरिम बजट को निराशाजनक करार देते हुए कहा कि इसमें आम जनता के लिए कुछ भी नहीं है। इस अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि बजट भाषण बहुत छोटा और निराशाजनक था। बहुत अधिक बयानबाजी थी। कई मुद्दों को छुआ नहीं गया। बेरोजगारी जैसे मुद्दे का उल्लेख ही नहीं किया गया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार अपनी विफलता को भी सफलता को रूप में पेश करेगी। आम भारतीय मतदता से पूछिए कि सरकार की नीतियों से उसकी जेब में क्या मिला तो इसका जवाब मिल जाएगा कि देश का आम आदमी क्या सोचता है। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि क्या यह बेरोजगारों को रोजगार देने वाला बजट है। इस बजट में लोकसभा चुनाव के लिए लोगों को चुभाने के लिए कुछ नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस सचेतक ने कहा कि यह बजट निराशाजनक है। यह कॉरपोरेट का हितैषी बजट है। इसमें गरीबों और आम लोगों के लिए कुछ भी नहीं है।

> अपनी विफलता को भी सफलता को रूप में पेश करेगी यह सरकार



बजट भाषण बहुत छोटा व निराशाजनक था बहुत अधिक बयानबाजी थी कई मुद्दों को छुआ नहीं गया बेरोजगारी जैसे मुद्दे का उल्लेख ही नहीं किया गया : शशि थरूर

### कर्ज लेकर अपना खर्च चला रही है सरकार

वहीं मनीष तिवारी ने कहा कि वित्त मंत्री ने अपनी वाहवाही की है और 10 साल पहले की सरकार को कमतर दिखाने की कोशिश की है। सदन में चर्चा के दौरान इसका विस्तृत जवाब दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में 18 लाख करोड़ रुपए बजट घाटा है। आने वाले साल में यह और बढ़ेगा। इसका मतलब है कि सरकार कर्ज लेकर अपना खर्च चला रही है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सरकार अभी समस्याएं नहीं पहचान पा रही है। इस बजट में आम आदमी, महिलाओं, कृषि और रोजगार के लिए कुछ नहीं है। वित्त मंत्री कह रही हैं कि आय 50 प्रतिशत तक बढ़ी है, लेकिन डाटा बता रहा है कि आय 25 प्रतिशत तक कम हुई है।

### अंतरिम बजट में भी चार झूठ

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी बजट पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि मोदी सरकार ने अंतरिम बजट में भी पूरी ईमानदारी से चार झूठ बोले हैं। आर्थिक झूठ, सामाजिक झूठ, राजनीतिक झूठ, नैतिक झूठ। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने वाली केंद्र सरकार दावा कर रही है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला! यह भाजपा का वर्ष 2024 में बोला गया सबसे बड़ा आर्थिक झूठ है क्योंकि, मैं जिस देश में रहता और लोगों से मिलता हूं वहां गरीबों की परिभाषा अलग है! और, भाजपा के सरकारी कागजों में गरीब की उपस्थिति अलग तरह से दिखाई और दर्शायी जा रही है। मेरे मध्य प्रदेश में ही लाड़ली बहना योजना में 3000 प्रतिमाह देने का दावा कर, वादे से मुकरने वाली प्रदेश भाजपा यदि करीब एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का दावा कर रही है, तो इसे भी मैं वर्ष 2024 में बोला गया सबसे बड़ा सामाजिक झूठ कहूंगा। पटवारी ने कहा कि सच्चाई यह है कि पिछले 45 सालों में देश में सबसे अधिक बेरोजगारी है, लेकिन झूठ के पांवों पर दौड़ने वाली भाजपा सरकार का दावा है कि 54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। हर साल 2 करोड़ नौकरी के झूठ को देश को युवा पहचानता है, इसलिए भाजपा के असली चेहरे और चरित्र को भी अब बखूबी जानता है। इसे भी मैं वर्ष 2024 में बोला गया सबसे बड़ा राजनीतिक झूठ कहूंगा! मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का ढोल इतना पीटा कि वह फट गया! लेकिन, नैतिकता के नाम पर तीन काले कानून जैसी अनैतिक नीतियां बनाने वाली भाजपा अब उस फटे हुए ढोल को भी जोर-जोर से बजा रही है! गरीबी में फंसा, महंगाई से लड़ता, कर्ज में डूबा किसान इस बात को जानता है कि आय तो दोगुनी नहीं हुई, लागत जरूर चार गुना बढ़ गई है. लेकिन फिर केंद्रीय वित्त मंत्री की बजट-बुक कह रही है कि पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है। इसे भी मैं वर्ष 2024 में बोला गया सबसे बड़ा नैतिक झूठ कहूंगा!

## यह भाजपा का विदाई बजट है : अलिखेश यादव



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सह मोदी सरकार का विदाई बजट है। उन्होंने एक्स पर कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। ये भाजपा का 'विदाई बजट' है। कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व, संसद में गुरुवार को पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। इस प्रकार, देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई महंगाई से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दु:खद व चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां के 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में उत्तर प्रदेश को विकास के लिए दो लाख 18 हजार आठ सौ सोलह करोड़ रुपए मिलेंगे। जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 15 हजार करोड़ रुपए ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट से यूपी को लाभ मिलेगा।

### यह बजट नहीं है, सिर्फ एक झुनझुना : कमलनाथ

मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने बजट पर कहा कि बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर। पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूर। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आज पेश किए गए अंतरिम बजट की स्थिति कुछ ऐसी ही है। हमें आशा थी कि चुनाव से पूर्व के इस बजट में वित्त मंत्री बताएंगी कि प्रधानमंत्री ने जो हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था उस हिसाब से 20 करोड़ रोजगार देने का टारगेट कहीं पहुंचा भी या नहीं। मध्यमवर्ग को आशा थी कि सरकार इनकम टैक्स स्लैब में कोई छूट देगी, लेकिन एक बार फिर से अपना जन विरोधी चेहरा सामने लाते हुए मोदी सरकार ने आयकर में कोई छूट नहीं दी। मोदी सरकार ने वादा किया था कि 2022 में किसानों की आमदनी दोगुनी कर दी जाएगी लेकिन आज 2024 के बजट में भी किसानों के पक्ष में एक ढंग की बात भी सरकार नहीं बोल सकी। बजट में युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों और जवानों के लिए कुछ भी नहीं है। सरकार ने देश के आर्थिक विकास का कोई खाका पेश नहीं किया है और जो बातें कही हैं, वह 15 और 20 साल दूर की बातें हैं। यह बजट नहीं है, सिर्फ एक झुनझुना है।

सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव किया है। वहीं दूसरी तरफ चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया है। सरकार ने सभी आशा बहनों को आयुष्मान योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को अपना इलाज कराने में पैसा नहीं खर्च करना पड़ेगा। अब तक इलाज में भारी पैसा खर्च होने से लोगों की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती थी। लेकिन अब आशा बहनों के परिवारों के साथ ऐसा नहीं होगा। मछली पालन का काम ज्यादातर मामलों में बड़े औद्योगिक घरानों के कारोबारी नहीं करते। यह काम गांव-देहात में बसे छोटे-छोटे किसान ही करते हैं। केंद्र सरकार ने मत्स्य योजना को ज्यादा बढ़ावा देने की रणनीति बनाई है। किसानों को इसका भी लाभ मिलेगा। साथ ही जैविक क्षेत्र को बढ़ावा देकर, नैनो खादों का विकास कर भी किसानों की लागत कम करने की कोशिश की गई है। सरकार ने एक करोड़ घरों में सौर ऊर्जा संयंत्रों को बढ़ावा देने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# केंद्र सरकार का अंतरिम बजट मिलाजुला कर ठीक : ललन सिंह

**पटना,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार में बदले सियासी समीकरणों के बाद एनडीए के हिस्सा बन चुके जदयू ने गुरुवार को अंतरिम बजट पर अहम प्रतिक्रिया दी। अंतरिम बजट पर जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि अंतरिम बजट मिलाजुला कर ठीक है। ललन सिंह ने कहा कि यह एक अंतरिम बजट है और यह पिछले पांच वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को दर्शाता है। यह उनके लक्ष्यों के बारे में भी बात करता है कि आने वाले वर्ष में किस दिशा में काम होगा। ललन ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक के किए गए कार्यों को इसमें दर्शाया गया है। महिला सशक्तिकरण, समाजिक उत्थान, सामाजिक न्याय, युवाओं, देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए जो किया गया उसे बताया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट मिलाजुला कर ठीक है। इन्होंने जो काम किया है उसे बजट में रखा है। अब अपने किए कामों को बताते हुए यह भी कहा है कि आगे आने वाले समय में सरकार बनने पर क्या करने वाले हैं उसे रखा है। इससे आप कह सकते हैं कि यह बजट मिलाजुला कर ठीक है। उधर, अंतरिम बजट को लेकर भी ललन सिंह ने मोदी सरकार की सराहना की है। इसके साथ ही इसे मिलाजुलाकर ठीक बताते हुए पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने किस दिशा में काम किया है उसे भी बताया है। दरअसल, ललन सिंह को लेकर पिछले कुछ समय से लगातार अफवाहों और अटकलों का दौर जारी ह। वे एक ओर कांग्रेस को निशाने पर भी ले रहे हैं तो दूसरी ओर बजट के दौरान अब इसकी सराहना भी कर रहे हैं। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को सकारात्मक एवं स्वागतयोग्य बताया है। वहीं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं बिहार भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नित्यानंद राय ने अंतरिम बजट को गरीब, युवा, महिला, किसान की तरक्की और खुशहाली वाला बताते हुए कहा कि यह वर्ष 2047 में विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट है। राय ने गुरुवार को बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक बजट, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाला और रोजगार को बढ़ाने वाला है। मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की और प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है और इस दिशा में यह बजट ऐतिहासिक है।



■ पिछले पांच वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को दर्शाता है बजट

### युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में होगी सहूलियत



**पटना।** अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए ऋण की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि तीन नए रेलवे इकोनॉमिक कॉरिडोर की शुरुआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आएगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लायेगी, जिसके तहत किराये के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वालों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए स्टार्टअप के टैक्स स्लैब में एक साल के लिए छूट बढ़ाई गई है। जिससे औद्योगिक क्षेत्र के विकास की गति बढ़ेगी साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा का बजट 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 86 हजार करोड़ रुपये किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दी जाने वाली राशि से किसानों को आर्थिक मदद मिली है, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने नरेन्द्र मोदी सरकार का आखिरी बजट किया पेश : उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नरेन्द्र मोदी सरकार का आखिरी बजट पेश किया है। मुंबई से सटे रायगढ़ जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि सीतारमण का कहना है कि बजट चार जातियों-गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों पर केंद्रित है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि सरकार को आखिरकार एहसास हुआ कि देश में ये चार तरह के लोग हैं। आप सांसद सुशील कुमार रिंकू ने बजट पर कहा बजट से युवाओं, दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों को उम्मीद थी। भाजपा को इस बजट की वजह से 2024 के



चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अंतरिम बजट पर कहा कि कहने और करने में जमीन-आसमान का अंतर है, यही हम 10 साल से देख रहे हैं... इसमें गरीबों, महिला, युवा के लिए कुछ नहीं है। इस बजट ने आम जनता की उम्मीदों पर ठंडे मौसम में ठंडा पानी डालने का काम किया है। शिरोमणी अकाली दल सांसद हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि मुझे इस बजट में एक अहंकार नजर आ रहा था कि हम जुलाई में बजट पेश करेंगे आप किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं ले सकते... आज आपके पास मौका था कि पिछले 10 सालों में किए गए वादों को पूरा करें न कि जनता को और सपने दिखाएं।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर को मिले 37277 करोड़ रुपए

**जम्मू।** 2024- 25 के लिए अंतरिम केंद्रीय बजट में जम्मू और कश्मीर को 37,277.74 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं, जिसका अनावरण केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में किया। ब्योरे के मुताबिक अगले वित्तीय वर्ष के लिए जेके को 37277.74 करोड़ रुपये आवंटित किये गए हैं। इसमें से 35,619.30 करोड़ रुपए अकेले केंद्र शासित प्रदेश में संसाधन अंतर को पाटने के लिए रखे गए हैं। इस साल अप्रैल-मार्च में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का यह आखिरी बजट रहा।

### तेलुगू देशम ने अंतरिम केंद्रीय बजट को सराहा

**अमरावती।** तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) ने 2024-25 के लिए अंतरिम केंद्रीय बजट की सराहना की, लेकिन आंध्र प्रदेश राज्य विभाजन में किए गए वादों को लागू करने के लिए धन जुटाने में पूरी तरह विफल रहने पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की आलोचना की। तेदेपा राज्य इकाई के अध्यक्ष किंजरापु अचेन नायडू ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजटीय प्रस्तावों की सराहना की। केंद्रीय बजटीय प्रस्तावों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि 2047 तक देश स्वतंत्र भारत बनने की एक सदी पूरी कर लेगा और देश दुनिया के विकसित देशों की सूची में शामिल हो जाएगा। तेदेपा राज्य इकाई के अध्यक्ष ने महसूस किया कि बजटीय प्रस्तावों को डिजाइन करने में केंद्र द्वारा लिए गए निर्णय निश्चित रूप से इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में हैं।

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी भाजपा की राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई : स्टालिन

### एक आदिवासी नेता को परेशान करने का लगाया आरोप

**चेन्नई,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि जिस तरह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है वह अपमानजनक और शर्मनाक है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता की गिरफ्तारी केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध का एक जबरदस्त प्रदर्शन था और एक आदिवासी नेता को परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों का उपयोग करना राजनीतिक तुच्छता का निम्न स्तर है। इस कृत्य से हताशा और सत्ता के दुरुपयोग की बू आती है और भाजपा की गंदी रणनीति विपक्षी आवाज को चुप नहीं कराएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री तिरु हेमंत सोरेन झामुमो की गिरफ्तारी केंद्रीय भाजपा सरकार द्वारा राजनीतिक



प्रतिशोध का एक खुला प्रदर्शन है। एक आदिवासी नेता को परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों का उपयोग करना राजनीतिक तुच्छता का निम्न स्तर है। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति के बावजूद, तिरु.हेमंत सोरेन झामुमो झुकने से इनकार करते हुए मजबूत बने हुए हैं। विपरीत परिस्थितियों में उनका लचीलापन सराहनीय है। स्टालिन ने कहा कि भाजपा की धमकाने वाली रणनीति के खिलाफ लड़ने का उनका दृढ़ संकल्प एक प्रेरणा है।

# गोवा विधानसभा का सत्र आज से

**पणजी,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। गोवा विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू होगा, और 10 फरवरी को समाप्त होगा। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि इस साल का बजट 8 फरवरी को पेश किया जाएगा।

सावंत ने कहा कि मैं 8 फरवरी को बजट पेश करूंगा। इस साल जन हितैषी बजट रखा जाएगा। सावंत ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कई हितधारकों के साथ चर्चा की है और विभिन्न क्षेत्रों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। हमने विभिन्न क्षेत्रों से सुझाव लिए हैं। यह जन हितैषी बजट होगा। सावंत ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कई हितधारकों के साथ चर्चा की है और विभिन्न क्षेत्रों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई ने 2 से 9 फरवरी तक गोवा विधानसभा का छह दिवसीय सत्र बुलाया था। हालांकि, 6 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तटीय राज्य की यात्रा के कारण, विधानसभा सत्र को (10 फरवरी तक) एक दिन बढ़ा दिया गया है।

# बजट में केंद्रीय कर्मियों के हाथ खाली

### ओपीएस को लेकर मौन रही सरकार, धूमिल हुई उम्मीद

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में करोड़ों सरकारी कर्मियों के हाथ खाली रहे। कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को उम्मीद थी कि सरकार इस बजट में पुरानी पेंशन जैसे मुद्दों पर कोई घोषणा कर सकती है। सरकार ने इस बाबत कोई घोषणा नहीं की। केंद्रीय कर्मियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए सरकार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की चेतावनी दे रखी है। इस कारण केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी, प्रधानमंत्री मोदी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे थे। सरकारी कर्मियों को उम्मीद थी कि भारत सरकार बजट में पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा करेगी, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इस वजह से रेलवे, रक्षा, डाक, आयकर, अकाउंट एंड ऑडिट, केंद्रीय सचिवालय, इसरो, डीएई, स्वायत्तता प्राप्त संगठन, केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सभी राज्यों के



सरकारी कर्मचारी, यूटी क्षेत्रों के कर्मी, प्राथमिक टीचर, हाई स्कूल टीचर, उच्च शिक्षा विभाग, कालेज एवं यूनिवर्सिटी आदि का स्टाफ निराश है।

बंधु ने कहा, यह देश का दुर्भाग्य है कि देश कि सेवा में दिन-रात लगे रहने वाले करोड़ों कर्मचारियों के मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया गया। देश में निजीकरण बढ़ता जा रहा है। रोजगार पर भी सरकार को कोई स्पष्ट विजन सामने नहीं आया। ऐसे में रोजगार के अवसर कहां से और कैसे उपलब्ध होंगे, कोई नहीं जानता। सरकार का फोकस आउटसोर्सिंग/संविदा के तहत कर्मचारियों की भर्ती पर है। इससे कर्मचारियों का शोषण लगातार जारी रहेगा। संगठन के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर नीरजपति त्रिपाठी ने कहा, अंतरिम बजट सरकारी कर्मचारियों के लिए अत्यधिक निराशाजनक है।

### करोड़ों कर्मचारियों के विषय पर कोई फैसला न होना दुर्भाग्यपूर्ण

एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा, अंतरिम बजट में देश के करोड़ों कर्मचारियों के विषय पर कोई फैसला न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। टैक्स स्लैब में राहत न मिलने से कर्मचारियों में मायूसी छाई हुई है। सरकार, निजीकरण की ओर भागती जा रही है। बंधु ने गुरुवार को संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को बेहद निराशाजनक बताया है।

**निराशा** *अंतरिम बजट में टूट गई अर्धसैनिक बलों के 11 लाख जवानों की उम्मीद*

# सीएपीएफ कैंटीन को नहीं मिल सकी 50 फीसदी जीएसटी छूट

**नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 11 लाख जवानों की उम्मीद टूट गई है। वित्त मंत्री की घोषणा में सीएपीएफ कैंटीन के उत्पादों पर 50 फीसदी जीएसटी की घोषणा नहीं की गई। कन्फेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियरस वेलफेयर एसोसिएशन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अंतरिम बजट।**

में सीएपीएफ कैंटीन के उत्पादों पर 50 फीसदी जीएसटी की छूट देने की मांग की थी। मौजूदा समय में सीपीसी कैंटीन पर जीएसटी टैक्स के चलते 20 लाख पैरामिलिट्री परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है। एसोसिएशन द्वारा कई वर्षों से यह मांग की जा रही थी कि सीएपीएफ कैंटीन में मिलने वाले उत्पादों पर सेना की कैंटीनों की तर्ज पर जीएसटी में 50 फीसदी की छूट मिले। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है, सेना की सीएसडी कैंटीन के उत्पादों में जीएसटी की छूट मिलती है। इसी तर्ज पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की कैंटीन के उत्पादों पर 50 फीसदी छूट देने की मांग की गई थी। सीएपीएफ के परिवारों के लिए 26 सितम्बर 2006 को सेंट्रल पुलिस कैंटीन (सीपीसी) की स्थापना की गई थी।



■ टैक्स के चलते 20 लाख पैरामिलिट्री परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है

इसका मकसद था, जवानों को बाजार भाव से सस्ता घरेलू सामान मुहैया कराना। सीपीसी कैंटीन के अस्तित्व में आने से पहले सुरक्षा बलों की यूनिट द्वारा सेना की सीएसडी कैंटीन से घरेलू उपयोग वाला सामान खरीदा जाता था। देश भर के विभिन्न राज्यों में तकरीबन 119 मास्टर कैंटीन व 1778 सीपीसी कैंटीन हैं। सीपीसी कैंटीन के सामान पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों को जीएसटी में कोई छूट नहीं मिलती। नतीजा, यहां से मिलने वाली वस्तुओं को अगर थोक भाव में कहीं से खरीदा जाता है, तो कैंटीन और बाजार की दरों में कोई फर्क नहीं रह जाता। एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह के मुताबिक, सीपीसी कैंटीन का नाम बदलकर केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2020 में वोकल फॉर लोकल का नारा दिया था। इसका असर सीपीसी कैंटीन पर देखने को मिला। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर 1 जून 2020 से केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार कैंटीनों में स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल पर जोर दिया गया। जीएसटी के लागू होने से पहले बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मणिपुर, मेघालय, हरियाणा, राजस्थान, झारखंड, तमिलनाडु, उड़ीसा व केरल आदि राज्यों द्वारा सीपीसी कैंटीन में मिलने वाली वस्तुओं पर वैल्यू एडेड टैक्स (वैट) की छूट दी गई थी। जीएसटी लागू होने के बाद रिलिफ के तौर पर, बजट में सहयोग करने की बात कही गई थी। इसके बाद कोई राहत नहीं मिली।

कैंटीनों के सामान पर जीएसटी लागू हो गया। कैंटीन के सामान पर जीएसटी छूट न मिलने के कारण लगभग 20 लाख पैरामिलिट्री परिवारों का घरेलू बजट गड़बड़ा गया है।

उल्टा पुल्टा

महिला : मेरा वेट कैसे कम होगा?
डॉक्टर : अपने गर्दन को दाएं बाएं हिलाएं।
महिला : किस समय?
डॉक्टर : जब कोई खाने को पूछे।

# दिल्ली देहात के किसानों का मुद्दा न्याय संकल्प सम्मेलन में उठाया जाएगा : कांग्रेस

### केंद्र पर लगाया दिल्ली के किसानों को नुकसान पहुंचाने का आरोप

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार ने अनाधिकृत रूप से लैंड रिफार्म बिल का उलंघन करके दिल्ली देहात के 19 गांवों की कृषि भूमि एक निजी कंपनी को अलॉट करके किसानों पर कुठाराघात कर रही है। इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी दिल्ली देहात के किसानों की लड़ाई में उनके साथ मजबूती खड़ी है। संवाददाता सम्मेलन कां संबोधित करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि 3 महीनों से अपने खेतों को बचाने के लिए धरने पर बैठे किसानों, महिलाओं व उनके परिवारजनों की लड़ाई को सड़कों पर उतरकर लड़ेगी। तीन काले कानूनों को किसानों पर थोपने का असफल प्रयास करके पंजाब और हरियाणा के किसानों को नुकसान पहुंचाने के बाद भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली के किसानों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के अलावा वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक मुकेश शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, किसान आंदोलन के संयोजक सतेन्द्र लोचव, कांग्रेस प्रवक्ता अनुज आत्रेय किसान नेता ब्रह्म प्रकाश, डॉ. शमशेर, राजेन्द्र, महेन्द्र, उस्मान प्रधान भी मौजूद थे। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़कर उनकी मदद की है और राहुल गांधी ने भूमि अधिग्रहण बिल लाकर किसानों के हितों को सुरक्षित किया था और भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के साथ मिलकर एक लम्बी लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी थी। उन्होंने कहा कि औंचदी गांव में धरने पर बैठे लोगां का बचाव करने की बजाय दिल्ली पुलिस और सरकार किसानों के खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद करने में प्राईवेट पावर प्लांट बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना कानूनी प्रक्रिया के सरकार हाई टेंशन तार लगवाने के बाद किसानों की जमीन औने पौने दामों में खरीदी जाएगी, जिसके लिए केंद्र और दिल्ली की सरकार जिम्मेदार है।



कांग्रेस ने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़कर उनकी मदद की है : अरविन्दर सिंह लवली

## रामलीला मैदान में न्याय संकल्प सम्मेलन आज

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि तीन फरवरी को गीता कालोनी, रामलीला मैदान में होने वाले न्याय संकल्प सम्मेलन में हमने किसान न्याय को भी एजेंडा बनाया है। कांग्रेस दिल्ली के 365 गांवों के किसानों के हितों की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और दिल्ली सरकार औचंदी सहित 19 गांवों के किसानों की कृषि की जमीन को हड़पने के लिए अडानी पावर के साथ मिलीभगत कर रही है। उन्होंने कहा कि निजी कंपनी के पावर प्लांट बनने से बिजली को मुनाफा कमाने के लिए दिल्ली व देश के लोगों महंगे दामों में बिजली को बेचा जाएगा। वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि 3 महीनों से किसानों के चल रहे आंदोलन को दिल्ली पुलिस और सरकारी अधिकारी कुचलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना कानून में बदलाव करके कृषि भूमि में एक ईंट भी लगाना कानूनी अपराध है, जबकि जेसीबी के द्वारा किसानों की खड़ी फसलों को नष्ट करने का काम सरकार की निगरानी में किया जा रहा है।

## इस बार भी दिल्ली के साथ हुआ सौतेला व्यवहार : आतिशी

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्र सरकार का अंतरिम बजट आज पेश किया गया। इस पर दिल्ली के वित्त मंत्री आतिशी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में कहा था कि वह प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां प्रदान करेंगे, लेकिन अभी तक एक करोड़ लोगों को भी नौकरी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आज एक ओर नया जुमला दिया है और वह है कि 55 लाख नौकरियां देंगे लेकिन सेंट्रल गवर्नमेंट में 10 लाख से ज्यादा पद अभी तक खाली पड़े हैं। आतिशी ने कहा कि दस वर्ष पहले भी उतनी महंगाई नहीं थी, जितनी इसकी मार आज है। मुद्रास्फीति को कम करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से दिल्ली को 15 हजार करोड़ रुपये मिलना चाहिए, लेकिन अब तक सिर्फ 1 हजार करोड़ ही दिया गया है। केंद्र सरकार दिल्ली के प्रति हमेशा सौतेला व्यवहार करती आई है और आज भी उसी ट्रेंड को फॉलो करती आ रही है।



## राजधानी दिल्ली को जल्द कूड़ा मुक्त बनाया जाएगा : मुकेश गोयल

### आप का पहला बजट सेनिटेशन व इंफ्रास्ट्रक्टर पर होगा केंद्रित



**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के बजट को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। इस बार का बजट साफ सफाई और इंफ्रास्ट्रक्टर पर केंद्रित होगा। निगमायुक्त की तरफ से सदन में पेश किए गए बजट में संशोधन कर नेता सदन मुकेश गोयल ने कट मोशन प्रस्ताव गुरुवार को निगम सचिव को सौंप दिए हैं। इस दौरान पार्षद प्रेम चौहान, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार चड्ढा, रविंद्र भारद्वाज, मोहिनी मौजूद रहीं। नेता सदन मुकेश गोयलय ने आज आम आदमी पार्टी के पार्षदों के साथ सिविक सेंटर में बैठक की।

इसमें पार्षदों की तरफ से नेता सदन को कट मोशन प्रस्ताव सौंपे गए, जिन्हें निगम सचिव को सौंप दिया गया है। कट मोशन प्रस्ताव सौंपने के बाद नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को दुनिया की सबसे बेहतरीन राजधानी बनाने की दिशा में कार्य चल रहा है। इसकी झलक आम आदमी पार्टी के निगम के पहले बजट में भी देखने को मिलेगी। पिछले 15 सालों में जो भाजपा नहीं कर पायी वह कार्य आम आदमी पार्टी की सरकार कर रही है। ऐसे कार्यों में बजट के बाद और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम का बजट आम आदमी का बजट होगा। इसमें हर वर्ग का ख्याल रखा जाएगा। इसी वजह से आम आदमी पार्टी ने बजट बनाने से पहले आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन सहित आम जनता की राय ली है। उनके सुझावों का बजट में ख्याल रखा जाएगा। आम आदमी पार्टी की सरकार का बजट सेनिटेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित होगा। कूड़े के पहाड़ों को खत्म किया जाएगा और दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाया जाएगा।

## सार संक्षेप

### राजधानी में तीन दिन तक सजेगा बागेश्वर धाम का दरबार

**नई दिल्ली।** राजधानी में अगले तीन दिन तक बाबा बागेश्वर धाम का दरबार सजेगा। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हनुमंत कथा का पाठ करेंगे। छठी मैया और मृदुल फाउंडेशन के सहयोग से पूर्वी दिल्ली में इसका आयोजन किया जाएगा। बुधवार को इसके उपलक्ष्य में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। यात्रा की शुरुआत चौथा पुस्ता करतार नगर यमुना खादर डीडीए के विशाल मैदान से हुई जो पांचवां पुस्ता गावड़ी रोड, अरविंद नगर चौधरी फतेह सिंह मार्ग, खड्डे वाली मस्जिद जगजीत नगर, तीसरा पुस्ता होते हुए वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई। कलश यात्रा का नेतृत्व सांसद मनोज तिवारी ने किया। इस मौके पर विश्व मांगल्य सभा दिल्ली प्रांत की अध्यक्ष सुरभि तिवारी गायत्री परिवार से जुड़े लोग मौजूद रहे। कलश यात्रा के समापन के बाद मनोज तिवारी ने कहा कि कलश यात्रा से क्षेत्र में सनातनी परंपरा का प्रचार सनातनवादी में जागरूकता और धर्मावलंबियों में धर्म के प्रति आस्था को विशेष बल मिला है। क्षेत्र के लाखों लोगों में हिंदू संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव दिखाई दिया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद हिंदू जनमानस में खुशी की लहर है।

### गणतंत्र दिवस पर भीड़ नहीं संभाल पाई दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** कुछ दिन पहले भगत सिंह क्लब के सदस्यों ने संसद में घुसकर दिल्ली पुलिस की सुरक्षा की पोल खोल दी थी। अब गणतंत्र दिवस पर दिल्ली पुलिस की एक और नाकामी सामने आई है। इस राष्ट्रीय उत्सव के दौरान भी पुलिस भीड़ को नहीं संभाल पाई। स्थानीय पुलिस ने दो मार्ग बंद कर दिए तो हालत और ज्यादा खराब हो गए। नतीजतन स्थानीय व ट्रैफिक पुलिस आमने-सामने आ गईं। बेकाबू हुए लोगों ने दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी। भीड़ को नहीं संभाल पाने के कारण देश के राष्ट्रपति के समधी समेत कई वीआईपी को मानसिंह मार्ग से समारोह स्थल तक पैदल जाना पड़ा। इसका खुलासा दिल्ली पुलिस द्वारा केंद्रीय गृहमंत्रालय को भेजी रिपोर्ट में हुआ है। गृहमंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस में शामिल होने के लिए काफी लोग आए थे। भीड़ को देखकर स्थानीय पुलिस ने कर्तव्यपथ स्थित समारोह की ओर जाने वाले मानसिंह मार्ग और मौलाना आजाद रोड को बेरिकेड लगाकर बंद कर दिया। इससे काफी संख्या में लोग बेरिकेड के पास एकत्रित हो गए और दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

### गैलेरिया वीएसबी की चित्रकला प्रदर्शनी का शानदार आगाज

**नई दिल्ली।** गैलेरिया वीएसबी अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ मना रही है। इस मौके पर जानी मानी ज्वेलरी डिजाइनर और गैलेरिया वीएसबी की क्यूरेटर वंदना भार्गव द्वारा दिल्ली में साकेत के स्कॉयर वन मॉल में तीसरी मंजिल पर स्थित गैलेरिया वीएसबी में जाने-माने 24 चित्रकारों की लगभग 55 पेंटिंग्स की प्रदर्शनी आयोजित की गई है। 29 जनवरी को इस प्रदर्शनी का स्पेशल प्रिव्यू था। दर्शकों के लिए यह खास प्रदर्शनी 31 जनवरी से नौ फरवरी 2024 की दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक खुली रहेगी। गैलेरिया वीएसबी की इस पेंटिंग प्रदर्शनी में 20वीं सदी के असाधारण चित्रकारों की कलाकृतियों पर प्रकाश डाला गया है, जिनकी अनूठी शैली और गहरी विषयगत खोजों ने भारतीय कला पर स्थायी प्रभाव छोड़ा है। उनके गहन कार्य तकनीकी प्रतिभा से परे हैं और समृद्ध आख्यानों और सांस्कृतिक गहराई को व्यक्त करते हैं। इस प्रदर्शनी की थीम 'टाइमलेस स्ट्रोक्स- द मास्टर्स' रखी गई है।

## देश को मजबूत करने के लिए मोदी सरकार को सहयोग करना जरूरी : अरोड़ा

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने गुरुवार को अपनी नई टीम की घोषणा की। दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने अपनी टीम में 15 उपाध्यक्ष, 15 सह सचिव, 1 महासचिव, 1 कोषाध्यक्ष मनोनीत किए हैं। आज उन्होंने अपनी निर्भया वुमेन टीम का पुनर्गठन किया है। उन्होंने कहा कि इन्द्रप्रस्थ संजीवनी आज एक संस्था नहीं, बल्कि एक संगठन बन चुका है, जिसमें 50 हजार से भी अधिक सदस्य दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर सामाजिक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्था देशहित में कार्य कर रही है। आज देश मोदी सरकार के नेतृत्व में



मजबूत हो रहा है और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में आज चाहे सामाजिक संगठन हो या संस्था उसे भी मोदी सरकार को मजबूत करने में अपना सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा, संस्था की इतनी बड़ी टीम बना कर कहीं ना कहीं मोदी सरकार को मजबूत करने का काम किया है। सामाजिक कार्यों के माध्यम से सरकार की योजनाओं को नीचे तक ले जाने में भी संस्था कार्य कर रही है। संस्था ने स्वच्छ भारत मिशन एवं नमामि गंगे योजना के समर्थन में अनगिनत कार्य किए हैं। स्वच्छता अभियान के तहत अभी हमने अयोध्या के मेयर से मिलकर अध्योध्याधाम में होर्डिंग लगाकर सार्वजनिक स्वच्छता की अपील की है। नमामि गंगे के तहत हम वाराणसी के अस्सी घाट पर रोजाना शाम को गंगा आरती से पहले श्रद्धालुओं को स्वच्छता की शपथ दिलाते हैं। इस कार्य को आज एक वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसके अलावा सरकार की अन्य योजनों जैसे उज्ज्वला योजना, विकसित भारत संकल्प आदि के तहत हम समय-समय पर कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करते हैं।

## दिल्ली पुलिस को 11,397.98 करोड़ रुपए आबंटित

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस को 2024-25 के अंतरिम बजट में 11,397.98 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वित्तवर्ष से 4.47 प्रतिशत कम है। केंद्रीय बजट 2023-24 में दिल्ली पुलिस को 11932.03 रुपए आबंटित किए गए थे। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में 2024-25 के लिए अंतरिम केंद्रीय बजट पेश किया। बजट के बाद एक बयान में दिल्ली पुलिस ने कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और लागू करने के लिए जिम्मेदार है। बयान में आगे कहा गया कि जिम्मेदारी में शहर में यातायात प्रबंधन भी शामिल है। यह प्रावधान नियमित खर्चों के साथ-साथ दिल्ली पुलिस द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं के लिए है, जैसे कि एनसीआर मेगा शहरों और मॉडल ट्रैफिक सिस्टम में यातायात और संचार नेटवर्क विकसित करना, संचार बुनियादी ढांचे का उन्नयन या विस्तार, प्रशिक्षण का उन्नयन, नवीनतम प्रौद्योगिकी को शामिल करना और यातायात सिग्नल आदि की स्थापना।

## राजधानी में बारिश के कारण हुआ जलभराव

- बसें ब्रेकडाउन होने से प्रभावित रहा यातायात
- लोगों को करना पड़ा समस्याओं का सामना

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर में हुई झमाझम बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की दर्जनों शिकायतें मिली है। दिल्ली ट्रैफिस पुलिस के मुताबिकि कई सड़कों पर जलभराव और कई जगहों पर जलभराव के कारण गाडियां खराब होने की शिकायतें मिली है।

जलभराव की मिली शिकायतों में रिंग रोड, हनुमान मंदिर, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, आउटर रिंग रोड, नेहरु प्लेस, हौज खास, चिराग दिल्ली फ्लाइओवर, तुगलकाबाद, खानपुर, हमदर्द टी-प्वॉइंट, एमबी रोड खानपुर, अंबेडकर नगर बस डिपो, तिगड़ी मोड़, चरण सिंह मार्ग, अप्सरा बार्डर, आनंद विहार, नई रोहतक रोड, नांगलोई, मुंडका, एचटीवी के नजदीक मेट्रो पीलर-460, रोहिणी मेट्रो स्टेशन, मधुवन चौक, राजधानी पार्क, मथुरा रोड, बदरपुर बार्डर, आश्रम, सरीता विहार, पीरागढी चौक, रजौरी गार्डन, पंजाबी बाग, वजीराबाद रोड, भोपुरा बार्ड, नंद नगरी डिपो, नजफगड रोड से टूंडा मंडी, साईं बाबा टेंपल समेत अन्य जगहें शामिल है।

इसके अलावा पीरागढ़ी और बेहरा एंक्लेव के बीच सडक़ पर गड्ढा होने, मधुबन चौक और पंजाबी बाग में डीटीसी और कल्स्टर की बस ब्रेकडाउन होने की शिकायतें मिली है, जिसके कारण यातायात प्रभावित रहा और लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।

## पीईसीयूसी ने युवाओं को तंबाकू से बचाने के लिए राष्ट्रीय वार्तालाप का किया आयोजन

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। पीपुल्स कल्चरल सेंटर (पीईसीयूसी) एक प्रसिद्ध गैर-सरकारी संगठन ने 'गठबंधन ऑफ



टोबैको फ्री ओडिशा' के सहयोग से डिप्टी स्पीकर हॉल, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, दिल्ली में युवाओं में तम्बाकू सेवन की बढ़ती समस्या को रोकने के एक महत्वपूर्ण प्रयास में भविष्य की सुरक्षा पर एक राष्ट्रीय वार्तालाप का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य, 'भविष्य की सुरक्षा: तंबाकू से युवाओं की रक्षा करना' विषय को लेकर युवा, राजदूतों, सिविल सोसायटी आर्गनाइजेशंस, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और संसद सदस्यों के बीच समावेशी सहयोग के लिए एक मंच प्रदान करना था। जिसके तहत युवा तंबाकू के उपयोग के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने, सुरक्षा और रोकथाम के लिए सर्वव्यापी रणनीति विकसित करना प्राथमिक उद्देश्य रखा गया था। प्रमुख ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रंजीत कर ने कैंसर और अन्य बीमारियों के साथ इसके संबंध पर प्रकाश डालते हुए तंबाकू से होने वाले महत्वपूर्ण नुकसान पर प्रकाश डाला, जो न केवल व्यक्तियों को प्रभावित करता है, बल्कि महिला में बांझपन से लेकर कार्डियक अरेस्ट तक सब कुछ प्रभावित करता है।

## दो लोगों पर चाकू से हमला, एक की मौत

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में निजी दुश्मनी को लेकर कथित तौर पर चार लोगों ने दो लोगों पर हमला बोल दिया। हमले में 19 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मृतक की पहचान उस्मानपुर निवासी मयंक चौधरी के रूप में हुई। घायल लव कुश (24) का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक गत गुरुवार रात 1:37 बजे जेपीसी अस्पताल से सूचना मिली कि अस्पताल में दो घायल लोग भर्ती हैं। पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) जॉय टिर्की ने कहा कि पुलिस की एक टीम अस्पताल के लिए रवाना की गई, जहां पता चला कि मयंक को मृत घोषित कर दिया गया है।

## अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली ने रखीं अपनी मांगें



**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। अपनी मांगों को लेकर हज़ारों कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों से मनरेगा में कार्य कर रहे मनरेगा कर्मियों को वेतनमान के साथ सरकारी सेवक घोषित किया जाए अथवा केंद्र/राज्यों के समकक्ष पदों पर समायोजित करने हेतु प्रावधान बनाते हुए गाइडलाइन जारी किया जाए। सरकारी कर्मचारी घोषित किए जाने तक तत्काल प्रभाव से कंटीन्जेंसीज मद से मानदेय के बजाय वेतन कोष का गठन कर अथवा कंटीन्जेंसीज को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए जिससे मनरेगा में कार्य करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों को 40000 न्यूनतम मानदेय नियमित भुगतान हेतु आदेश दिए जाएं।

इसी तरह अन्य पदों पर कार्य कर रहे कर्मियों का मानदेय निर्धारित कर भुगतान किया जाए। मनरेगा कर्मियों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी ग्रामीण योजनाओं के क्रियान्वयन में योगदान लिया जाए। पूरे देश में मनरेगा कर्मचारियों को उनके पदों के अनुसार एक समान वेतन दिया जाए अभी विभिन्न राज्यों में अलग-अलग मानदेय निर्धारित है जबकि सभी कर्मी मनरेगा के एक ही एक्ट के अंतर्गत काम कर रहे हैं।


**ISHAN INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY**
**Greater Noida**
(Affiliated to CCS University, Meerut)
**Vacancy for BBA & BCA Courses**
Post: Principal, Professor, Associate Professors, Assistant Professors, Computer Lab Incharge, Lab Technicians, Computer Engineer (Software/ H/w), Asst. Librarians, Marketing Executives, Admin Staffs
Qualifications:As per UGC/StateGovt./AICTE Norms
Salary: As per State Govt./AICTE/UGC Norms
Walk-in-interview/Apply within 7days by Post/Email/Hard Copy
Campus Address: Plot No. 2, K.P.1, Greater Noida-201310
Email: hr@ishan.ac, Website: iimt.ishan.ac Ph.: 0120-2334400 M: 9311617090



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 750/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 07.08.2023 के अनुसार मृतक स्व0 स्व0 शीशपाल पुत्र गंगू सिंह नि0 ग्राम चॉदपुर तहसील व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 20.04.2023 को हो चुकी है जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| चॉदपुर | 415 | स्व0 शीशपाल पुत्र गंगू नि0 ग्राम चॉदपुर तहसील व गौतमबुद्धनगर | श्रीमति किरेश | 67 वर्ष | पत्नी |
| | | | श्री धर्म सिंह | 43 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री सन्तु कुमार | 33 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री विक्रम | 28 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्रीमती कल्लो | 42 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती सन्तोष | 34 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया है।

| | | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम तथा उसका स्थान | दिल्ली डिवीजन में प्राथमिक रखरखाव वाली शताब्दी एक्सप्रेस और 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के सभी कोचों में प्रत्येक सीट पर खाद्य ट्रे के पीछे विज्ञापन रिटकर के प्रावधान के माध्यम से तीन (3) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार हेतु। | |
| रेलवे ट्रेनों का विवरण | निविदा सूचना | स्टेशन |
| | PublicitySTBFoodTray01-24 | दिल्ली डिवीजन में सभी शताब्दी और 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें |
| निविदा खुलने की तिथि | 21.02.2024 को 15:00 बजे तक | |
| कार्य की अनुमानित लागत | निविदा सूचना के अनुसार | |
| निविदा दस्तावेज मूल्य 18% जीएसटी सहित | निविदा सूचना के अनुसार | |
| धरोहर राशि | निविदा सूचना के अनुसार | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | https://ireps.gov.in/ | |

सं.: 7PUB/NR-DLI0COMM(PUB)/42/2023 Dated: 29.01.2024 328/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-नीलामी हेतु सूचना**
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर और पार्सल वान** (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई-नीलामी** मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है :

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 02.02.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12457 (F1, F2 & R1), 12572 (F1), 12918 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 15657 (F1), 19338 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 20958 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1), 22482 (F1) |
| 2. | 05.02.2024 को 10:30 बजे | 22168 (F1), 20473 (F1), 20409 (F1, 14731 (F1), 20473 (R1), 22950 (F1), 15060 (F1), 12066 (F1), 12428 (F1), 14731 (R1), 22168 (F2), 15060 (R1), 22986 (F1), 13430 (F2), 20488 (F1) |
| 3. | 06.02.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1), 22438 (F1) |
| 4. | 07.02.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर **प्रत्येक गाडी में** - 12226/12225, 12236/12235, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12488/12487, 14033/14034, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर **गाड़ी संख्या** : 22418/22417 |
| 5. | 09.02.2024 को 10:30 बजे | 12284 (F1), 14014 (F1), 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 & R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 22168 (R1), 22404 (F1), 22418 (F1), 22654 (F1) |
| 6. | 12.02.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12432 (F1), 12455 (F1), 14041 (F1), 14553 (F2), 15035 (F2), 22454 (F1, F2 & R1), 22461 (F1) |
| 7. | 13.02.2024 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12986 (F1), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 20502 (F1), 22806 (F1) |
| 8. | 14.02.2024 को 10:30 बजे | 12045 (F1), 12265 (F), 12754 (F1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14681 (F1), 20938 (F1 & R1), 22401 (F1) |
| 9. | 15.02.2024 को 10:30 बजे | 12463 (F1), 12584 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14212 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 14553 (R1) |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। 338/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

स्टार्ट अप्स को लेकर पीएम मोदी और सरकार का रुझान काफी सकारात्मक रहा है। पिछले वित्त वर्ष में करीब 22.5 लाख करोड़ का लोन दिया गया, जिनमें स्टार्ट अप्स, फंड ऑफ फंड आदि योजनाएं शामिल हैं। वित्त मंत्री ने सरकार के इस संकल्प को इस बजट में भी दोहराया है। सरकार के सहयोग से लगातार स्टार्ट अप्स न सिर्फ जीडीपी में सहयोग कर रहे हैं बल्कि रोजगार भी दे रहे हैं।

**निशांत कुमार, अर्दी ट्वीन्स सीईओ**

# रियल एस्टेट सेक्टर बोला, आने वाला समय होगा बेहतर

## कैपिटल एक्सपेंडिचर में 11 प्रतिशत बढ़ोतरी से विकास में आएगी तेजी, मिडिल क्लास हाउसिंग को मिलेगा बढ़ावा

**नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश किया। इस बजट भाषण में उन्होंने कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि कैपिटल एक्सपेंडिचर पर 11 प्रतिशत ज्यादा खर्च किया जाएगा। इस घोषणा के बाद रियल एस्टेट सेक्टर में बेहतरी की उम्मीद की जा रही है। इसके साथ ही बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ने से जहां एक ओर समृद्धि बढ़ेगी व आर्थिक संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, आवास व वाणिज्यिक रियल्टी दोनों क्षेत्रों को प्रोत्साहन मिलेगा।

क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष और गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ ने कहा कि अंतरिम बजट होने के नाते कोई बड़ी घोषणा सरकार की ओर से नहीं की गई है, हालांकि यह कहा गया है कि मिडिल क्लास की हाउसिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। यह बजट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने वाला और विकसित भारत की यात्रा वाला बजट है। करोड़ों लोग गरीबी रेखा से निकलकर बाहर आए हैं। आने वाले समय में इन लोगों को घरों की जरूरत होगी। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को लाभ होगा।









रतन हवेलिया, फाउंडर × चेयरमैन, हवेलिया ग्रुप

मध्यम आय वर्ग के नागरिकों के लिए घर की जरूरतें सबसे ज्यादा हैं और पूरे देश में किफायती घरों की कमी है। रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए यह एक निराशाजनक बजट रहा क्योंकि इसमें कोई सब्सिडियरी स्कीम योजनाओं की प्रस्तावना या गृह ऋण ब्याज में कटौती लाभ के लिए कोई उल्लेखनीय घोषणा नहीं की गई है जो आम तौर पर घर खरीदने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है।

एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर संजय शर्मा ने बताया कि कैपिटल एक्सपेंडिचर में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से निश्चित तौर पर विकास में तेजी आएगी। इनकम टैक्स स्लैब में बढ़ोतरी की उम्मीद थी लेकिन इसे सरकार ने स्थिर रखा है। ऐसे में साल 2023 की ही तर्ज पर इस साल भी रियल एस्टेट की ओर लोगों का रुख अच्छा रहने की उम्मीद है। नमो भारत को लेकर सरकार का रुख बेहद सकारात्मक है, ऐसे में इसका सीधा फायदा नोएडा, ग्रेटर नोएडा और अन्य शहरों को भी मिलेगा।

अर्दी ट्वीन्स के सीईओ निशांत कुमार ने कहा कि स्टार्ट अप्स को लेकर पीएम मोदी और सरकार का रुझान काफी सकारात्मक रहा है। पिछले वित्त वर्ष में करीब 22.5 लाख करोड़ का लोन दिया गया, जिनमें स्टार्ट अप्स, फंड ऑफ फंड आदि योजनाएं शामिल हैं। वित्त मंत्री ने सरकार के इस संकल्प को इस बजट में भी दोहराया है। सरकार के सहयोग से लगातार स्टार्ट अप्स न सिर्फ जीडीपी में सहयोग कर रहे हैं बल्कि रोजगार भी दे रहे हैं। इसके साथ ही सरकार ने स्टार्टअप्स को लेकर एक साल तक और टैक्स न देने की छूट दी है।

शिवेन विक्रम भाटिया, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, स्प्लेंडर ग्रुप ने कहा कि ऑफिस स्पेस और रिटेल प्रोजेक्ट्स की मांग में भी लगातार वृद्धि होगी। सीबीआरई की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में एनसीआर सहित आठ प्रमुख शहरों में शॉपिंग मॉल और हाई स्ट्रीट स्थानों पर रिटेल स्पेस लीजिंग गतिविधि में 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बजट ने राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने और विकास-उत्प्रेरक कारकों को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे के मानकों को ऊपर उठाने पर भी स्पष्ट महत्व दिया है।

अरविंद सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, क्रासा ग्रुप ने कहा कि अंतरिम बजट 2024 मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना, रूफटॉप सोलराइजेशन और पीएम आवास योजना के एक नए लक्ष्य की घोषणा की गई। अगले पांच वर्षों में 2 करोड़ घरों के निर्माण का ऐलान रियल एस्टेट सेक्टर को और भी मजबूती देगा। बजट में आधुनिक बुनियादी ढांचे और भौगोलिक समावेशित विचार को बरकरार रखा गया है, जिससे न केवल महानगरीय क्षेत्रों में बल्कि टियर 2 और 3 रियल्टी क्षेत्रों में भी विकास और व्यवस्थित प्रगति होगी।

दुष्यंत सिंह, डायरेक्टर, ओरायन 132 ने कहा कि आवास योजना घर और आधुनिक बुनियादी ढांचे के मानकों को ऊपर उठाना रियल एस्टेट के लिए एक सकारात्मक कदम है। इस बजट ने एक समतल जमीन तैयार की है जिससे कार्यालय हाउसिंग सेक्टर के साथ मिक्स्ड प्रोजेक्ट वाले आउटलेटों के अवशोषण में तेजी आएगी।

# कंस्ट्रक्शन सामग्री बनाने वाले उद्योगों को मिलेगा फायदा

## एनईए में उद्यमियों ने बजट पर की चर्चा



**नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन सेक्टर-6 में उद्यमियों ने सरकार द्वारा प्रस्तुत वार्षिक बजट को देखा एवं उस पर चर्चा की। एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह हमारे लिए प्रसन्नता का विषय है कि दुनिया में मंदी आने के बावजूद हमारी इकोनॉमी मजबूत है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार का पूरा ध्यान है। जैसे हाउसिंग सेक्टर में 2 करोड़ किफायती घर बनाने की योजना है। इससे विभिन्न उद्योगों जैसे सीमेंट, स्टील, प्लाईवुड, कंक्रीट और विनिमार्ण सामग्री के उद्योगों को तेज रफ्तार मिलेगी। 3 रेलवे के नए कॉरिडोर बनाने की योजना है। जिससे उद्योगों में बढ़ावे के साथ माल ढुलाई में सुविधा एवं किफायती होगी। अनुसंधान एवं विकास पर कम दरों एवं शून्य ब्याज से नए उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी और उद्योगों में प्रगति होगी। सोलर एवं ई-वाहनों पर सरकार का ध्यान है। जिससे विद्युत उत्पादन एवं उद्योगों में नए विर्निमाण को मदद मिलेगी। विगत वर्षों में सरकार ने डिजिटल इंडिया पर पूरा ध्यान दिया। जिसके परिणाम स्वरूप उद्योगों में बहुत सुविधा हो गई है और रिश्वत समाप्त होने के कगार पर है। आयकर में वर्ष 2010 से पहले की 25 हजार रुपए से कम की जो विवादित मांग लंबित थी। उसको माफ करके उद्योगों एवं विभाग के लिए बहुत ही सुविधाजनक काम किया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने वाला बजट है। देश के विकास एवं सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए अंतरिम बजट प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, महासचिव वीके सेठ, वरि उपाध्यक्ष राकेश कोहली, हरीश जोनेजा, धर्मवीर शर्मा, उपाध्यक्ष राजेन्द्र मोहन जिंदल, कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन, सचिव राहुल नैय्यर आदि मौजूद रहे।

# पीपीपी मॉडल संचालित किए जाएंगे 4 डॉग शेल्टर

## सीईओ ने की समीक्षा, सेक्टर-94 एनिमल शेल्टर का होगा जीर्णोद्धार

**नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की ओर से एनिमल शेल्टर सेक्टर-94 के संचालन की सीईओ लोकेश एम ने समीक्षा की। साथ ही नोएडा में बनाए गए चारो डॉग शेल्टर के संचालन के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर डीजीएम एसपी सिंह, परियोजना अभियंता आर के शर्मा के अलावा कंसलटेंट कंपनी मौजूद रही। बैठक में कंसलटेंट कंपनी की ओर से सेक्टर-94 एनिमल शेल्टर को लेकर एक प्रस्तुती दी गई। जिसमें एनिमल शेल्टर में शेड, भवन, आपरेशन थियेटर, भूसा गोदाम के दोबारा से निर्माण की जानकारी के साथ यहां ड्रेनेज, लाइटिंग व्यवस्था में कैसे सुधार लाया जा सकता है। इसके बारे में जानकारी दी गई। वहीं आल क्रियेचर्स ग्रेट एंड स्मॉल के प्रतिनिधि अंजली गोपालन ने बताया कि शैल्टर के सभी पशुओं में चिपिंग लगाई गई है। जिससे उनके इलाज, खान-पान व वार्षिक टीकाकरण का समय बद्ध तरीके से नियंत्रण किया जा सके। सीईओ ने बैठक में एनिमल शेल्टर में जानवरों और पक्षियों के समयानुसार इलाज, खान-पान व उनके नियमित जांच आदि का रिकार्ड देखा। निर्देश दिया कि प्रति सप्ताह इसकी रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। वहीं नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-34,50,93 व 135 में डॉग शेल्टर के स्ट्रे डॉग के एंटी रैबीज वैक्सीनेशन किए जाने के लिए बनाए गए है। इन शेल्टरों को चलाने के लिए दे एजेंसी जिसमें हाउस ऑफ स्ट्रे एनिमल्स के प्रतिनिधि संजय महापात्रा, वंसुधरा एनिमल वेलफेयर के ट्रस्ट के प्रतिनिधि गौरव धर ने अपना प्रेजेंटेशन दिया। अब इन शेल्टरों के संचालन के लिए अलग से ईओआई जारी की जाएगी। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण व सुविधाओं का निर्माण नोएडा प्राधिकरण की ओर से किया जाएगा।

जबकि इन डॉग शेल्टरों का संचालन कंपनी को सीएसआर फंड या पीपीपी मॉडल पर करना होगा। एजेंसी का चयन 3 साल के लिए किया जाएगा। इसके अलावा संतोषजनक जवाब मिलने पर ये बांड 2 साल में समाप्त कर दिया जाएगा।

# युवकों ने छात्रों को लाठी से पीटा , तोड़ा शीशा

**वीडियो वायरल, पुलिस ने दो आरोपियो को किया गिरफ्तार**

**नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कोतवाली सेक्टर-126 क्षेत्र में एलएलबी की पढ़ाई कर रहे दो छात्रों की चार युवकों द्वारा पिटाई का मामला सामने आया है। हालांकि ये घटना मंगलवार की है लेकिन इसका एक वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में दिख रहा है कि दो युवक हाथों में डंडा लिए कार के अंदर किसी को पीट रहे है। साथ ही कार का शीशा भी तोड़ रहे है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली के गांव पूठ खुर्द के सौरभ डबास ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि वह वर्तमान में एमिटी विश्वविद्यालय में बीएएलएलबी फोर्थ ईयर का छात्र है। 30 जनवरी की शाम करीब चार बजे वह दोस्त युग डागर के साथ कार से खाना खाने के लिए विश्वविद्यालय के गेट नंबर-पांच पर आए थे। जब वह वापस गेट नंबर चार पर जाने के लिए निकले तो एशियन ला कॉलेज के गेट के पास पहुंचे ही थे कि कुछ लड़के आ गए। उनके हाथों में डंडे थे। आरोप है कि उन लड़कों ने उनकी कार को घेर कर डंडों से कार के शीशे आदि तोड़ दिए।

# एक्सप्रेस वे की लिंक रोड को किया जाएगा चौड़ा

## रोजाना एक लाख वाहन चालकों को होगा फायादा

**नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा एक्सप्रेस-वे के रास्ते गुजरने वाले 1 लाख वाहनों को रोजाना सेक्टर-14 प्रवेश द्वार (चिल्ला बार्डर) से महामाया फ्लाई ओवर तक आने जाने में जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। ये दूरी करीब 4 किमी की है। दोनों तरफ का पैच करीब 8 किमी का है। यहां दोनों तरफ एक-एक लेन को बढ़ाया जाएगा। इसके तहत सेक्टर-14 ए व 15ए के बाहर बने फुटपाथ की चौड़ाई का कम किया जाएगा, जिससे सड़क की चौड़ाई को बढ़ाया जा सके।

सेक्टर-14 चिल्ला बार्डर से महामाया फ्लाई ओवर तक तीन तीन लेन की सड़क है, सड़क की चौड़ाई को कैसे बढ़ाया जाएगा। इसको लेकर प्राधिकरण कार्यालय में लगातार प्रयास किए जा रहे थे। पहले प्रपोजल में कंपनी में तीन ऑप्शन दिए थे। इसी में से लेन बढ़ाने वाले विकल्प को चुना गया है। टीपीए इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को कंसलटेंट के रूप में चयनित कर सड़क का सर्वे भी कराया गया, जिसमें समस्या से निजात के लिए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया।

इसमें स्पष्ट किया गया कि महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-14ए स्थित प्रवेश द्वार तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए फुटपाथ को खत्म कर और पेड़ों को हटाकर या शिफ्ट कर एक लेन को बढ़ाया जा सकता है, लेकिन सेक्टर-14ए स्थित प्रवेश द्वार से महामाया फ्लाईओवर तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए अधिकारियों को मशक्कत करनी पड़ रही थी। क्योंकि दूसरी तरफ जगह का विकल्प नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में सेक्टर-14ए और सेक्टर-15ए के बाहर सड़क किनारे साढ़े तीन मीटर चौड़ा फुटपाथ है, जो किसी काम में नहीं आ रहा था। इसे भी चौड़ीकरण में शामिल किया जाएगा।

**कहा-कहा लगता है जाम इसे समझे**

दिल्ली से डीएनडी होकर लूप के जरिए एक्सप्रेस वे पर जो ट्रैफिक जाता है। वो लूप से उतरते ही जाम का कारण बनता है। इसके अलावा सेक्टर-18 से दिल्ली जाने के लिए फ्लाईओवर से उतरते ही बॉटलनेक बनता है। वहीं दूसरी तरफ से एक्सप्रेस वे के जरिए ग्रेनो से आते समय सेक्टर-18 की ओर चढ़ने वाला लूप, दलित प्रेरणा स्थल के सामने आदि स्थान शामिल हैं। यहां अक्सर जाम की समस्या रहती है। जिसको दूर किया जाएगा।

**10 मिनट की दूरी तय करने में लग रहे 30 मिनट**

दिल्ली से यूपी के मुख्य शहर नोएडा, ग्रेटरनोएडा, आगरा, बुलंदशहर, लखनऊ तक जाने के लिए लोग चिल्ला बार्डर से सीधे महामाया फ्लाईओवर पार कर एक्सप्रेस-वे जाते है। चिल्ला बार्डर से एक्सप्रेस वे तक पहुंचने में उन्हें महज 10 मिनट का समय लगना चाहिए। लेकिन यहां बॉटलनेक के चलते 10 मिनट की दूरी तय करने में 30 मिनट तो कभी कभार एक घंटे तक लग रहे है। पीक आवर में यहां कई किलोमीटर लंबा जाम भी झेलना पड़ रहा है।

**लेन बढ़ाने में बाधक 2200 पेड़ हटेंगे या शिफ्ट होंगे**

सेक्टर-14ए प्रवेश द्वार से महामाया फ्लाई ओवर के नीचे तक चार-चार किलोमीटर सड़क के दोनों ओर एक एक लेन बनाई जाएगी लेकिन लेन बढ़ाने में छोटे व बड़े करीब 2200 पेड़ बाधक बन रहे है, जिन्हें सड़क किनारे से हटाया या शिफ्ट किया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गए है। जल्द ही वन विभाग से अनुमति लेकर इस कार्य को शुरू किया जाएगा।

# स्मार्ट वर्किंग से बनेगा शहर : नगर आयुक्त

## नगर आयुक्त ने इंदौर में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन, होम कंपोस्टिंग, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन तथा कचरा पृथक्करण प्रक्रिया का लिया जायजा

**गाजियाबाद,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इंदौर में चल रही चार दिवसीय कार्यशाला में गाजियाबाद शहर को पूर्णत: कचरा मुक्त करने की प्लानिंग पर विशेष रुचि लेते हुए प्रतिभाग किया है। ट्रेनिंग के अलावा नगर आयुक्त द्वारा इंदौर में किस प्रकार की कचरा निस्तारण की प्रक्रिया को वहां के शहर वासी अपना रहे हैं। ध्यान दिया गया इसी क्रम में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की मुहिम में भी हिस्सा लिया जिसमें कचरा पृथक्करण कार्रवाई को जाना तथा स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंच कर मशीनों तथा टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों को भी देखा चल रहे कार्यों की सरहाना की।

नगर आयुक्त ने जन समस्याओं के समाधान के विषय में भी विस्तृत जानकारी ली। जिसमें इंदौर के आई ट्रिपल सी सेंटर पर नगर आयुक्त पहुंचे अन्य टीम भी साथ में उपस्थिति रही एक ही स्थान से किस प्रकार निगम की प्रक्रिया पर नजर रखी जा रही है इंटीग्रेशन के कार्यों को देखा तथा प्रशंसा की, इंदौर में टीम पर्याप्त मात्रा में



है जिसका बहुत बड़ा लाभ इंदौर नगर निगम में अन्य विभागों को मिलता है उपकरणों की स्मार्ट वर्किंग जिनके माध्यम से कचरा निस्तारण में बेहतर कार्य किया जा रहा था प्रशंसा की गई। गाजियाबाद नगर निगम भी भारत में अच्छा स्थान प्राप्त करें इसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कई विशेष विषयों पर विचार किया जाएगा जिसमें जनप्रतिनिधियों की सलाह व सुझाव पर ध्यान देते हुए कर्मचारियों व टीम की संख्या की बढ़ोतरी भी की जाएगी तथा उपकरणों की स्मार्ट वर्किंग गाजियाबाद में भी व्यवस्थित हो विचार किया जाएगा।

# नवनियुक्त जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने संभाला जिले का चार्ज

## कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के साथ ही सुनी जन शिकायतें

**गाजियाबाद,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के नवनियुक्त जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को जिले का पदभार ग्रहण कर लिया। पहले ही दिन उन्होंने काम शुरू कर दिया। पहले उन्होंने कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया और फिर जनशिकायतें सुनी। वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी का पद भार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने बाद नव नियुक्त जिलाधिकारी महोदय इन्द्र विक्रम सिंह ने कार्यभार सम्भालते ही सम्पूर्ण कलेक्ट्रेट का जायजा लिया और सभी विभागों के अधिकारियों से परिचित होते हुए आदेश दिए की कार्यलयों में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि एक स्ववच्छ वातावरण में ही जागरूक सोच का विकास होता हैं और हमें अपने कार्य के प्रति नए-नए गुणवान विचार आते हैं। उन्होंने आदेश दिए कि सभी अधिकारी शासनादेश अनुसार, समय पर कार्यालय आए, समय से पूर्व ही सभी कार्यालय कार्य पूर्ण करें, साफ—सफाई






का विशेष ध्यान रखे, दिवारों पर अनावश्यक चीजें न लगायें, कार्यालय में अनावश्यक सामाग्री न रखे सहित अन्य चीजों का भी विशेष ध्यान रखे। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी महोदय ने जन शिकायतें सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को जल्द उनकी जांच कराने के निर्देश दिए और गुणवत्ता पूर्ण निराकरण के आदेश दिए। इसके बाद उन्होंने मीडिया से खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि जो शासन की प्राथमिकता है, वही उनकी भी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जिले में आगामी लोकसभा चुनावनिष्पक्ष कराने अलावा प्रदूषण को कम करने के लिए मानकों का अनुपालन करने, भूजल के स्तर में सुधार, ट्रैफिक, पार्किंग आदि को दुरुस्त करने के साथ मिलावटखोरों के सख्त करवाई करना उनकी प्राथमिकताओं में से होगी। मिलावट जिलाधिकारी म ने कहा कि शासनादेश का अनुसरण करते हुए देश-प्रदेश के विकास में सहयोग करते हुए जिला का विकास और जनसेवा के लिए प्रयत्नरत रहूंगा। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रयत्नशील रहूंगा। जन शिकायतों के निराकरण और जनसुविधाएं दिलाने के लिए हर समय तैयार रहूंगा। चुनावों को लेकर पूर्व के अधिकारियों द्वारा काफी तैयारियों की गई हैं उनका जायजा लेते हुए उन तैयारियों को और बेहतर करूंगा।

# निर्माणाधीन इमारत पर लगी शटरिंग गिरी

**बिजली का पोल और तार भी टूटे, तीन गाड़ियां हुई क्षतिग्रस्त**

**नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-104 में स्टर्लिंग मॉल के पास एक निर्माणाधीन साइट पर काम चल रहा था। इसमें ही शटरिंग लगी हुई थी। देर रात तेज बारिश होने की वजह से वहां मिट्टी नीचे दब गई। जिससे शटरिंग के कब्जे डिसबैलेंस हो गए। इस वजह से भरभराकर पूरी शटरिंग नीचे गिर गई। शटरिंग के पाइप वहां लगे बिजली के पोल और तार से टकराए। जिससे वो भी नीचे गिर गया। इस शटरिंग के नीचे 3 गाड़ियां भी आ गई। गनीमत थी गाड़ियों में कोई नहीं था। इसलिए किसी को चोट नहीं लगी। जानकारी मिलते थाना सेक्टर-39 पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से शटरिंग को सड़क किनारे किया गया। इसके बाद यातायात को खोला गया। वहीं बिजली पूरे सेक्टर में बिजली सप्लाई बाधित है। पोल और लाइन को दोनों को ठीक किया जा रहा है। एसीपी रजनीश ने बताया कि शटरिंग निर्माणाधीन साइट की है। यहां शो रूम बनाने का काम किया जा रहा है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# शौक : अपने बच्चों की तरह पालते बोनसाई

**■ 30 साल में छत पर उगा चुके हैं कई सौ बोनसाई ■ बोनसाई बनाना हमें धैर्य सिखाता है : भारती**





**गाजियाबाद,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। शौक इंसान को न केवल सुकून देता है बल्कि कई बार समाज में उसकी प्रतिष्ठा में सम्मान भी बढ़ाता है। बशर्ते वह व्यक्ति अपने शौक को शिद्दत के साथ पूरा करने की हिम्मत रखता है। ऐसा ही शौक है गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उद्यान अधिकारी शशि कुमार भारती को। अपने इस शौक को पूरा करने के लिए ड्यूटी से पहले और ड्यूटी के बाद सुबह और शाम अपने व्यस्ततम समय से करीब 2 घंटे का समय निकाल ही लेते हैं और अपनी छत पर ही बोनसाई पौधे तैयार करते हैं। वह नियमित रूप से अपने इस काम को पूरी शिद्दत से अंजाम देते हैं। जिसका नतीजा यह है कि आज उनके मकान की छत पर ही 35 से 40 प्रजातियों के बोनसाई पौधे सैकड़ो की तादाद में तैयार हो गए हैं। कई बोनसाई पेड़ों की उम्र तो 25 से 30 साल तक के बीच हो चुकी है। यदि बाजार में इनकी कीमत का अंदाजा लगाया जाए तो यह कीमत लाखों रुपए में बैठेगी। शशि कुमार भारती बताते हैं कि जब उन्होंने गोविंदपुरम में अपना मकान लिया था तो उन्होंने निर्णय लिया कि अपनी छत पर ही पेड़ पौधे उगाएंगे। ताकि उनका शौक भी पूरा हो सके और पर्यावरण भी बेहतर रह सके। उन्होंने शुरुआती दौर में बहुत कम पेड़ की बोनसाई शुरू की थी जो आज कई सौ पौधों में बदल चुकी है। उन्होंने बताया कि आज उनकी छत पर 35 प्रजातियों के बोनसाई पेड़ हैं। जिनमें पीपल, बरगद, कैंडल ट्रील, सेल्टिस, पापरा केन्था, करौंदा, जूनिप्रस्थ, कैथ, बॉक्सवुड, फाइकस, टाइगर बार्क,कदम, पिलखन, गूलर,फाइकस पांडा, बोगनबोलिया, जेट प्लांट, इमली, कल्पवृक्ष, बसेंड पत्ता, आड़ू, अमरूद, अंजीर, चीकू, वैक्समॉल पीडिया, गलेबरी आदि प्रजाति के बोनसाई उनके मकान की छत पर हैं। वह बताते हैं कि बोनसाई बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। इसके लिए वह कम से कम सुबह और शाम वह निश्चित रूप से एक-एक घंटे का समय देते हैं।

पौधे बनाने के लिए कटाई, छटाई व वायरिंग की जाती है। साथ ही प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में खाद और मिट्टी के साथ गमले बदले जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्य में पिछले 30 वर्षों से लगातार कर रहे हैं। नौकरी के व्यस्त कार्य से वह सुबह शाम घर पहुंचने के बाद अपने काम को अंजाम जरूर देते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य से उन्हें बेहद मानसिक सुकून भी मिलता है। वह कहते हैं कि सभी लोगों को इस तरह के शौक रखना चाहिए ताकि उन्हें मानसिक सुकून के साथ-साथ आसपास का पर्यावरण भी बेहतर बन सके।

# नोएडा में कल छाएगा कोहरा, 6 तक होगी बारिश

## पहाड़ों पर एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस बनी वजह, न्यूनतम तापमान में होगा इजाफा

**नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में बुधवार से रुक रुक कर तेज बारिश होने का सिलसिला जारी है। गुरुवार सुबह भी तेज बारिश हुई। इसके अलावा हवा की रफ्तार करीब 30 से 40 किमी प्रति घंटा है। कयास लगाए जा रहे है दोपहर में फिर से तेज बारिश हो सकती है। वहीं अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। ऐसे में लोगों को तेज ठंड से राहत मिलेगी। आईएमडी के मुताबिक पहाड़ों में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव है। इसका असर नोएडा और आसपास के इलाकों में देखने को मिल रहा है। इसका असर शाम तक या देररात ति रह सकता है। इसके बाद घना कोहरा छाएगा। यानी 2 फरवरी को पूरे दिन कोहरे और विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रहले की उम्मीद है। 3 फरवरी को एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहाड़ों में एक्टिव हो रहा है। इसका असर फिर से देखने को मिलेगा। ऐसे में 3 फरवरी से 5 फरवरी तक बारिश और घने बादल छाए रहेंगे। इसके बाद 7 फरवरी तक घना कोहरा छाएगा। इसके बाद ही मौसम खुलेगा और धूप निकलेगी। अच्छी बात ये है इस दौरान अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 से 10 डिग्री के बीच रहेगा। जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। फिलहाल सुबह से बारिश होने के चलते कई स्थानों पर यातायात जाम और बिजली सप्लाई बाधित होने की जानकारी है।

**बारिश से बिजली सप्लाई बाधित**

कई इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसमें कई सेक्टरों में रात में कई घंटों तक बिजली सप्लाई बाधित रही। इसमें सेक्टर-15,18, 19, 20, 22, 27,29,33,34,37, 40,41, 53, 55, 56,73,82,99 आदि सेक्टर जिसमें सप्लाई प्रभावित रही।

उवाच "

गांव तुस्याना प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे। वे कालोनी काट रहे थे। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन के मैनेजर मनोज कुमार के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने स्थानीय सुरक्षाकर्मियों के साथ गुरुवार सुबह मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ढहा दिया।

**हिमांशु वर्मा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ओएसडी**



# फिल्म सिटी के बाद हेरिटेज सिटी को धरातल पर लाने में जुटा यीडा

**ग्रेटर नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए जीरो प्वाइंट से 101 किमी पर बनाए जाने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के किनारे 735 एकड़ में विकसित होने वाली हेरिटेज सिटी की डीपीआर तैयार कर गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फिल्म सिटी के बाद हेरिटेज सिटी दूसरी महत्वाकांक्षी परियोजना है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण का सारा फोकस हेरिटेज सिटी को धरातल पर लाने की दिशा में युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया है। हेरिटेज सिटी में 5 नए गांवों को शामिल किया गया है। अब गांवों की संख्या 12 हो गई है। पीपीपी मॉडल पर विकसित होने वाली इस हेरिटेज सिटी में मथुरा- वृंदावन की कला संस्कृति के अलावा योगा केंद्र, प्राकृतिक चिकित्सालय, पार्क, कथावाचनालय आदि होंगे। बता दें कि पहले राया कट के पास से एक्सप्रेस वे बनाया जाना था, लेकिन आबादी होने की वजह से एलाइमेंट में परिवर्तन किया गया है।

यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते वृंदावन जाने वाले लोग आसानी से बांके बिहारी के दर्शन कर सके इसके लिए जीरो प्वाइंट से 101 व 102 किमी के बीच से वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर तक 6.9 किमी लंबे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाना है। 100 मीटर चौड़ा यह एक्सप्रेस वे प्रथम चरण में चार लेन का होगा। परामर्शदाता कंपनी सीबीआरई ने जो डीपीआर तैयार की है, उसके मुताबिक 12 गांवों की 735 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जाएगी। हेरिटेज सिटी को विकसित करने की लागत करीब 1220 करोड़ रुपए आएगी। हेरिटेज सिटी को लेकर जो परिकल्पना तैयार की गई है, उसमें कथावाचनालय, हाट बाजार, लाइट साउंड शो, हस्तशिल्प बाजार, आश्रम, घाट, वन, लेक एंड वाटरबॉडी, मथुरा कला ताथा संस्कृति, योगा केंद्र एंड प्राकृतिक चिकित्सालय, पार्क, ध्यानकेंद्र, धर्मशाला, चिकित्सालय आदि होंगे। वहीं हेरिटेज सिटी के अंतर्गत आने वाले गांवों का का विकास भी किया जाएगा।







| हेरिटेज सिटी में किस श्रेणी क्या होगा | क्षेत्रफल एकड़ में |
|---|---|
| थीम बेस्ड हेरिटेज सेंटर | 350 |
| योग, वेलनेस सेंटर, नेचुरोपैथी | 103 |
| ग्रीन पार्क – | 97 |
| टूरिस्ट ट्रैवल फैसिलिटी | 46 |
| कन्वेंशन सेंटर | 42 |
| आयुर्वेद | 35 |
| स्टार होटल | 26 |
| बजट होटल | 19. 60 |
| ओल्ड एज होम्स | 10 |
| सर्विस अपार्टमेंट | 6 |
| टूरिस्ट फैसिलिटी | 8.40 |

- हेरिटेज सिटी 12 गांवों की 735 एकड़ जमीन पर किया जाएगा विकसित, पांच नए गांव शामिल
- हेरिटेज सिटी में मथुरा- वृंदावन की कला संस्कृति के अलावा योगा केंद्र, प्राकृतिक चिकित्सालय, पार्क, कथावाचनालय होंगे

**हेरिटेज सिटी में आने वाले गांव**

अरूवा बांगर, अरूवा खादर, पिपरौली खादर, पिपरौली बांगर, भीम खादर, डांगरौली, पानीगांव खादर, चूरा हंसी, पानी गांव, दीवाना, पोखर छया, सौर।

# तुस्याना गांव में अवैध निर्माण पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

**ग्रेटर नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम तुस्याना की अधिसूचित जमीन पर बन रहे अवैध निर्माण को तोड़ दिया। प्राधिकरण की टीम ने करीब 40 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई है, जिसकी कीमत करीब 80 करोड़ रुपए होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव तुस्याना प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे। वे कालोनी काट रहे थे। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन के मैनेजर मनोज कुमार के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने स्थानीय सुरक्षाकर्मियों के साथ गुरुवार सुबह मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ढहा दिया। टीम ने करीब 40000 वर्ग मीटर जमीन मुक्त करा लिया है। 5 जेसीबी और एक डंफर का इस्तेमाल कर यह कार्रवाई की गई। ओएसडी ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने हर वर्क सर्किल को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।





- 40 हजार वर्ग मीटर एरिया पर बने अवैध निर्माण को तोड़ा
- कालोनाइजर अधिसूचित एरिया में बना रहे थे अवैध कालोनी

# फिल्म सिटी को लेकर कमेटी ऑफ सेक्रेट्रीज की बैठक 5 को

**ग्रेटर नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली फिल्म सिटी के लिए चयनित कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी का प्रस्ताव कमेटी ऑफ सेकेटरीज के समक्ष रखा जाएगा। पांच फरवरी को लखनऊ में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी ऑफसेक्रेट्रीज की बैठक होगी। इसमें यह प्रस्ताव रखा जाएगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि यहां से मुहर लगने के बाद इसे कैबिनेट में रखा जाएगा। कैबिनेट की हरी झंडी के बाद कंपनी के साथ अनुबंध हो जाएगा।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने डाढ़ा में छह प्रतिशत भूखंड के लिए पात्रता तय करने को लगाया शिविर

**ग्रेटर नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जमीन देने वाले डाढ़ा गांव के किसानों की छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। 50 से अधिक किसानों ने शिविर में आकर अपनी पात्रता निर्धारित करने से जुड़े दस्तावेज सौंपे। प्राधिकरण इनकी पात्रता तय करते हुए भूखंड आवंटित करेगा। अब दो फरवरी को सिरसा गांव में शिविर लगाया जाएगा। इसके साथ ही इस शिविर में एसआईटी जांच के बाद प्राप्त सही प्रकरणों में लीज बैक करने के लिए किसानों ने आवेदन किए।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित करता है और उसके एवज में प्राधिकरण की तरफ से कुल अधिग्रहित जमीन का 6 फीसदी हिस्सा विकसित करके किसानों को देता है। इसकी पात्रता तय करने के लिए किसानों को प्राधिकरण आना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने किसानों को सुविधा प्रदान करते हुए छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में ही शिविर लगाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में प्राधिकरण ने गुरुवार को डाढ़ा गांव में शिविर लगाया। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि भूलेख विभाग और परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 8 की टीम सुबह करीब 11 बजे से डाढ़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। टीम ने शिविर में आने वाले 50 से अधिक किसानों के छह फीसदी भूखंड के कागजात प्राप्त किए। शिविर में ही लीज बैक के सही प्रकरणों के आवेदन भी प्राप्त किए गए।

किसानों ने गांवों में ही शिविर लगाने के पहल की सराहना की है। इस शिविर में गांव से जुड़ी अन्य शिकायतों को भी सुना गया। उनको निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया है। इस शिविर में ओएसडी हिमांशु वर्मा के साथ ही ओएसडी रजनीकांत पांडेय, वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



- 50 से अधिक किसानों ने दिए कागजात, दो फरवरी को सिरसा में लगेगा शिविर

# एयरपोर्ट की बाउंड्री के भीतर मजदूरों का शोषण करने का आरोप



**जेवर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की बाउंड्री के अंदर मजदूरों का शोषण रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार भले ही निर्मार्ता कंपनी पर मजदूरों की संख्या बढ़ाकर समय से पहले एयरपोर्ट को शुरू किये जाने का लगातार दबाव बना रही हो लेकिन इस आपाधापी में कुछ ठेकेदार मजदूरों का शोषण कर उनसे बधवा मजदूरी कराने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे ठेकेदारों की वजह से जहां निर्माता कंपनी की बदनामी हो रही है वहीं मजदूर कुछ समय काम करने के बाद अपनी पेमेंट छोड़कर जाने को मजबूर हो रहे हैं। बता दें कि एयरपोर्ट के अंदर अर्थ फिलिंग का कार्य रही एक कंपनी में सुपरवाइजर समेत कुल 31 चालक कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि दो महीने पहले उन्होंने कंपनी में चालक के पद पर नौकरी की थी। कंपनी द्वारा आठ घंटे की डयूटी के 24 हजार रूपए प्रतिमाह वेतन तथा प्रत्येक रविवार को हाल्फ डे तथा प्रत्येक महीने की दस तारीख को भुगतान करने की कहकर सभी चालकों को काम पर रखा था। आरोप है कि दस तारीख को भुगतान न होने पर चालकों ने साइट पर स्थित कंपनी के कार्यालय में सम्पर्क किया जहां से उन्हें शीघ्र भुगतान की कहकर टरकाया जाता रहा। 25 फरवरी को चालकों ने काम बंद करने को कहा तो दो तीन दिन के अंदर भुगतान करने का आश्वासन दिया गया। कम्पनी द्वारा आश्वासन के बाद भी भुगतान न करने पर सभी चालकों ने एकजुट होकर 29 जनवरी को काम बंद कर दिया तथा समूह बनाकर अपने वाहनों के पास ही बैठ गये। जिससे आक्रोशित कंपनी के अधिकारियों द्वारा उन्हें वहां से भागने की धमकी दी जाने लगी। बुधवार रात को बारिश होने पर सभी चालकों ने वाहनों बैठकर सहारा लिया तो कंपनी के अधिकारियों द्वारा उनसे वाहनों की चाबी छीनकर बदसलूकी की गई तथा भीगंने के लिए मजबूर किया गया। गुरूवार को चालकों ने एकजुट होकर किशोरपुर गांव के समीप स्थित एयरपोर्ट के गेट पर प्रदर्शन किया। तथा सेलरी का भुगतान करने की मांग की।

# हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए जारी किया गया दिशा निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। हज पर जाने वाले समस्त हज यात्रियों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य हज हाउस समिति के द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया ने बताया कि हज कमेटी आफइण्डिया द्वारा सकुर्लर-6, 30 जनवरी, 2024 को जारी किया गया है, जिसमें हज-2024 के चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त रु 81,800/-की पे-इन-स्लिप, मूल अन्तरराष्ट्रीय पासपोर्ट मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र जमा करना आवश्यक हैं। चयनित हज यात्रियों को धनराशि ऑनलाइन अपने लॉग-इन आईडी से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग यूपीआई के माध्यम से जमा करने की सुविधा दी गई है। धनराशि हज कमेटी आफइण्डिया के स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफइण्डिया के खाते में भी जमा कर सकते हैं, जिसमें प्रत्येक कवर को जारी बैंक रेफ्रेंस नम्बर अंकित करना होगा। प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस भेजा गया है। प्रत्येक कवर के लॉग-इन आईडी पर आवेदन फार्म, डाउनलोड करने की सुविधा दी गई है। मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, पे-इन-स्लिप आदि वेबसाइट पर डाउनलोड की सुविधा उपलब्ध है। मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट सरकारी एलोपैथिक पद्धति के चिकित्सक द्वारा मान्य होगा। अन्य किस्तों के संबंध में हवाई जहाज का किराया निर्धारित होने पर सूचित किया जाएगा। प्रथम किस्त रु 81,800/- जमा करने की अन्तिम तिथि 09 फरवरी, 2024 व पे-इन-स्लिप, मूल अन्तरराष्ट्रीय पासपोर्ट मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र उप्र राज्य हज समिति में जमा करने की अन्तिम तिथि 12 फरवरी, 2024 निर्धारित की गयी है। हज पर जाने वाले हज आवेदकों हेतु सैय्यद फुरकान अली पुत्र सैय्यद मुबारक अली निवासी एच0 1212, जे.जे. कालोनी, सैक्टर-08, नोएडा, को हज ट्रेनर हेतु साक्षात्कार के बाद चयनित किया गया है।

# बैक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में शुरु होगा कैंसर वाह्य विभाग

**ग्रेटर नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। बैक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल के सभागार में 3 फरवरी को 'इन्टीग्रेटिव कैंसर सेमिनार' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश एवं विदेश से कैंसर विशेषज्ञ, विभिन्न प्रकार के कैंसर रोगों पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेगें। इस सेमिनार में डॉ. पूर्णिमा शुक्ला, (होम्योपैथिक कैंसर विशेषज्ञ), डॉ. संदीप सत्यदेव रॉय (एम.डी. कैंसर विशेषज्ञ), डॉ. जगदीश बसकरन (ऑनकोलोजिस्ट), डॉ. साराह मॉन्ज (ऐनेस्थेटोलोजिस्ट) अपनी प्रस्तुति देगें। इस दिन से बैक्सन मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल में 'इन्टीग्रेटिव कैंसर बाह्य रोग विभाग' का शुभ आरम्भ भी होगा, जिसमें कैंसर रोगी प्रतिदिन लाभार्थ होंगे। यह कार्यक्रम कॉलेज के संस्थापक डॉ. एस.पी.एस. बक्शी एवं डॉ. सी.पी. शर्मा (प्राचार्य) की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन सम्पन्न होगा।

# सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य के लिए जांच शिविर और ट्रेनिंग का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए प्राधिकरण की तरफ से प्रशिक्षण और जांच शिविर का आयोजन किया गया। करीब 50 स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य की जांच कराई और प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में सफाईकर्मियों को खुद के स्वास्थ्य की देखरेख करने के टिप्स दिए गए।

साथ ही गीला व सूखे कूड़े को सेग्रिगेट करने की भी सीख दी। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए शिविर व ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर 19 जनवरी, 22 जनवरी, 24 जनवरी, 27 जनवरी और फिर 31 जनवरी को प्राधिकरण तथा अलग-अलग संस्थाओं ने मिलकर शिविर लगाए। अंतिम शिविर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एचसीएल फाउंडेशन ने मिलकर आयोजित किया। एचसीएल फाउंडेशन की तरफ से नुक्कड़ नाटक कराया गया और पीपीई किट भी वितरित की गई। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है ग्रेटर नोएडा और यहां के नागरिकों को स्वस्थ रखने में सफाईकर्मियों का रोल सबसे अहम है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना, हम सभी की जिम्मेदारी है।



प्राधिकरण की पहल पर स्वास्थ्य शिविर लगाये गए। इस तरह के प्रयास आगे भी किए जाएंगे। इस शिविर के आयोजन के दौरान प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह, ओएसडी विशु राजा और वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह और ईएंडवाई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रिया

## टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं होने से आम लोग हुए मायूस

**ग्रेटर नोएडा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश किया, जिसको लेकर लोगों में मिलीजुली प्रतिक्रिया देखने को मिली, वहीं इस बजट से मध्यम वर्ग मायूस दिखा। मध्यम वर्ग को सरकार से अपेक्षा थी की टैक्स स्लैब में छूट मिल सकता है, जो सरकार के बजट में देखने को नहीं मिला। लोगों की प्रतिक्रिया रही की यह चुनावी बजट है, सरकार ने अपने कार्यों को गिनाया है, वही लोगों को आशा है कि अगर केन्द्र में दोबारा मोदी की सरकार बनेगी तो देश की आर्थिक प्रगति होगी।

### स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शिक्षा को लेकर जो बजट पेश किया है। युवाओं और छात्रों का इसका भरपूर लाभ मिलेगा। स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को कर में एक साल अतिरिक्त छूट से मिलने से अपना खुद का बिजनेस खोलने में आसानी होगी। युवा रोजगारदाता बन सकते हैं।

**-डॉ. सिबाराम खारा, वाइस चांसलर, शारदा यूनिवर्सिटी**

### निम्न वर्ग के लोगों को मिलेगा आसानी से इलाज

वित्तमंत्री ने अंतरिम बजट में देश में मेडिकल कॉलेजों को बढ़ाने की योजना से मेडिकल की पढ़ाई को और आसान बन जाएगा। मातृ शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया है। इसमें शिशु मृत्यु दर को कम करने और मातृ स्वास्थ्य को बढ़ावा जा सकेगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को भी कवर किया जाएगा। निम्न वर्ग के लोगों को आसानी से इलाज मिल जाएगा।



**-डॉ. भूपेश त्यागी, जनरल फिजिशियन, शारदा अस्पताल**

### महिला युवाओं और शिक्षा पर दिया गया ध्यान



अंतरिम बजट महिलाओं, युवाओं, और शिक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। योग्य डॉक्टर बनना कई युवाओं की महत्वाकांक्षा होती है, ऐसे में और ज्यादा मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

**डॉ. मयंक अग्रवाल, ( प्रबंध निदेशक आईआईएमटी कॉलेज समूह )**

### 2025 तक जीडीपी में 8 प्रतिशत तक हो सकती है बढ़ोत्तरी

यूनियन बजट 2024 को स्टेटस को मेन्टेन करके रखा गया है, जो पिछले साल के बजट में जो प्रावधान किए थे वही चलेगा, भारत ने पिछले दस सालों में जो प्रगति पर काम किया है, उसकी झलक देखने को मिली है। भारत एक सुदृढ़ देश है, आईएमएफ की रिपोर्ट में आया है जीडीपी ग्रोथ साढ़े छह प्रतिशत है, मेरा मानना है भारत की क्षमता है सात-साढ़े सात प्रतिशत 2024 में देखने को मिलेगा, इसी ग्रोथ से साथ अगर 2025 में मोदी सरकार आती है तो जीडीपी ग्रोथ 8 प्रतिशत तक देखने को मिल सकता है।



**-प्रो. डॉ. अमन अग्रवाल, डायरेक्टर फाइनेन्स इंडियन संस्थान, एक्जिक्यूटिव एडिटर फाइनेन्स इंडिया**

### मध्मय वर्ग के लिए आवास का मिलेगा लाभ

अंतरिम बजट भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम है, बजट की घोषणाएं से विकसित भारत की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री की ओर से घोषित मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना, वंचित वर्गों को घर खरीदने और बनाने वालों के लिए सशक्त बनाएगी। यह सरकार का प्रशंसनीय कदम है, जो सभी के लिए आवास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को स्थापित करता है। आज के बजट घोषणा से भारत की व्यापक-वित्तीय स्थिरता के बारे में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की सोच में भी सुधार होगा। इससे टियर 2 और 3 शहरों में तेजी से शहरीकरण और आवास विकास में तेजी आएगी, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा।



**-विकास जैन, डायरेक्टर सर्वोत्तम वर्ल्ड**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सालारपुर व ग्राम औरंगपुर उप जिलाधिकारी, सदर, द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1033/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 28.10.2023 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री हरकरन पुत्र श्री शीशराम निवासी ग्राम सालारपुर, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 11.12.2021 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सालारपुर | 398 417 | श्री हरकरन पुत्र श्री शीशराम निवासी ग्राम सालारपुर, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती ललिता देवी | पत्नी | 60 वर्ष | |
| | | | | श्री अनिल | पुत्र | 31 वर्ष | |
| | औरंगपुर | 717 | | श्री जसपाल सिंह नागर | पुत्र | 30 वर्ष | |
| | | | | श्री पवन नागर | पुत्र | 28 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी, सदर, से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1422/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 15.12.2022 के अनुसार मृतक स्व0 परशादी लाल शर्मा पुत्र डालचन्द शर्मा नि0 ग्राम नवादा, परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 18.06.2022 को हो चुकी है। जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 298 | 947M 955M | स्व0 परशादी लाल शर्मा पुत्र डालचन्द शर्मा नि0 ग्राम नवादा, परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमति किरन देवी | 73 वर्ष | पत्नी |
| | | | | श्री बृजमोहन शर्मा | 51 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री विजयपाल शर्मा | 46 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमति राजेन्द्री | 62 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमती सन्तोष शर्मा | 57 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमति गीता शर्मा | 40 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ०प्र०

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. A7-1602, 15th Floor, Tower-A7, Area-126.81, Nirala Aspire Plot No. Gh-03, Sector- 16, Greater Noida जो कि Sh. Hari Bilas Rai & Mrs. Bindu Mati Rai निवासी Flat No. A7-1602, 15th Floor, Tower-A7, Nirala Aspire Plot No. Gh-03, Sector 16, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-11.10.2018 को पंजीकृत है। Sh. Hari Bilas Rai की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Amit Kumar Rai S/o Late Sh. Hari Bilas Rai ने उक्त भूखण्ड / भवन में अपने पिता के भाग का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Amit Kumar Rai S/o Late Sh. Hari Bilas Rai का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ० वि० प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# राजनीतिक प्रतिशोध के नये शिकार हेमंत सोरेन

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने विरोधी दलों के नेताओं के प्रति दुर्भावना एवं राजनीतिक प्रतिशोध का खेल जारी रखते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आखिरकार बुधवार की रात अपनी जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट) के जरिये जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार करवा ही लिया। ईडी ने 10 दिनों के लिये उन्हें अपनी हिरासत में रखने की मांग की है। गिरफ्तारी की आशंका के चलते तेजी से घूमे राजनैतिक घटनाक्रम में श्री सोरेन ने उसके पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को इस्तीफा सौंप दिया था तथा सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक दल ने चंपई सोरेन को सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया। इस गिरफ्तारी को उसी नज़रिये से देखा जा रहा है जिसके अंतर्गत दिल्ली सरकार के तीन वरिष्ठ मंत्रियों व एक सांसद को महीनों से जेल में डालकर रखा गया है तथा वहां के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिर पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत देश के कई विपक्षी नेता ईडी के रडार पर हैं। मुख्यमंत्री पद पर रहते गिरफ्तार होने वाले वे पहले नेता हैं। उनके पिता शिबू सोरेन को भी 20 साल पहले गिरफ्तार किया गया था। हालांकि उन्होंने खुद कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था।

देश में जिस प्रकार से भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ अपनी तीनों जांच एजेंसियों द्वारा- आयकर व सीबीआई की अंधाधुंध छापेमारी करवा रही है तथा उन्हें जेलों में डलवाया जा रहा है, वह गम्भीर खतरों का संकेत है। इन एजेंसियों का इस्तेमाल भाजपा विरोधी सरकारों को गिराने के लिये करती है। अब साफ है कि हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसी छापेमारी से घबराकर इंडिया गठबन्धन का साथ छोड़ गये और उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में रहने में ही अपनी भलाई समझी। अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में बिहार पहुंचे राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि 'थोड़ा सा दबाव पड़ते ही नीतीश कुमार टूट गये।'

जो हो, इस गिरफ्तारी के खिलाफ जब यह कहकर रांची हाईकोर्ट ने सुनवाई नहीं की कि 'मामला तत्काल सुने जाने लायक नहीं है', वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी आदि सुप्रीम कोर्ट गये हैं। इस पर शीर्ष अदालत शुक्रवार को सुनवाई करेगी। इसके साथ ही एक बार फिर से भाजपा का अलोकतांत्रिक चेहरा सामने आया है। उसने पुन: साबित कर दिया है कि वह सत्ता पाने हेतु किसी भी हद तक जा सकती है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ऐसे वक्त पर हुई है जब केवल एक दिन पहले चंडीगढ़ के मेयर का निर्वाचन भाजपा ने विपक्षी वोटों को हथियाकर जीत लिया। केन्द्र सरकार द्वारा उस ईवीएम के जरिये ही मतदान कराने की बात पर अड़े रहना भी यही दर्शाता है कि भाजपा येन केन प्रकारेण हर चुनाव को जीतने पर आमादा है। यह गिरफ्तारी उसी कुचक्र की एक कड़ी है।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तार का असली मकसद वहां की सरकार को गिराना है। वहां जेएमएम के लगभग 47 विधायक हैं और भाजपा के पास करीब 33 हैं। अब भाजपा वहां सत्ता पक्ष के विधायकों को तोड़कर सरकार बनाने पर आमादा है। झारखंड जिस बिहार को विभाजित कर बनाया गया, वहां केवल तीन दिन पहले जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो व मुख्यमंत्री नीतीश ने राष्ट्रीय जनता दल से अलग होकर 6 घंटों के भीतर एनडीए के साथ नयी सरकार बना ली। झारखंड का आलम यह है कि चंपई सोरेन ने अपने साथ खड़े सभी 47 विधायकों की सूची राज्यपाल को सौंपी है। इसके बावजूद राज्यपाल ने बिहार के अपने समकक्ष राजेन्द्र अरलेकर जैसी तत्परता नहीं दिखाई। चंपई सोरेन को गुरुवार शाम 5.30 बजे मिलने का वक्त दिया गया है, लेकिन केवल 5 लोगों के साथ। उनके जल्दी शपथ लेने के आसार नहीं दिखते।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और राजभवन की अलसाई मुद्रा से राज्य में कुख्यात ऑपरेशन लोटस की गुंजाइशें बन रही हैं। भाजपा ने वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग शुरू कर दी है तो वहीं जेएमएम के विधायकों को डरा-धमकाकर या खरीद-फरोख्त के माध्यम से पाला बदलवाने की साजिशों से बचने के लिये उन्हें आंध्रप्रदेश ले जाने की खबरें हैं। देखना होगा कि राधाकृष्णन केन्द्र सरकार के जरिये भाजपा नेतृत्व के आदेशों का किस प्रकार पालन करते हैं। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए माना जा रहा है कि वहां इस कार्रवाई के माध्यम से एक और निर्वाचित राज्य सरकार को अस्थिर करने के निन्दनीय प्रयास हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा की तरह ही झारखंड भी खनिज संसाधनों से सम्पन्न प्रदेश है जिस पर केन्द्र पोषित कारोबारियों की नज़रें बताई जाती हैं। नवम्बर, 2023 में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित नतीजों के अंतर्गत छग में कांग्रेस सरकार जाती रही और वहां अब भाजपा काबिज है। हेमंत आदिवासी समुदाय से आते हैं और उनकी पार्टी जनजातीय समुदायों के हितों के साथ खड़ी है। जंगलों की बेरहम कटाई एवं खनिज पदार्थों के अंधाधुंध दोहन के खिलाफ खड़ी सोरेन सरकार को हटाए बिना भाजपा समर्थित कारोबारियों को यहां काम करना मुश्किल है। कहा जाता है कि हेमंत सोरेन इसलिये भाजपा की आंखों में चुभते हैं क्योंकि वे राज्य के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों आदि के हितों को लेकर किसी तरह का समझौता करते नज़र नहीं आ रहे हैं। देखना यह होगा कि उनकी गिरफ्तारी का हासिल भाजपा को क्या होता है। फिलहाल तो आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सहित कई विपक्षी नेताओं ने सोरेन के साथ एकजुटता दिखलाई है और पूरा इंडिया महागठबन्धन उनके साथ है। जो हो, अभिषेक मनु सिंघवी के शब्दों में कहें तो 'भाजपा का यह खेल घिनौना है।'

# ये भाजपा का आत्मविश्वास है या बदहवासी ?

हैरानी की बात नहीं है कि बिहार में नीतीश कुमार को एक और पल्टी खाकर, भाजपा को पिछले दरवाजे से एक बार फिर सत्ता में साझीदारी दिलाने के लिए राजी करने में कामयाब होने के बाद से, संघ-भाजपा के प्रचारकों और मोदी मीडिया ने 'अब की बार चार सौ पार' की दर्पोक्ति को और जोर-शोर से दुहराना शुरू कर दिया है। कहे-बिना कहे इशारा यही है कि मोदी-शाही के चुनाव में 'चार सौ पार' का आंकड़ा हासिल करने में अगर कोई कसर रही भी होगी, तो अब नीतीश कुमार के दोबारा भाजपा के पाले में आने से पूरी हो गयी है। लेकिन, नीतीश कुमार की पल्टी पर उत्साह के दिखावे की यह लहर, अभी थमी भी नहीं थी कि तब तक चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडिया से मुकाबले में 'भाजपा की जीत' का ढोल पीटना शुरू हो गया। कहे-बिना कहे इशारा यह है कि पार्षदों की संख्या में स्पष्ट बढ़त होने के बाद भी इंडिया को भाजपा ने हरा दिया यानी सिद्ध हो गया कि मोदी-शाही को तो चुनाव में जीतना ही जीतना है।

हैरानी की बात नहीं है कि भाजपा अध्यक्ष, जेपी नड्डा ने न सिर्फ 'मेयर का चुनाव जीतने के लिए चंडीगढ़ भाजपा को बधाइयां' दी हैं, उन्होंने इस जीत का श्रेय मोदी को देते हुए, इसका भी दावा किया है कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र शासित क्षेत्र ने रिकार्ड विकास किया है'; आशय यह कि भाजपा की यह जीत इसी विकास का जन-अनुमोदन है। यह दूसरी बात है कि इन दावों का सच्चाई से दूर-दूर तक कोई लेना-देना ही नहीं होने को चूंकि पूरी तरह से अनदेखा ही कर देना नड्डा के लिए भी संभव नहीं था, वह फौरन यह कहकर इसे भाजपा की 'जीत' साबित करने में लग गए कि, 'इंडिया गठबंधन का अपनी पहली ही चुनावी लड़ाई लड़ना और फिर भी भाजपा से हार जाना दिखाता है कि न तो उनका अंकगणित काम कर रहा है और न कैमिस्ट्री काम कर रही है।'

जाहिर है कि संघ-भाजपा के नेता चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में अपनी 'जीत' और 'इंडिया' गठबंधन की हार के दावों के जरिए, जिस तरह की चुनावी मनमानी को छुपाने की कोशिश कर रहे हैं, उसे विपक्ष के 'जनतंत्र की हत्या' कहने में शायद ही कोई अतिरंजना है। सोशल मीडिया में वाइरल हुए वीडियो में मेयर के चुनाव के लिए जिम्मेदार अधिकारी को साफ तौर पर डाले गए वोटों के साथ छेड़छाड़ करते, उन पर निशान लगाते हुए देखा जा सकता है। बाद में उसी चुनाव अधिकारी ने मनमाने तरीके से, इंडिया गठबंधन के बीस वोट में से आठ को 'अवैध' घोषित कर दिया और इसी आधार पर कुल छत्तीस में से सोलह वोट हासिल करने के बाद भी, भाजपा के उम्मीदवार को 'विजयी' घोषित कर दिया। पेंतीस सदस्यीय नगर परिषद में भाजपा के कुल 14 सदस्य हैं, जबकि आम आदमी पार्टी के 13 और कांग्रेस के 7 तथा शिरोमणि अकाली दल का एक पार्षद है। इस चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में, इस पार्टी के अपने पार्षदों के अलावा चंडीगढ़ की इकलौती लोकसभा सदस्य ने और अकाली दल के पार्षद ने भी वोट डाला था।

वैसे चंडीगढ़ नगर निगम पर अपना कब्जा बनाए रखने के लिए, भाजपा ने कोई पहली बार धांधली का सहारा नहीं लिया है। वास्तव में वर्तमान नगर परिषद के दो साल पहले हुए चुनाव में, इससे पहले तक इस नगर निगम पर काबिज भाजपा जब 12 सीटें हासिल कर दूसरे नंबर पर खिसक गई और 14 सीटों के साथ आम आदमी पार्टी पहले नंबर पर आ गई, जबकि 8 सीटों के साथ कांग्रेस तीसरे नंबर पर तथा अकाली दल एक सीट के साथ चौथे नंबर पर गए, तभी से मोदी-शाही का इस प्रकट अल्पमत को बहुमत में तब्दील करने का खेल शुरू हो गया। सबसे पहले, कांग्रेस के एक पार्षद से दल-बदल करा के उसे भाजपा के पाले में लाया गया। उसके बाद, 2022 के शुरू में हुए मेयर चुनाव में, आप के बराबर 14 वोट भाजपा के पक्ष में करने के बाद, आप के एक पार्षद का वोट किसी प्रकार फटा हुआ होने के नाम पर खारिज कर भाजपा के उम्मीदवार को जिताया गया था, जिसे हाई कोर्ट में आम आदमी पार्टी ने चुनौती भी दी थी।



राजेन्द्र शर्मा

> **जनतंत्र का अर्थ बहुमत का आदर करने वाली व्यवस्था है, न कि बहुमत को किसी तिकड़म से पीछे धकिया देने वाली व्यवस्था। यह दूसरी बात है कि मोदी-शाही ने किसी भी तिकड़म से प्रकट अल्पमत को बहुमत बनाने को भी न सिर्फ जनतंत्र में सामान्य बना दिया है बल्कि ऐसा करने को अपने लिए चाणक्य नीति आदि, आदि के रूप में बहुत गर्व का विषय भी बना दिया है।**

बहरहाल, इस बार इंडिया गठबंधन के सामने आने के बाद, चंडीगढ़ में मेयर और एक वरिष्ठ डिप्टी मेयर तथा एक डिप्टी मेयर के पद के लिए चुनाव पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सहमति हो गई। जहां पिछले चुनावों में कांग्रेस के सात बचे हुए पार्षदों के चुनाव का बहिष्कार करने के सहारे भाजपा का, एकाध वोट की अपेक्षाकृत छोटी हेरा-फेरी से ही काम चल जाता था, इस बार कुल छत्तीस वोट में से बीस वोट के खिलाफ 'जीत' हासिल करने के लिए, उसे सीधे-सीधे मेयर चुनाव को ही हाईजैक करना पड़ गया। इसी खेल के हिस्से के तौर पर विपक्ष के बीस में से आठ वोट खारिज कर दिए गए और इस तरह भाजपा उम्मीदवार के सोलह वोट को, उसके विरोधी के बीस वोट से गिनती में ज्यादा कर दिया गया और भाजपा उम्मीदवार को चार वोट से जिता दिया गया।

याद रहे कि 30 जनवरी को, महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर, खुलेआम जनतंत्र के अपहरण का यह खेल भी, मोदी-शाही को हाई कोर्ट के आदेश पर मजबूरी में खेलना पड़ा था। आप-कांग्रेस गठबंधन के चुनाव में उतरने के ऐलान के बाद, चुनाव की तारीख पर अचानक चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारी के अस्वस्थ हो जाने और 6 फरवरी को ही चुनाव कराए जाने की घोषणा कर दी गई। इसे विपक्ष द्वारा अदालत में चुनौती दिए जाने पर, हाई कोर्ट ने इस प्रकार चुनाव स्थगन को मनमाना घोषित करते हुए, 30 जनवरी को ही चुनाव कराने का आदेश दिया था। लेकिन, ऐसा लगता है कि इस बीच मोदी-शाही ने यह चुनाव कराने का जिम्मा एक ऐसे अधिकारी को सौंपे जाने का इंतजाम कर दिया, जो पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के अनुसार, 'भाजपा के अल्पसंख्यक विंग का पदाधिकारी' है। याद रहे कि विरोधियों के ज्यादा वोटों को भी गिनती में कम कर देने के लिए, किसी न किसी बहाने से थोक के हिसाब से विरोधी वोटों को 'अवैध' घोषित करने का यह खेल भी, मोदी राज में कोई पहली बार नहीं खेला गया है। इससे पहले, बगल में ही हरियाणा में राज्यसभा के एक चुनाव में, भाजपा समर्थित और अब प्राय-दीवालिया मीडिया मुगल, सुभाष चंद्रा को ठीक इसी तिकड़म से जिताया गया था। उस चुनाव में विधायकों की इससे भी बड़ी संख्या के वोट, किसी दूसरे ही पैन से निशान लगाए जाने का तकनीकी बहाना बनाकर, खारिज किए गए थे।

बहरहाल, अगर बहस के लिए हम चुनाव में खुली धांधली के सवाल छोड़ भी दें, तब भी इस तरह के चुनाव के जरिए भाजपा चंडीगढ़ कार्पोरेशन पर काबिज तो बनी रह सकती है, लेकिन वह इसे अपनी 'जीत' और जाहिर है कि इंडिया की 'हार' भी किस तर्क से कह सकती है? आखिरकार, उसके उम्मीदवार की इस तरह की 'जीत' के बाद भी, यह सच्चाई तो बदलने नहीं जा रही है कि चंडीगढ़ नगर परिषद में भाजपा, एकजुट विपक्ष से काफी पीछे है। किसी जनतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की 'जीत' को एक विकृति ही माना जाएगा न कि उसे ऐसी कामयाबी माना जाएगा, जिस पर कोई गाल बजा सके। आखिरकार, जनतंत्र का अर्थ बहुमत का आदर करने वाली व्यवस्था है, न कि बहुमत को किसी तिकड़म से पीछे धकिया देने वाली व्यवस्था। यह दूसरी बात है कि मोदी-शाही ने किसी भी तिकड़म से प्रकट अल्पमत को बहुमत बनाने को भी न सिर्फ जनतंत्र में सामान्य बना दिया है बल्कि ऐसा करने को अपने लिए चाणक्य नीति आदि, आदि के रूप में बहुत गर्व का विषय भी बना दिया है। चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में जीत पर भाजपा अध्यक्ष, जेपी नड्डा की बधाई, इसी सच्चाई को दिखाती है।

बेशक, इस तरह की तिकड़मों से हासिल होने वाली सत्ता को भी, तानाशाह मिजाज की कोई भी ताकत सत्ता के रूप में ही देखेगी और इसका इस्तेमाल और ज्यादा सत्ता अपने हाथ में केंद्रित करने के लिए ही करेगी। विधानसभाई चुनाव में हार के बाद गोवा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि, अनेकानेक राज्यों में सरकारें बनाने से लेकर अब, चंडीगढ़ के मेयर चुनाव तक, सत्ता के लिए किसी भी छल-कपट का सहारा लेने में न हिचकने का ही सबूत दिया है। किसी भी तरह से सत्ता हथियाने को अगर कोई सत्ताधारी अपने लिए जनता के अनुमोदन या जनतांत्रिक अनुमोदन के साक्ष्य के रूप में चलाने में कामयाब हो सकता है, तो यह जनतंत्र के सुनिश्चित विनाश की ओर ही ले जाएगा। और इमरजेंसी का अनुभव गवाह है कि भारत की जनता, किसी भी तानाशाह को आसानी से जनतंत्र का विनाश नहीं करने देगी।

इसीलिए, बिहार में नीतीश कुमार की पल्टी हो या अब, चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में 'खेला', इन्हें मोदी-शाही अपनी ताकत के सबूत के रूप में चलाने की चाहे कितनी ही कोशिश कर ले, इन से उनकी बढ़ती असुरक्षा झांक ही जाती है। कर्नाटक के लिए जनता दल सेकुलर नाम की पार्टी के साथ गठबंधन, पंजाब में अकाली दल को फिर से साथ लेने के लिए किए जाते इशारे, महाराष्ट्र में शिव सेना में विभाजन कराने के बाद, एनसीपी में फूट डलवाने का खेल और अब बिहार का खेला, इसी तरह की कोशिशों के हिस्से हैं। ये आत्मविश्वास के नहीं, बदहवासी के ही इशारे हैं! यह दूसरी बात है कि इस बदहवासी पर 'अति आत्मविश्वास' के स्वांग का पर्दा डाला रहा है और मीडिया पर लगभग मुकम्मल नियंत्रण, यह पर्दा डाले रखने का मुख्य साधन है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# जेल में बंद इमरान खान अब भी चुनौती

■ तीर्थंकर मित्र

8 फरवरी को पाकिस्तान में नयी संसद के चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव होंगे। लेकिन गणना के दिन तक की प्रक्रिया पिछले चुनावी अवसरों के समान उल्लेखनीय समानताओं और कुछ मतभेदों के साथ एक फीकी स्थिति बन गई है।

परिदृश्य में आये कुछ नये लोगों का मानना है कि यह अवसर चुनावी नतीजों की अनिश्चितता से जुड़ा है। दूसरी ओर, पारंपरिक ज्ञान ने परिवर्तन की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया है और महसूस किया है कि चुनाव परिणाम की भविष्यवाणी करना स्पष्ट रूप से बहुत आसान काम नहीं है, लेकिन वास्तव में यह पहले से ही ज्ञात है।

राजनीतिक दल चुनावी मैदान में हैं। कुछ पुराने लोगों के नये अवतार भी हैं। उनका नेतृत्व परिचित हस्तियों द्वारा किया जाता है, जबकि अन्य को दलबदलुओं द्वारा एक साथ मिला लिया गया है। एक राजनीतिक दल के प्रयासों को सीमित करने के लिए प्रतिष्ठान का हस्तक्षेप अतीत की नकल करता है। यदि इस बार पीटीआई है, तो पिछले चुनाव में यह पीएमएल-एन थी। चुनाव अभियान भी परिचित मुद्दाविहीन चरित्र धारण करता है।

अब बदलाव का समय महसूस किया जा रहा है। चुनाव पाकिस्तान के अब तक के सबसे गंभीर आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में हो रहे हैं। जनसंख्या, जिसमें मतदाता भी शामिल हैं, पहले से कहीं अधिक बदतर स्थिति में हैं क्योंकि जीवनयापन की लागत में वृद्धि, बेरोजगारी और गरीबी का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

बिजली की कमी ने स्थिति और खराब कर दी है। यह जानने के लिए कि मतदाता अपनी आर्थिक दुर्दशा का श्रेय किसे देते हैं, मतपेटी की लड़ाई के नतीजे का इंतजार है। पाकिस्तान में किसी भी चुनाव से पहले ध्रुवीकृत राजनीतिक माहौल कोई नई बात नहीं है। लेकिन आज इसकी सीमा अभूतपूर्व रूप से लोगों और समाज को पक्षपातपूर्ण आधार पर विभाजित कर रही है, जिससे राजनीतिक विरोधियों के प्रति सहिष्णुता पिछले चुनाव की तुलना में कम हो गई है।

राजनीतिक चर्चाओं में एक जहरीले इंजेक्शन के बाद बहस को कमजोर कर दिया गया है। चुनाव प्रचार धीमे स्वर में चल रहा है, जो पाकिस्तान में पिछले चुनावों के उत्सवी मूड के विपरीत है।

गैलप और गिलानी के जनमत सर्वेक्षण के अनुसार, 40प्रतिशत से अधिक पाकिस्तानियों ने अपने पड़ोस में गायब बैनर और पोस्टरों की ओर इशारा किया है। घर-घर अभियान में पार्टी के उम्मीदवारों द्वारा पांच में से केवल एक का प्रचार किया गया है।

युवा मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो देश की जनसंख्या संरचना का प्रतिबिंब है। 2018 में 460 लाख से अधिक की तुलना में युवा मतदाताओं की संख्या बढ़कर 570 लाख हो गई है। तकनीक प्रेमी होने के कारण, युवा मतदाताओं द्वारा उन पार्टियों का समर्थन करने की संभावना है जो सोशल मीडिया अभियानों में सबसे अधिक कुशल हैं।

ऐसा लगता है कि सोशल मीडिया अभियान आजकल आम बात हो गई है, जिसमें पीटीआई अभियान दूसरों से आगे बढ़ गया है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा चुनाव चिह्न देने से इनकार करने के कारण पीटीआई के उम्मीदवारों ने अपरीक्षित प्रचार तरीकों को अपना लिया है, जिनकी प्रभावशीलता चुनाव के बाद देखी जायेगी।

पीटीआई के एआई संचालित अभियान पर अधिकारियों की प्रतिक्रिया समय-समय पर सोशल मीडिया को बंद करना है। इसलिए चुनावों से पहले एक तरह की सेंसरशिप लगाई जा रही है, एक ऐसी प्रथा जिसके लिए निकट और दूर के देशों में भी समर्थक मिलने की संभावना है। ऑर्केस्ट्रेटेड इंटरनेट 'आक्रोश' को तकनीकी कारणों से जिम्मेदार ठहराया जाता है। नीतिगत मुद्दों की कमी अतीत से जुड़ी हुई लगती है।

> **भारत में, यह देखा गया है कि एक प्रधानमंत्री की हत्या या उन्हें अन्याय का शिकार बनाने पर उत्पन्न सहानुभूति के कारण मतदाताओं की एक बड़ी संख्या उनकी पार्टी या वारिस को समर्थन देते हैं। यह देखना बाकी है कि क्या पाकिस्तान में मतदाता खेल के क्षेत्र में देश को बार-बार गौरवान्वित करने वाले व्यक्ति की कारावास के फैसले पर इसी तरह प्रतिक्रिया देते हैं या नहीं।**

अतीत से हटकर, राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में पहले से कहीं अधिक संख्या में निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे हैं। यह पाकिस्तान के चुनावी इतिहास में सबसे अधिक है जहां 266 सामान्य नेशनल असेंबली सीटों के लिए 3205 उम्मीदवार मैदान में हैं।

प्रांतीय विधानसभाओं में उनकी आधी सीटों के लिए 8000 से अधिक उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। स्वतंत्र उम्मीदवारों की अधिक संख्या के पीछे का कारण संभवत: पीटीआई उम्मीदवारों को प्रतीक चिन्ह नहीं दिया जाना है।

उल्लेखनीय है कि निर्दलीय बिना किसी कानूनी बाध्यता के किसी भी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। यह एक महत्वपूर्ण कारक है क्योंकि किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलने की संभावना नहीं है और गठबंधन सरकार के लिए सहयोगियों की आवश्यकता होगी। अब सिफर मामले में इमरान खान को 10 साल की सजा का फैसला आया है। यह तीन साल की जेल की सजा के अलावा है जो 71 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री पहले ही काट रहे हैं।

भारत में, यह देखा गया है कि एक प्रधानमंत्री की हत्या या उन्हें अन्याय का शिकार बनाने पर उत्पन्न सहानुभूति के कारण मतदाताओं की एक बड़ी संख्या उनकी पार्टी या वारिस को समर्थन देते हैं। यह देखना बाकी है कि क्या पाकिस्तान में मतदाता खेल के क्षेत्र में देश को बार-बार गौरवान्वित करने वाले व्यक्ति की कारावास के फैसले पर इसी तरह प्रतिक्रिया देते हैं या नहीं।

## पावन प्रसंग

# आत्मज्ञान ही मुक्ति का मार्ग

एक व्यापारी सुदूर देश में अच्छी नस्ल के घोड़े खरीद कर अपने गंतव्य की ओर जा रहा था, पर रात हो जाने के कारण वह एक बगीचे में ठहर गया और उन घोड़ों को वृक्ष की टहनियों से रस्सी के सहारे बांधने लगा, पर संयोग से एक रस्सी कम पड़ गई। इस प्रकार एक घोड़े को छोड़कर सभी घोड़े रस्सी में बंध चुके थे। अब वह व्यापारी चिंतित हुआ कि रस्सी में बंधा न होने के कारण कहीं वह घोड़ा भाग न जाए। संयोग से उसी बगीचे में रात्रि विश्राम के लिए एक संतप्रवर भी वहीं ठहरे हुए थे। उस व्यापारी को परेशान देख संत ने उस व्यापारी से पूछा- भला तुम क्यों परेशान हो? आधी रात होने को आ गई और अब तक तुम सोए नहीं। आखिर बात क्या है? वह व्यापारी बोला-महात्मन, मैंने अपने सभी घोड़ों को तो बांध दिया है पर एक घोड़े को रस्सी के अभाव में अभी तक बांध नहीं सका हूं। इसलिए मुझे चिंता है कि यह घोड़ा कहीं भाग न जाए।

संत प्रवर बोले- तुम घोड़े को भी उसी तरह बांध दो, जैसे अन्य घोड़ों को बांधे हो। वह बोला- पर महात्मन रस्सी तो बची ही नहीं है, फिर इस घोड़े को अन्य घोड़ों की तरह मैं कैसे बांधू? यदि रस्सी होती तो मैं इसे कब का बांध चुका होता। संत प्रवर बोले - रस्सी नहीं है तो क्या हुआ, तुम उस घोड़े को कल्पना की रस्सी से बांध दो। तुम अब उस घोड़े केपास जाकर उसे बिना रस्सी के ही बांधने का अभिनय करो। व्यापारी ने वैसा ही किया। ऐसा करते ही वह घोड़ा अन्य बंधे हुए घोड़ों की तरह बैठ गया। उसने मान लिया कि अब मैं भी रस्सी से बंध चुका हूं।

सुबह हुई तो व्यापारी ने देखा कि वह घोड़ा वहीं बैठा है। चलते समय उस व्यापारी ने सभी घोड़ों को खोला तो वह घोड़े खड़े हो गए, पर वह घोड़ा जिसे रस्सी के अभाव में काल्पनिक रस्सी से बांधने का अभिनय किया गया था-वह नहीं उठा। व्यापारी उसे उठाने के लिए मारने लगा। तभी संत प्रवर वहां आए और बोले- अरे यह तुम क्या कर रहे हो? तुम इसे क्यों मार रहे हो? क्योंकि वह उठ नहीं रहा महात्मन। व्यापारी ने कहा। तब संत प्रवर बोले- अरे तुमने इसे रात्रि में बांधा था, जब तक इसे खोलोगे नहीं तब तक यह उठेगा कैसे? इस पर व्यापारी ने कहा- महात्मन मैंने इसे असलियत में थोड़े ही बांधा था। मैंने तो आपके कहे अनुसार बिना रस्सी के ही इसे काल्पनिक रस्सी से बांधने का नाटक भर किया था। इस पर संतप्रवर ने कहा- जैसे रात्रि में तुमने इसे बिना रस्सी के ही बांधने का नाटक किया था वैसे ही अब इसे खोलने का नाटक-अभिनय भी करो। व्यापारी ने वैसा ही किया।

उस घोड़े के पास जाकर जैसे ही उसके गले में बंधी काल्पनिक रस्सी को खोलने का नाटक किया, वैसे ही वह घोड़ा उठ खड़ा हुआ। तब संत बोले- इस घोड़े को यह नहीं पता था कि वह किसी काल्पनिक रस्सी से बंधा है। वह तो स्वयं को किसी वास्तविक रस्सी से बंधा हुआ माने बैठा था इसलिए रस्सी खोलने का नाटक करते ही वह उठ खड़ा हुआ, क्योंकि उसने मान लिया कि अब मेरी रस्सी खोली जा चुकी है। वह व्यापारी अपने घोड़ों को लेकर अपने गंतव्य की ओर चल पड़ा। सुबह वहां पहुंचे उसके कई कर्मचारी भी उन सभी घोड़ों पर सवार हुए। व्यापारी भी उस आखिरी घोड़े पर सवार हुआ। व्यापारी के सवार होते ही वह घोड़ा, जो रात्रि में काल्पनिक रस्सी में बांधा गया था, अब वायु की गति से उड़ान भरने लगा और कुछ ही देर में व्यापारी अपने गंतव्य पर पहुंच गया।

काल्पनिक रस्सी से बंधे हुए घोड़े का स्वयं को बंधा हुआ मानकर निष्क्रिय बैठे रहना और काल्पनिक रस्सी को असली रस्सी की तरह खोले जाने के नाटक को बंधनमुक्त मानकर खड़े होना और अगले ही पल अपनी द्रुत गति से हवा से बातें करने लग जाना आदि हमें यह बोध कराता है कि जैसे वह घोड़ा बिना रस्सी के बंधा हुआ मान रहा था वैसे ही हम भी अपने आप को आत्मा के बजाय शरीर मान लेने के कारण माया, मोह, आसक्ति, स्मृति, संस्कार की रस्सियों से बंधा हुआ मानते हैं।

परमात्मा का अंश आत्मा होने के बावजूद भी बंधन में बंधा हुआ मानते हैं। यह सच है कि हमने अपने पूर्वजन्म में जो भी अच्छे-बुरे, पाप-पुण्य, शुभ-अशुभ कर्म किए हैं उनकी स्मृतियां उनके संस्कार हमारे अचेतन में अंकित हैं, हमारे चित्त में अंकित हैं। हमारे मन पर हावी है। वर्तमान जीवन में भी हम फलासक्ति और कर्तापन की भावना से अच्छे -बुरे जो भी कर्म कर रहे हैं, वे भी हमारे चित्त में नित नए संस्कार सृजित कर रहे हैं। वे सभी स्मृतियां, आसक्तियां ही वे रस्सियां हैं जिनसे हम स्वयं को बंधा हुआ मानते हैं, पर यहां प्रश्न यह है कि जीव ब्रह्म का अंश है, जो जीवात्मा परमात्मा का सनातन का अंश है। ये स्मृतियों,आसक्तियों की रस्सियां हमें तभी तक बांधे रह सकती हैं जब तक हमें आत्मबोध का ज्ञान नहीं हो जाता।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# टूटती सांस को ऑक्सीजन दे रही सर्वेश्वरदास हॉकी

यूनान -ओ -मिस्त्र -ओ -रूमा,सब मिट गए जहां से,

अब तक मगर है बाकी, नाम-ओ निशा हमारा।

कवि इकबाल की इन ऊर्जावान लाइनों के साथ महंत राजा सर्वेश्वरदास हॉकी प्रतियोगिता के आयोजकों को साधुवाद देना चाहता हूं। जब-जब दिसंबर के महीने में मेरे अपने शहर में हॉकी का मेला लगता है, तब तब मेरा खेल प्रेमी मन कुलांचे भरने लगता है। मुझे बड़े गर्व का अनुभव होता है जब मैं महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में जुटे शहर के हॉकी प्रेमियों के उत्साह को प्रत्यक्ष देखा हूं। हालांकि वर्तमान में देश भर में हॉकी प्रतियोगिताओं की टूटती सांस से मैं दुखी भी हो जाता हूं, किंतु फिर मेरे अपने शहर की शतक की ओर बढ़ रही हॉकी परंपरा मुझे आशा बंधाने लगती है। कैसी भी परिस्थिति हो जिला प्रशासन और जिला हॉकी संघ के ऊर्जावान लोगों ने हॉकी को जीवित रखा है। एक वह समय भी था जब इस प्रतियोगिता की शुरुआत म्युनिसिपल स्कूल के चट मैदान में खिलाड़ियों के कुंभ के आयोजन को त्यौहार रूप में प्रदर्शित करती प्रतीत होती थी। तब न खिलाड़ियों के नखरे थे और न ही दर्शकों की कमी। म्युनिसिपल स्कूल सहित उस मैदान में संचालित शालाओं के कमरों में प्रसन्नतापूर्वक आगंतुक टीमें निवास किया करती थीं! दर्शक तो मानो ऐसे उमड़ा करते थे जैसे वे कुंभ में स्नान कर खुद को तृप्त करना चाहते हों। उस वक्त केवल खेल का उत्साह सराहा जाता था आलोचनाओं के लिए कोई स्थान नहीं था। आज विपरीत परिस्थितियों में कराई जा रही प्रतियोगिता के लिए सद्विचारों की कमी है। प्रतियोगिता की कमियां ही लोगों द्वारा गिनाई जा रही हैं, जो आयोजकों को कहीं न कहीं निराश करती नजर आती हैं।

महंत सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता के संदर्भ में मैं यही कहना चाहता हूं कि यह आयोजन 1941 में शुरू होने के साथ कुछ परेशानियों के चलते कुछ वर्ष नहीं हो पाया। इस वर्ष आयोजन का 80वां वर्ष है। 1941 से लें तो इसे इस वक्त 84 वें आयोजन से जुड़ना था। 2 वर्ष कोरोना काल और 2 वर्ष कुछ अन्य कारणों से यह नहीं हो पाया।

महंत राजा सर्वेश्वरदास हॉकी प्रतियोगिता को मैंने भी दिग्विजय स्टेडियम के प्राकृतिक घास पर खेला है। अब यह एस्ट्रो टर्फ पर खेली जा रही है क्या यह हमारे लिए गौरवशाली बात नहीं होनी चाहिए? राजनांदगांव की हॉकी को चट मैदान पर स्वयं अशोक ध्यानचंद सहित अनेक विश्व स्तरीय खिलाड़ियों ने म्युनिसिपल स्कूल मैदान में खेला है। हमारे लिए गर्व का विषय होना चाहिए। मैं हॉकी की तुलना आज के अंग्रेजी क्रिकेट से नहीं करना चाहता, जिसमें रोमांच केवल सट्टे के उद्देश्य से पैदा किया गया है। हॉकी की आलोचना के साथ महंत राजा सर्वेश्वर दास हॉकी को नकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वालों से पूछना चाहता हूं कि क्या आज तक हमने कोई अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी क्रिकेट के क्षेत्र में पैदा किया है? जहां तक हॉकी की बात करें हम इसमें सफल रहे हैं! मेरे लिखने का कारण केवल यह है कि अपने राष्ट्रीय खेल के रूप में हॉकी को स्वीकार कर रहे भारतीयों के मन मे तरक्की का विचार जन्म क्यों नही ले रहा है? क्या हम सरकार से ऐसे नामचीन टूर्नामेंट की आर्थिक सहायता के लिए विद्रोही स्वर ऊंचा नहीं कर सकते?

**सूर्यकांत मिश्रा**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## जापान, अमेरिका ने किया संयुक्त समुद्री अभ्यास

**टोक्यो।** जापानी समुद्री आत्मरक्षा बल और अमेरिका की नौसेना ओकिनावा द्वीप के दक्षिण में संयुक्त अभ्यास कर रहे हैं, जिसमें दो अमेरिकी विमान वाहक, यूएसएस कार्ल विंसन और यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट के साथ-साथ जापान की विध्वंस आईएसई भी शामिल हैं। यह जानकारी जापान की सैन्य कमान ने गुरुवार को दी। सैन्य कमान ने कहा कि यह अभ्यास 29 जनवरी से 01 फरवरी तक चलेगा और इसका उद्देश्य जापानी नौसेना आत्मरक्षा बलों और अमेरिकी नौसेना की सामरिक क्षमताओं और अंतरसंचालनीयता को बढ़ाना है।

# यूएनआरडब्ल्यूए में हमास की 'घुसपैठ': इजराइल

**तेल अवीव,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। इजराइल ने कहा है कि फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) में हमास की पूरी तरह से घुसपैठ है और वह चाहता है कि इसकी जगह कोई अन्य सहायता एजेंसी ले। इजराइल के प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि इज़राइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को यरूशलेम में संयुक्त राष्ट्र के राजदूतों के साथ एक बैठक के दौरान उन्हें यह जानकारी दी। इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र और फंडिंग देशों को बताया था कि यूएनआरडब्ल्यूए के 12 स्टाफ सदस्यों ने 7 अक्टूबर के हमले में सीधे तौर पर भाग लिया था, जब हमास के आतंकवादियों ने इज़राइल में घुसकर 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और 253 को बंधक बना लिया था। इज़राइल ने संयुक्त राष्ट्र के समक्ष प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में कहा है कि हमले में सीधे तौर पर भाग लेने वाले 12 यूएनआरडब्ल्यूए कर्मचारियों में से सात यूएनआरडब्ल्यूए शिक्षक थे, दो शैक्षिक सलाहकार थे और अन्य एजेंसी के प्रशासनिक कर्मचारी थे। यूएनआरडब्ल्यूए ने यह भी कहा है कि इजरायल के आरोपों की स्वतंत्र जांच करना बेहद जरूरी है कि उसके 12 कर्मचारी 7 अक्टूबर को इजरायल के खिलाफ हमास के हमले में शामिल थे।



प्रधान मंत्री कार्यालय ने कहा, इसकी जगह कोई अन्य सहायता एजेंसी ले

## गाजा में बना रहेगा आईडीएफ : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल हमास के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त नहीं करेगा और इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) गाजा में बना रहेगा। नेतन्याहू ने बुधवार रात को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि इजराइल युद्ध समाप्त कर देगा। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि मीडिया में अटकलें लगाई जा रही हैं कि इज़राइल गाजा में युद्ध समाप्त कर देगा, लेकिन उन्होंने कहा कि यह झूठ है और इजरायल की हमास को खत्म करने की योजना और गाजा को एक ऐसी जगह बनाना है, जो इजराइल के लिए कोई खतरा नहीं होगा। हमास की हिरासत में मौजूद इजरायली बंधकों की रिहाई के संबंध में कतर, मिस्र और अमेरिका द्वारा चल रही मध्यस्थता वार्ता पर टिप्पणी करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि बंधक समझौते पर काम किया जा रहा है।

## यूएन शरणार्थी एजेंसी को धन रोकना विनाशकारी होगा : डब्ल्यूएचओ



**जिनेवा,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के फंड में कटौती के युद्धग्रस्त गाजा में लोगों के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेबियस ने बुधवार को जिनेवा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, किसी अन्य इकाई के पास गाजा में 2.2 मिलियन लोगों को तत्काल आवश्यक सहायता देने की क्षमता नहीं है। टेड्रोस ने कहा, इस संकट में मानवीय सहायता के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता यूएनआरडब्ल्यूए के लिए धन रोकने के विभिन्न देशों के फैसले के गाजा के लोगों के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा की स्थिति के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ को वहां स्वास्थ्य प्रणालियों और श्रमिकों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जहां भीषण लड़ाई के कारण 100,000 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच प्रतिबंधित है।

भारी बमबारी और ईंधन एवं आपूर्ति की कमी के कारण गाजा के अधिकांश अस्पतालों ने पहले ही काम करना बंद कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मध्य गाजा में नासिर अस्पताल बहुत कम कार्य कर रहा है। लगातार शत्रुता और सीमित मानवीय पहुंच के कारण अकाल का खतरा बढ़ गया है। डब्ल्यूएचओ ने सहायता की तत्काल आवश्यकता, मानवीय सहायता तक सुरक्षित पहुंच, बंधकों की रिहाई, स्वास्थ्य सुविधाओं की सुरक्षा और युद्धविराम पर जोर देते हुए फंडिंग में कटौती पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

## सुडोकू 6454

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 9 |
| 8 | 7 | 3 | | | | | 2 | 4 |
| | | | 3 | | 8 | 1 | | |
| 4 | | 7 | | 5 | | 2 | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | 7 | 9 | |
| | 2 | 9 | | 7 | | 4 | | 5 |
| | | 8 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | 5 | | | | | 3 | 8 | 1 |
| 9 | | | 6 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 2 फरवरी , 2024 माघ कृष्ण पक्ष 8**

### राशिफल

मेष -आज आप समाज और आम लोगों से वाहवाही प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही आपको आर्थिक लाभ भी हो सकता है। परिवार और वैवाहिक जीवन सुख और संतोष से भरपूर रहेगा। वाहनसुख प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ -शारीरिक मानसिक स्वस्थता के कारण आप अपना काम पूरा कर सकेंगे। आपको आर्थिक लाभ होगा। अस्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा। ननिहाल से अच्छा समाचार मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मी आपकी मदद करेंगे।

मिथुन -आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

कर्क -आपको आज आलस और भय का अनुभव होगा। मन में हताशा छा जाएगी। छाती में कोई पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिजनों और सगे संबंधियों के साथ चर्चा और विवाद हो सकता है। नींद नहीं आएगी।

सिंह -आज आपका शरीर और मन प्रसन्न रहेगा। भाई-बंधुओं के साथ का समय अधिक आत्मीयतापूर्ण रहेगा। मित्रों और संबंधियों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत कर सकेंगे।

कन्या -आज आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी और परिजनों के साथ आनंद मना सकेंगे। आज आपकी वाणी से लोग प्रभावित होंगे। प्रवास की संभावना है। मिष्ठान्न का आनंद पा सकेंगे। आयात- निर्यात के व्यवसाय में लाभ होगा।

तुला -आज आपकी रचनात्मक क्षमताएं प्रदर्शित होंगी। आप कुछ सृजनशील प्रवृत्तियां भी करेंगे। वैचारिक दृढ़ता के कारण सभी काम में आप सफल हो सकेंगे। आप वस्त्राभूषण, मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे खर्च करेंगे।

वृश्चिक -आज मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च करेंगे। आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रहा करेगा। आपके साथ दुर्घटना होने की संभावना है, इसलिए संभलकर चलने की सलाह दी जाती है।

धनु -आप रोमांस के सुखद पल का आनंद उठा सकेंगे। आज का दिन आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र के लिए अच्छा है। पारिवारिक जीवन में सुख शांति का वातावरण रहेगा।

मकर -आपको बिजनेस में लाभ होने की संभावना है। आर्थिक और प्रवास की योजना बनाने की दृष्टि से भी अच्छा है। सरकारी कामकाज सरलता से पूरे होंगे। अधिकारी आपके काम से बेहद खुश होंगे। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है।

कुंभ -आज आपका शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा न होने पर भी आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आज काम करने का आपका मन नहीं होगा। नौकरी में उच्च पदाधिकारियों से सावधान रहना आवश्यक है।

मीन -आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। शरीर और मन में थकान और अस्वस्थता का अनुभव होगा। पेट की तकलीफ तथा सर्दी, दमा और खांसी की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका ने फिर इमरान के आरोपों को खारिज किया

**वॉशिंगटन,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के उन आरोपों को एक बार फिर निराधार बताते हुए खारिज किया है जिसमें कहा गया था कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सरकार को गिराने में उसका हाथ रहा है। पाकिस्तान के समाचारपत्र द न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा , पाकिस्तान की जनता और उसकी संसद तय करती है कि देश का नेतृत्व कौन करेगा। हम एक राजनीतिक दल का दूसरे के मुकाबले समर्थन नहीं करते, चाहे वह पाकिस्तान में हो या दुनिया भर में कहीं और हो। प्रवक्ता ने आगे कहा, हम संवैधानिक और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के शांतिपूर्ण पालन का समर्थन करते हैं, जिसमें मीडिया की अभिव्यक्ति की आजादी , शांतिपूर्ण सभा की स्वतंत्रता, कानून का शासन और कानून के तहत समान न्याय जैसे मानवाधिकारों का सम्मान शामिल है। गौरतलब है कि पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने सिफर मामले में 10 साल की सजा सुनाए जाने के बाद आरोप लगाया है कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय का एक अधिकारी उनकी सरकार को गिराने में शामिल थे।

# अमेरिकी हवाई अड्डे पर हैंगर ढहने से तीन की मौत, नौ घायल

सैन फ्रांसिस्को, 1 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में इडाहो प्रांत की राजधानी बोइज के बोइज हवाई अड्डे पर एक निर्माणाधीन हैंगर गिरने से तीन लोगों की मौत हो गयी और नौ अन्य घायल हो गये। बोइज अग्निशमन विभाग ने बताया कि बुधवार हो हुए हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और नौ लोग घायल हो गये, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। हैंगर के स्वामित्व वाली निजी चार्टर उड़ान कंपनी जैक्सन जेट सेंटर की प्रवक्ता जेसिका फ्लिन ने कहा कि हवाई अड्डे की संपत्ति पर स्थित हैंगर का स्वामित्व जैक्सन जेट सेंटर के पास था। उस समय साइट पर बड़ी संख्या में समर्पित लोग काम कर रहे थे। सुश्री फ्लिन ने स्थानीय मीडिया को एक ईमेल भेजकर कहा, हमें नहीं पता कि हैंगर ढहने का वास्तविक कारण क्या था। हमारा ध्यान अब इस कठिन समय में अपनी टीम और भागीदारों का समर्थन करने पर है। बोइज पुलिस विभाग के संचालन प्रमुख आरोन हम्मेल ने इस घटना को 'विनाशकारी' बताते हुए कहा कि विभाग जांच का नेतृत्व कर रहा है।



## पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में तीन विमान वाहक पोत किए तैनात

**वाशिंगटन।** अमेरिका की नौसेना ने पश्चिमी प्रशांत महासागर में अपने 11 विमान वाहक में से तीन को तैनात किये हैं, ताकि वह चीन और उत्तर कोरिया के अपनी ओर बढ़ते कदमों को रोकने में कामयाब हो सके। निक्केई एशिया अखबार ने गुरुवार को बताया कि इन पोतों को दो साल में पहली बार तैनात किया गया है। इनमें तीन अमेरिकी विमानवाहक पोत, यूएसएस कार्ल विंसन, यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट और यूएसएस रोनाल्ड रीगन शामिल हैं। यह पोत ओकिनावा और ताइवान को फिलीपींस से जोड़ने वाली एक द्वीप पर तैनात हैं।

# जापान में विनाशकारी भूकंप के एक महीने बाद भी 14 हजार लोग विस्थापित




**टोक्यो,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य जापान में आए 7.6 तीव्रता वाले के भूकंप के एक महीने बाद भी 14,000 से अधिक लोग स्थायी ठिकानें के लिए भटक रहे हैं और स्थानीय अधिकारी चल रही रसद समस्याओं के बीच अस्थायी आश्रय स्थापित करने में जुटे हुए हैं। जापानी समाचार एजेंसी क्योडो ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट यह जानकारी दी।अखबार ने बताया कि भूकंप के कारण विस्थापित हुए लोग अपनी जिंदगी को नए सिरे से शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और आवास की समस्याओं के कारण ताजा भोजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इशिकावा के गवर्नर हिरोशी हासे ने कहा कि प्रांत की सरकार नव स्थापित मुख्यालय के माध्यम से पुनर्निर्माण में योगदान देगी, जबकि केंद्र सरकार प्रत्येक बुजुर्ग परिवार के लिए 60 लाख येन प्रदान करेगी। क्योदो ने सामुदायिक केंद्र में पहुंचाए गए एक नागरिक के हवाले से कहा, एक महीना हो गया है, लेकिन कुछ भी नहीं बदला है, यहां तक कि सड़कें भी नहीं। लगभग 10,000 लोग वर्तमान में व्यायामशालाओं जैसी अस्थायी सुविधाओं में आश्रय की तलाश में हैं। इशिकावा अधिकारियों ने 8,000 मौजूदा अस्थायी आवास इकाइयों को निकासी के लिए आश्रय के रूप में उपयोग करने में कामयाबी हासिल की है। इस बीच, 18 अस्थायी आवास इकाइयां विशेष रूप से वाजिमा शहर में बनाई गई हैं और शनिवार को 58 लोग वहां जायेंगे, जबकि अन्य 40 आवास इकाइयां सुजु शहर में निर्माणाधीन हैं और अगले मंगलवार तक तैयार होने की उम्मीद है। क्योदो ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में कुल 150 स्वयंसेवक काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एक जनवरी को जापान के इशिकावा प्रान्त में नोटो प्रायद्वीप के सुजु शहर के पास 7.6 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

मध्य जापान में 7.6 तीव्रता का आया था भूकंप

## म्यांमार हिंसा में छह महीनों में 520 की मौत

**यांगून,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। म्यांमार में पिछले करीब छह महीनों में हिंसक हमलों में कुल 520 लोग मारे गए हैं। आधिकारिक म्यांमार समाचार एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि पिछले साल एक अगस्त से इस साल 29 जनवरी तक चले हिंसक हमलों में कुल 520 लोगों की मौत हो चुकी है। पीड़ितों में तीन बौद्ध भिक्षु, 438 नागरिक और 79 सिविल सेवक शामिल हैं। इस दौरान, हमलों में 11 बिजली और संचार टावर, 97 पुल और टोल गेट भवन, छह स्वास्थ्य सेवा भवन, 13 स्कूल और शैक्षणिक भवन भी क्षतिग्रस्त हो गए। पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) ने कथित तौर पर पूरे दक्षिण पूर्व एशियाई देश में हमले किए हैं। गौरतलब है कि म्यांमार ने एक फरवरी, 2021 को आपातकाल की स्थिति घोषित की, तभी से इस साल 29 जनवरी तक देश भर में कई हिंसक हमले हुये। इसमें कुल 6,880 लोग मारे गए।

## वर्ग पहेली 6454



**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, सबसे अलग तरह का
६. किसी चीज का मजा मिलने पर उसे फिर खाने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत की सुरक्षा मेंलगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना
१६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय (उर्दू)
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-6453

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | व | २ रो | ह | ■ | ■ | ३ प | रा | ४ म | र्श |
| प | ■ | च | ■ | ५ ध | तू | रा | ■ | नो | ■ |
| ६ ना | स्ति | क | ■ | मा | ■ | ७ ग | ह | रा | ई |
| ना | ■ | ८ ता | ९ र | का | य | ण | ■ | ज्य | ■ |
| ■ | १० अ | ■ | स | ■ | ■ | ■ | ११ मृ | ■ | १२ शि |
| १३ अ | नु | प | म | ■ | १४ प | ■ | १५ त | बे | ला |
| ■ | रो | ■ | १६ य | दा | क | दा | ■ | ■ | खं |
| १७ बं | ध | क | ■ | ■ | ड़ | ■ | १८ घ | १९ मं | ड |
| च | ■ | ■ | २० प्र | ति | ना | २१ द | ■ | दि | ■ |
| २२ र | मा | प | ति | ■ | ■ | २३ म | धु | र | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1509-भारत में दीव (गोआ, दमन और दीव) के पास पुर्तग़ाल एवं तुर्की के बीच युद्ध हुआ।
1556-चीन के शैन्सी प्रांत में आये विनाशकारी भूकंप में करीब आठ लाख तीस हजार लोगों की मौत हुई।
1626-चार्ल्स प्रथम इंग्लैंड के सम्राट बने।
1814-कलकत्ता (अब कोलकाता) संग्रहालय की स्थापना हुई।
1862-शंभूनाथ पंडित कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले भारतीय न्यायाधीश बने।
1889-भारत की एक प्रख्यात गांधीवादी, स्वतंत्रता सेनानी और एक सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमारी अमृत कौर का जन्म।
1892-रशिया ने कैलिफ़ोर्निया में 'फ़र ट्रेडिंग कॉलोनी' की स्थापना की।
1901-क्वीन विक्टोरिया का अंतिम संस्कार हुआ।
1913-न्यूयार्क में 'ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल' की ओपनिंग हुई।
1915-भारत के प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक, उपन्यासकार और इतिहासकार खुशवंत सिंह का जन्म।
1922-जेम्स जॉयस का लिखा उपन्यास 'यूलिसिस' पहली बार प्रकाशित किया गया।
1939-हंगरी ने सोवियत संघ के साथ संबंध समाप्त किये।
1952-मद्रास में भारत ने पहला टेस्ट क्रिकेट जीता।
1953-अखिल भारतीय खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड का गठन किया गया।
1966-पाकिस्तान ने 'कश्मीर समझौते' के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया।
1969-स्वतंत्रता संग्रामी, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के महान नेता और साहित्यकार खूबचंद बघेल का निधन।


**मौसम** *भगवती के दर्शन भी और बर्फ का आनंद भी*

# वैष्णो देवी में बिछी बर्फ की सफेद चादर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 1 फरवरी (देशबन्धु)। वैष्णो देवी में बफ की चादर बिछने से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। हालांकि अब श्राइन बोर्ड ने पुरानी गुफा को दर्शनार्थ बंद कर दिया है पर बावजूद इसके श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ है। यह उत्साह कितना है इस साल के आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बदल रहे मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। जारी वर्ष में अब तक छह लाख के करीब श्रद्धालु मां के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं।**

अब त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन करने पहुंच रहे भक्तों को स्वर्ग सा नजारा देखने को मिल रहा है। हालांकि, हिमपात से तापमान में गिरावट देखने को मिली है। बहरहाल, बोर्ड की तरफ से बर्फबारी को देखते हुए खासा इंतजाम किए गए हैं, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जम्मू कश्मीर के सभी इलाकों के साथ वैष्णो देवी का भवन पूरी तरह से बर्फ की सफेद चादर में ढक गया है। बर्फ के कारण मार्ग पर फिसलन हो गई है परंतु बोर्ड के कर्मचारी निरंतर मार्ग को साफ कर रहे हैं। यही नहीं वहां से गुजर रहे श्रद्धालुओं को भी इस बारे में जागरूक किया जा रहा है। दूर से रोशनी से जगमगाता सफेद चादर में लिपटा मां वैष्णो देवी का भवन हर किसी को आकर्षित कर रहा है।



■ पुरानी गुफा बंद की जा चुकी है दर्शनार्थ

आसमान से गिरती बर्फ व सर्द मौसम की परवाह न करते हुए देश भर से मां वैष्णों के दर्शनों के लिए यहां पहुंचे श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए निरंतर भवन की ओर बढ़ रहे हैं। जो श्रद्धालु मां के दर्शन कर वापिस लौट रहे हैं, उनके चेहरों पर भी चमक नजर आ रही है।

वहीं, मुख्य मार्ग पर बर्फ की मोटी परत जम गई है, जिसको हटाकर रास्ते को आने-जाने के लिए सुगम बनाया जा रहा है। वहीं, भवन का दृश्य स्वर्ग जैसा एहसास करा रहा है। माता के मंदिर समेत आसपास करीब एक-एक फीट बर्फबारी नजर आ रही है। माता का बाग में करीब एक फीट और देवी द्वार क्षेत्र में भी करीब आधा फिट बर्फबारी हुई। यात्रा मार्ग पर बर्फबारी से ठंड के साथ फिसलन भी बढ़ गई है, लेकिन यात्रा का रख-रखाव करने वाले बोर्ड ने पूरे इंतजाम कर रखे हैं। जानकारी के मुताबिक, यात्रा मार्ग पर जगह-जगह अलाव जलाए जा रहे हैं। इसके अलावा कटड़ा, अर्द्धकुंवारी व भवन पर श्राइन बोर्ड के विश्रामघरों में ठहरने, गर्म पानी व कंबल इत्यादि के अतिरिक्त बंदोबस्त किए गए हैं। इतनी कठिन परिस्थिति में लगातार श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा है।

## दुनिया को जानें

### चीन के साथ पारस्परिक वीजा छूट वाले देशों की संख्या 23 हुई

**बीजिंग,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। चीन और थाईलैंड ने साधारण पासपोर्ट के लिए पारस्परिक वीजा छूट हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता आधिकारिक तौर पर 1 मार्च को लागू होगा। सिंगापुर, एंटीगुआ और बारबुडा के बाद थाईलैंड इस साल चीन के साथ साधारण पासपोर्ट के लिए पारस्परिक वीजा छूट समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला तीसरा देश है। अब तक, पांच महाद्वीपों को कवर करते हुए, चीन के साथ पारस्परिक वीज़ा छूट वाले देशों की संख्या 23 हो गई है। पारस्परिक वीजा छूट का आनंद लेने वाले देशों के नागरिक वैध पासपोर्ट या अंतरराष्ट्रीय यात्रा दस्तावेज़ के साथ 30 दिनों तक बिना वीजा के दूसरे देश में रह सकते हैं। वास्तव में, चीन ने वर्तमान में 157 देशों के साथ विभिन्न पासपोर्ट प्रकारों के लिए पारस्परिक वीज़ा छूट समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और 44 देशों के साथ सरलीकृत वीज़ा प्रक्रियाओं के लिए समझौते पर पहुंच गया है। इसके अलावा, 60 से अधिक देश और क्षेत्र चीनी नागरिकों को वीज़ा-मुक्त या आगमन पर वीज़ा की सुविधा प्रदान करते हैं।

# प्रादेशिकी

## ई रिक्शा चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार दो फरार

**रुड़की।** पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के पास चोरी की गई ई-रिक्शा भी बरामद कर ली है ओर अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। कलियर निवासी एहसान में पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका ई-रिक्शा अज्ञात चोरों ने पंजाब नेशनल बैंक के पास चोरी कर लिया है। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। थानाध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी ने एसआई उमेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठित कर तलाश शुरू कर दी थी। टीम ने आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों व संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई और मुखबिर की सूचना पर कस्बा सरधना कालन्द के पास विपिन भट्टे से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा ने पांचों लोकसभा सीटों पर खोला चुनावी कार्यालय




- देहरादून में सीएम धामी ने किया वर्चुअल शुभारंभ
- लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगी प्रचंड जीत: धामी

**देहरादून,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों दमखम से तैयारी में जुटी हुई हैं। इसी को लेकर भाजपा संगठन ने आगामी लोकसभा चुनाव के मध्यनजर प्रदेश की सभी पांचो लोकसभा सीटों में लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर दिया है। इन कार्यालयों से चुनाव की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के साथ ही भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बिगुल बजा दिया है।

भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सीएम धामी ने किया। इस दौरान सीएम धानमी ने कहा एकजुट होकर हर गांव में हर एक मतदाता तक पहुंचना है। साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचना है। उन्होंने कहा यह हमारा सौभाग्य है कि हम ऐसे संगठन के सदस्य हैं जिसके लिए राष्ट्र प्रथम है और संगठन उसके बाद है। उन्होंने कहा जिस तरह से मातृशक्ति और नौजवान भाजपा के पक्ष में मजबूती के साथ खड़े हैं वो एक नए युग की शुरुआत है। सीएम ने कहा बीजेपी राष्ट्रनीति और राजनीति को साथ में लेकर चलती है।

सीएम धामी ने कहा साल 2014 और फिर साल 2019 में बहुमत के साथ भाजपा ने सरकार बनाई। इसके साथ ही 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर जो तमाम सर्वेक्षण आ रहे हैं उसमें बीजेपी को बहुमत दिखाई दे रहा है। सीएम ने कहा आज कांग्रेस सिर्फ अपना अस्तित्व बचाने के लिए छोटे- छोटे दलों के साथ गठबंधन कर रही है। विपक्षियों का ये मिलावट सरकार बनाने के लिए नहीं है बल्कि कांग्रेस को बचाने के लिए है। सीएम धामी ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड राज्य को बड़ा फायदा मिला है। आगामी 2024 में साल 2019 से अधिक वोटों के साथ पांचों सीटें जीतेंगे।

### चुनाव कार्यालय से संचालित होंगी सरकारी योजनाएं

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा भाजपा ने उत्तराखंड राज्य में प्राथमिकता के आधार पर पांचों लोकसभाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन कर दिया है। गुरूवार से लोकसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल बज चुका है। इन्ही कार्यालयों के जरिए सारी योजनाओं को संचालित किया जायेगा। ये चुनाव कार्यालय सरकार के केंद्र के रूप में काम करेगा।

# नैनीताल में भी लम्बे इंतजार के बाद बिखरी चांदी

**नैनीताल,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। लम्बे इंतजार के बाद सरोवर नगरी की सबसे ऊंची नैना पीक की चोटी में मौसम के पहले हिमपात का नजारा देखने को मिला। नगर के अन्य क्षेत्रों में बीती आधी रात से शुरू हुई बारिश का क्रम उर्वरत जारी है। मौसम में आए बदलाव से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम के बदले मिजाज से पर्यटन कारोबार का सूखा खत्म होने की उम्मीद है। नैना पीक में एक इंच हिमपात हुआ है और अधिक हिमपात के आसार बने हुए हैं। इधर नगर के अन्य क्षेत्रों में रात 12 बजे से बारिश शुरू हो गई थी, जो अपराह्न 11 बजे तक जारी है। करीब दो माह बाद बारिश का सूखा खत्म हुआ है। साथ ही हिमपात की मुराद भी पूरी हो गई है। मौसम का मिजाज इसी तरह का बना रहा तो नगर के निचले क्षेत्रों में भी हिमपात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इधर नगर के अंतिम छोर किलबरी में भी हल्का हिमपात होने की खबर है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है। इसके दो दिन तक सक्रिय रहने की संभावना है। जिस कारण नगर में हिमपात के आसार बने हुए हैं। बारिश के चलते नगर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसका सामान्य जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है।

# राजस्थान में रेल सेवाओं के लिए रिकार्ड 9782 करोड़ के बजट का आवंटन

## क्षमता वृद्धि, आधुनिकीकरण, संरक्षा तथा यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित




जयपुर,1 फरबरी (देशबन्धु)। बजट में भारतीय रेलवे के लिए किये गये प्रावधानों को गुरुवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, ने वर्चुअल माध्यम से बताया कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में रेलवे के विकास के लिए रणनीति में बदलाव कर अधिकाधिक निवेश पर बल दिया गया है जिससे रेलवे पर क्षमता वृद्धि, आधुनिकीकरण, संरक्षा और यात्री सुविधाओं की ओर अधिक ध्यान दिया गया है। वर्ष 2024-25 में रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया गया है जो अभी तक का सर्वाधिक है। रेलवे में 3 बडे कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा जिनमें एनर्जी, ऑयल और सीमेंट कॉरिडोर, हाई ट्रैफिक डेंसिटी कॉरिडोर और पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर बनाया जाएगा। इन कॉरिडोर के बनने से देश में आर्थिक विकास का बल मिलेगा। इसके साथ ही 40 हजार कोच को वंदे भारत के मानक के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

रेलमंत्री ने राजस्थान के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि राजस्थान राज्य बहुत बड़ा प्रदेश है और सामरिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण राज्य है। वर्ष 2009-14 तक राजस्थान को औसत बजट मात्र 682 करोड़ रूपए प्रतिवर्ष मिलता था जिसे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वर्ष 2024-25 के बजट में 9782 करोड़ रूपए आवंटन किया गया है जो अभी तक का सर्वाधिक बजट आवंटन है। श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि राजस्थान में रेल कार्य बहुत तेजी से हो रहे हैं। राजस्थान में 53 हजार करोड़ रूपए के निवेश से बहुत तेजी से कार्य किया जा रहा है। राजस्थान में 98 प्रतिशत रेल लाइनों को विद्युतीकरण का कार्य किया जा चुका है 85 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है। राजस्थान में रेलवे ट्रैक पर 1367 फ्लाईओवर और रोड़ अण्डर ब्रिज का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक स्टेशन-एक उत्पाद की 54 स्टॉल संचालित हो रही है। माननीय रेलमंत्री ने बताया कि स्टेषनों पर बहुत अधिक फुटफॉल रहती है तो स्थानीय उत्पादों को अच्छा रेस्पांस मिल रहा है और स्टॉल संचालकों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है। अंत में श्री अश्विनी वैष्णव ने

**सार संक्षेप**

### लक्सर शुगर मिल को क्षमता का आधा गन्ना भी नहीं मिल रहा

**लक्सर।** राय बहादुर नारायण सिंह शुगर मिल लक्सर को मिल की पेराई क्षमता के अनुरूप गन्ना नहीं मिल पा रहा है। मिल की पेराई क्षमता से आधा गन्ना ही मिल को मिल पा रहा है। इससे मिल में नो केन की स्थित हो रही है। मिल द्वारा अभी तक 59.64 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष अभी तक 73.73 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई थी। मिल की पेराई क्षमता एक लाख तीस हजार कुंतल प्रतिदिन है। इसके सापेक्ष मिल को इन दिनों प्रति दिन करीब 65 हजार कुंतल गन्ने की आपूर्ति ही हो पा रही है। गौरतलब है कि गत वर्ष जुलाई माह में आई भयंकर बाढ़ से गन्ने की फसल बर्बाद हो गई थी। हरिद्वार जनपद में तीन शुगर मिले हैं। इनमें पेराई क्षमता और चीनी उत्पादन एवं भुगतान के मामले में लक्सर शुगर मिल प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2022-23 में लक्सर मिल की पेराई क्षमता प्रति दिन एक लाख कुंतल थी। पिछले पेराई सत्र के बाद मिल प्रबंधन द्वारा करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से मिल में आधुनिक मशीन लगाई गई थी।

### टिहरी जिला पंचायत की बैठक में हुआ जमकर हंगामा

**टिहरी।** नई टिहरी में जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 56 करोड़ 40 लाख का अनुमानित बजट ध्वनिमत से पारित किया गया। बोर्ड ने वर्ष 2023-24 का 54 करोड़ 42 लाख का पुनरीक्षत बजट भी अनुमोदित किया। बोर्ड बैठक हंगामेदार रही। सिंचाई नहरों की मरम्मत, सफाई न होने और नई नहरों का निर्माण न होने पर सदस्यों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। डीएम मयूर दीक्षित ने सभी सिंचाई नहरों की जांच कराने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों ने कहा कि वर्ष 2020 और 21 में कोरोना संक्रमण के कारण वह कामकाज नहीं कर पाए थे। जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सिंचाई और पेयजल का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा।

### बारिश व ओले गिरने से बढ़ा ठंड का प्रकोप

**रुड़की।** रुड़की शहर और आसपास देहात क्षेत्रों में पहले ओले पड़े उसके पास बूंदाबांदी के साथ बारिश हुई। अचानक से आसमान से मोटे मोटे ओले गिरने से जहां लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा तो वहीं मौसम भी सर्द हो गया। गुरुवार की दोपहर मौसम बारिश का बना हुआ था। आसमान में काले बादल छाए हुए थे। जिससे आशंका जताई जा रही थी कि भारी बारिश होगी लेकिन इसे पहले कि बारिश हो पाती उससे पहले ही आसमान से मोटे मोटे बर्फ के ओले गिरने शुरू हो गए।

# देशवासियों की उम्मीदों व प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं पर खरा उतरने में नाकाम रहा अन्तरिम बजट : मुख्यमंत्री

**शिमला,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि केंद्र सरकार का अन्तरिम बजट देशवासियों और हिमाचल की उम्मीदों पर खरा उतरने में नाकाम रहा है और यह प्रदेशवासियों को निराश करने वाला बजट है। इसे पिछले बजट का दोहराव करार देते हुए उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत अन्तरिम बजट भाषण में कोई भी नई बात नहीं कही गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत बरसात में हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के बाद प्रदेशवासियों को केंद्र सरकार से विशेष आर्थिक पैकेज की उम्मीद थी लेकिन इसका भी कोई जिक्र इसमें नहीं है। उन्होंने कहा कि रेल नेटवर्क के विस्तारीकरण के दृष्टिगत हिमाचल का कहीं उल्लेख नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि सतत विकास के लिए हरित ऊर्जा तथा सौर ऊर्जा की बात कही गई है किंतु इसके लिए कोई स्पष्ट रोडमैप का उल्लेख उनके अभिभाषण में नहीं है। मध्यम वर्ग के लिए कर में कोई भी अतिरिक्त छूट नहीं दी गई है जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था में मध्यम वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि एलपीजी की कीमतों में वृद्धि की गई है और आमजन के लिए डीजल तथा पैट्रोल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि गरीब व मध्यम वर्ग को राहत देने के बजाय इस बजट में केवल पूंजीपतियों तथा उद्योगपतियों का ध्यान रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर संग्रह 1.8 लाख करोड़ तक पहुंचने के बावजूद आयकर तथा अन्य करों में कोई भी अतिरिक्त रियायत नहीं दी गई है। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य जहां मेट्रो रेल शुरू नहीं की जा सकती, वहां के लिए किसी भी तीव्र सार्वजनिक यातायात प्रणाली का भी उल्लेख नहीं है। इसके अलावा स्वास्थ्य क्षेत्र में भी किसी नई पहल का जिक्र नहीं किया गया है।

# भू कानून समन्वय संघर्ष समिति ने की महेंद्र भट्ट के बयान की निंदा

## माफी मांगने की मांग व खुली बहस की दी चुनौती



**देहरादून,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की ओर से आंदोलनकारियों को वामपंथी और विकास विरोधी कहे जाने पर मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति ने तीखे शब्दों में निंदा की है। आंदोलनकारियों ने महेंद्र भट्ट से उत्तराखंड की जनता से सार्वजनिक माफी मांगने को कहा है।

शहीद स्मारक में संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मूल निवास और भू कानून की लड़ाई लड़ रहे लाखों मूल निवासियों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन के दौरान भी उनकी ही पार्टी के एक राष्ट्रीय नेता ने यहां की जनता को अलगाववादी कहा था। मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि 4 फरवरी को ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वहां पर प्रदेश अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है। उनके अंदर यदि साहस है तो वह ऋषिकेश पहुंचकर जनता को बताएं कि उन्होंने माओवादी क्यों कहा।

संघर्ष समिति ने हल्द्वानी में हुई रैली को ऐतिहासिक बताया है। अब टिहरी में 11 फरवरी को मूल निवास स्वाभिमान महारैली निकालने का आह्वान किया है। समिति के सहसंयोजक लुशुन टोडरिया का कहना है कि महारैली की तैयारी शुरू हो गई है। इससे पहले 4 फरवरी को ऋषिकेश में भी एक कार्यक्रम के जरिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बहस की खुली चुनौती दी गई है। उन्होंने कहा कि समिति पूरे उत्तराखंड में स्वाभिमान महारैली निकालेगी।मूल निवास भू कानून को लेकर उनकी क्या सोच इसको लेकर एक चौनल में इंटरव्यू देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भू कानून के लिए सड़कों पर उतरने वाले आंदोलनकारी युवाओं को वामपंथी बताया था। उनका कहना था कि यह विषय कानून से जुड़ा हुआ है और भाजपा ने ही पहल करते हुए धरातल पर उतारा और कमेटी बनाकर चर्चा का विषय बनाया। हम चाहते हैं कि उत्तराखंड की भूमि को किस प्रकार से सुरक्षित रखा जाए। लेकिन प्रदेश के अंदर कुछ ऐसे तत्व हैं जो उद्योगों को अवरुद्ध करना चाहते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि भू कानून के आंदोलन में सहभागिता कर रहे ज्यादातर युवा वामपंथी विचारधारा के हैं। वामपंथियों का नजरिया सीमावर्ती

# कांग्रेस की निगाह देश में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित 131 लोक सभा सीटों पर

■ हिमकिरण मांटा



**शिमला,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस देश व प्रदेश में अनुसूचित जाति व जनजाति के मतदाताओं को साधने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी रणनीति के तहत कांग्रेस की निगाह देश में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित 131 लोक सभा सीटों पर है। साल 2022 में हुए हिमाचल विधान सभा के चुनाव में कांग्रेस को अनुसूचित जाति व जनजाति के मतदाताओं का 70 फीसद से अधिक समर्थन मिलने से उत्साहित पार्टी ने शिमला में अहम बैठक की। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लहलोटिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में लोक सभा की आरक्षित सीटों पर जीत की रणनीति पर मंथन हुआ। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह, काबिना मंत्री डॉ धनी राम शांडिल के अलावा प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष अमित नंदा के अलावा देश के तमाम राज्यों की कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अहम पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रभारी के. राजू ने भी बैठक में शिरकत की।

बैठक के बाद राजेश लहलोटिया ने अनौपचारिक बातचीत में बताया कि देश में लोक सभा की 84 सीटें अनुसूचित जाति व 47 जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। हिमाचल व अन्य राज्यों में हुए विधान सभा चुनाव में इन दोनों वर्गों का कांग्रेस का समर्थन मिल रहा है। लिहाजा बैठक में सभी 131 आरक्षित सीटों पर जीत दर्ज करने को लेकर बैठक में चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि देश के अन्य कांग्रेस शासित राज्यों में अनुसूचित जाति उप योजना की परिकल्पना को साकार किया गया है। इस परिकल्पना को नीति का रूप दिया गया है। मगर अनुसूचित जाति के लोगों के कल्याण के लिए इसे कानूनी दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा हुई हैKमोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर के चुनाव में क्या- क्या हुआ सर्व विदित है। झारखंड के मुख्यमंत्री को हिरासत में लिया गया है। बिहार में दबाव बना कर भाजपा ने सत्ता हथियाई है। देश में संविधान व लोकतंत्र खतरे में है। संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं।

# बजट में स्वर्ण ऊर्जा को बढ़ावा, आयुष्मान भारत का बढ़ा दायरा : जयराम

**शिमला,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में हुई प्रैस वार्ता में अपना ब्यान देते हुए कहा कि केंद्र सरकार का अंर्तिम बजट आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान रखते हुए प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है और हमारे लिए प्रसन्नता का विषय यह है कि उनके मजबूत नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। भारत के आगे बढ़ने के साथ-साथ, भारत की प्रतिष्ठा विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान के साथ खड़ी हुई है। निश्चित रूप से सभी बातां के लिए श्रेय जाता है तो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। अपने कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ही बात को अपने सामने रखा कि राष्ट्र प्रथम अर्थात राष्ट्र सर्वोपरि है

उन्हांने कहा कि धारा 370 हो या भव्य मंदिर भगवान राम के जन्मस्थान पर बना, गरीब कल्याण योजनाएं इनफ्रास्ट्रक्चर और अंतरराष्ट्रीय नीती हर क्षेत्र में भारत ने बहुत बेहतरीन काम किया है और आज वोटन अकाउंट प्रस्तुत होने के पश्चात इस बात के लिए भी आने वाले समय में जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं वो मोदी ने कहा है कि वो मोदी की गारंटी है उनको पूरा करने की दिशा में हम सफल होंगे। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों का जो कार्यकाल प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकलने का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। भारत के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की सुविधा प्रदान करना यह भी बहुत बड़ा कार्य इस कालखंड में हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंर्तगत 3 करोड़ से ज्यादा मकान बनकर तैयार हुए और पांच वर्षों में आने वाले समय के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया है कि 2 करोड़ मकान गरीब लोगों को दिया जाए। जीएसटी कलेक्शन में बेहतरीन काम होते हुए आगे बढ़ा और आज जीएसटी कलेक्शन दोगुना हो गया है इस बात का भी जिक्र आज के वोटन अंकाउट में प्रस्तुत किया गया है 78 लाख लोगों को स्वनीधि के माध्यम से लाभ दिया गया है ग्रीन एनर्जी और रूफटॉप पर सोलर लगाने की योजना को 1 करोड़ घरों में इस योजना के माध्यम से बिजली की सुविधा से आने वाले समय में 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी।

# यूसीसी बिल का विरोध करने वाले संगठनों को पुलिस करेंगी चिन्हित

**देहरादून,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। पांच फरवरी से प्रस्तावित विधानसभा सत्र के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए गुरूवार को अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमन, ने वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से परिक्षेत्र, जनपद प्रभारियों एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी विधानसभा के साथ बैठक आहूत कर निर्देश दिये। पुलिस मुख्यालय के मीडिया सेल की ओर से जारी की गई प्रेस रिलीज के मुताबिक कतिपय संगठनों द्वारा विधानसभा सत्र में यूसीसी बिल प्रस्तुत किये जाने के विरोध स्वरुप धरन व प्रदर्शन किये जाने की सम्भावना के दृष्टिगत संगठनों के चिन्हिकरण की कार्यवाही किये जाने तथा अपने-अपने जनपदों में पुलिस व अभिसूचना तन्त्र को सतर्क कर समय से आवश्यक पुलिस प्रबन्ध कर अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिए समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देश दिये गये। सत्र के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था के लिएजनपदों में उपलब्ध पुलिस व पीएसी बल के अतिरिक्त जनपद देहरादून को उपलब्ध कराये गये पुलिस बल का सदुपयोग किया जाये।

### विधानसभा सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

विधान सभा परिसर में पास धारक व्यक्तियों को ही समुचित चैकिंग व फ्रिसकिंग के उपरान्त प्रवेश की अनुमति दिये जाने, विधानसभा परिसर के अन्दर एवं बाहर व उसके आस-पास बैरिकैटिंग आदि प्रमुख स्थलों पर प्रतिदिन बीडीएस स्क्वाड से चौकिंग कराये जाने तथा पर्याप्त मात्रा में पुलिस व पीएसी बल नियुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये। विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सुरक्षा उपकरणों से भली-भांति सुरक्षा जांच कराये जाने के निर्देश दिये गये।

विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न संगठनों द्वारा प्रस्तावित धरना, प्रदर्शन व घेराव आदि कार्यक्रमों के दृष्टिगत पूर्व से ही यातायात प्लान तैयार कर उसके अनुरुप रुट डाईवर्जन आदि की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये, ताकि आमजनमानस को किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना न करना पड़े। विधानसभा भवन के आस-पास स्थित टावरों व पानी की टंकियों व टेलिफोन टावरों आदि पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये, ताकि सत्र के दौरान कोई व्यक्ति इन टावरों पर चढ़ कर अप्रिय स्थिति उत्पन्न न कर सके।

सत्र के दौरान नगर के विभिन्न भीड़-भाड़ वाले स्थानों यथा बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, टैक्सी स्टैण्ड, मुख्य बाजार, पार्क, होटल, सराय, धर्मशालाओं, धार्मिक स्थलों आदि में संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मी नियुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये। सत्र के दौरान घटित छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए उन पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही किये जाने तथा विधानसभा सत्र के दौरान मांगे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर तत्काल उपलब्ध कराये जाने हेतु अपने-अपने जनपदों में नामित नोडल अधिकारियों को ब्रीफ व निर्देशित किये जाने के निर्देश दिये गये।

# मंगलौर पलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार



**रुड़की,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। एसएसपी के आदेश पर जनपद हरिद्वार में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत जनपद के तमाम थाना, कोतवाली, चौकी से वारंटी की गिरफ्तारी की जा रही है। इसी के मद्देनजर मंगलौर कोतवाली पुलिस ने भी दबिश देकर फरार चल रहे तीन वारंटी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विगत काफी दिनों से मारपीट के मामले में फरार चल रहे वारंटी जिनकी तलाश हेतु पूर्व में सभी संभावित स्थानों पर दबिश दी गई परंतु वारंटी शातिर किस्म के अपराधी थे जिस कारण लगातार अपने ठिकाने बदल रहा थे।कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा बुधवार की रात्रि में विशेष टीम गठित कर थाना क्षेत्र से 3 वारंटियों को धर दबोचा। पुलिस ने पकड़े गए वारंटी के नाम नरेश पुत्र हरपाल निवासी लिब्बरहेड़ी कोतवाली मंगलौर, रविंद्र पुत्र रहतू, रहतू पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम खेमपुर कोतवाली मंगलौर बताया है। वारंटियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, उप निरीक्षक मनोज कठैत, हेड कांस्टेबल विकास, कांस्टेबल दिनेश शर्मा शामिल रहे।

### सुडोकू 6454 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 3 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 |

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन का 143 वर्ष पूर्ण होने पर महोत्सव मनाया गया

**फर्रुखाबाद,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल पर फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन के 143 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस स्टेशन महोत्सव के रूप में 1 फरवरी को मनाया गया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह एवं संजीव कुमार गुप्ता तथा इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य विपिन बिहारी सक्सेना के कर कमल द्वारा केक काटा गया। इस अवसर पर इज्जतनगर मंडल द्वारा एक भव्य फिल्म प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें फर्रुखाबाद का संक्षिप्त इतिहास, फर्रुखाबाद स्टेशन का परिचय, फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में यात्री सुख-सुविधाओं एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर हो ध्यान : मिश्रा

## मुख्य सचिव ने राज्य स्तरीय फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी कार्यशाला का किया शुभारंभ




**शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्टता की ओर ले जाने के लिए किया जाए प्रयत्न : दुर्गा शंकर मिश्र**

**लखनऊ,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने समग्र शिक्षा द्वारा सेन्ट्रल स्क्वायर फाउंडेशन के तत्वावधान में राज्य स्तरीय फाउन्डेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी (एफएलएन) कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विगत 5 वर्षों में विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं में ऐतिहासिक रूप से सुधार हुआ है तथा इसके साथ ही छात्रों के लिए आकर्षक लर्निंग मेटीरियल उपलब्ध कराया गया है। अब सम्पूर्ण ध्यान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर दिए जाने की आवश्यकता है।

विभाग द्वारा निपुण कार्यक्रम के अन्तर्गत सुनियोजित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं जिसमें सभी अधिकारी एवं अध्यापकगण मनोयोग से कार्य कर रहे हैं, जिसे उत्कृष्टता की ओर ले जाने हेतु प्रयत्न किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है, जिसमें छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण संकल्पनाएं रखी गई हैं। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने हेतु छात्र-छात्राओं को तैयार करना है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए इस बात पर बल दिया कि समुदाय को शिक्षा से बहुत आकांक्षाएं हैं और अपने बच्चों की शैक्षिक प्रगति एवं जीवन में उच्च स्थान प्राप्त करने की महत्वाकांक्षा रखते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में जो नवाचार हो रहे हैं और निरन्तर प्रगति हो रही है उसे अनवरत बनाए रखने हेतु स्थानीय समुदाय को शिक्षा से जोड़ा जाना नितान्त आवश्यक है ताकि नवाचारी कार्यक्रम संस्थागत रूप से स्थायी स्वरूप ग्रहण कर सकें। उन्होंने शिक्षा के साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपेक्षा की, ताकि प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत की संकल्पना को पूर्णरूप से साकार किया जा सके। बेसिक शिक्षा के महत्व एवं फाउन्डेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी कार्यक्रम के संबंध में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए गए। विभागीय अधिकारियों एवं शिक्षकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव द्वारा परिषदीय विद्यालयों में उनके द्वारा ग्रहण की गई शिक्षा एवं अपने प्रधानाध्यापक मिश्री राम की भूमिका एवं योगदान की हृदय से सराहना करते हुए अपने अनुभव साझा किए गए। परिषदीय प्राथमिक विद्यालय से लेकर आईआईटी एवं एमबीए तक की सम्पूर्ण शिक्षा में मुख्य सचिव द्वारा अपने प्रधानाध्यापक मिश्री राम द्वारा दी गई शिक्षा एवं संस्कारों को बार-बार याद किया तथा उनके प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की तथा कार्यशाला में उपस्थित अध्यापकगणों को इससे प्रेरणा लेने की अपेक्षा की गई। 'समीक्षा' के अन्तर्गत फाउन्डेशन लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी के लर्निंग आउटकम्स के आंकलन हेतु सुव्यवस्थित प्रणाली अपनाई जाए। अन्तर्गत शिक्षकों एवं स्थानीय समुदाय से अनवरत संवाद स्थापित किया जाय ताकि कार्यक्रम पर फोकस बना रहे। 'सुधार' के अन्तर्गत कक्षा-कक्षों में निरन्तर सुधार के अनुश्रवण एवं समीक्षा की व बनायी जाए।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अध्यापिकाओं के कार्य की सराहना की

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जनपद अमरोहा की पूर्व छात्रा कु. निधि के एसडीएम पद पर चयन होने पर मुख्य सचिव द्वारा कार्यशाला में कु. निधि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय की अध्यापिकाओं के कार्य की सराहना की गई। अन्य शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को इससे प्रेरणा लेने की अपेक्षा की गई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डा.आईवी सुब्बाराव द्वारा फाउन्डेशन लिटरेसी एवं न्यूमरेसी पर प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत 5 रणनीतियां साधन, साधना, समीक्षा, संवाद एवं सुधार अपनाने पर बल दिया गया। 'साधन' के अन्तर्गत कक्षा-कक्षों को प्रभावी टीचिंग लर्निंग मेटीरियल से सुसज्जित किया जाय। 'साधना' के अन्तर्गत शिक्षकों को नवीन पाठ्यक्रम एवं सामग्री का प्रभावी उपयोग करने हेतु सपोर्ट प्रदान किया जाए।

# डॉ. ऐ.के.शुक्ला बने श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के कुलपति



- नवनियुक्त कुलपति समूह चेयरमैन डॉ.सुधीर का जताया आभार
- आगामी पांच वर्षों में देश की टॉप टेन विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल होने की कही बात

**मेरठ,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में नवनियुक्त कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला के 'स्वागत एवं स्म्मान समारोह' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रो शुक्ला ने ग्रुप चेयरमैन डा. सुधीर का आभार प्रकट करते संस्थान को देश की टॉप टेन यूनिवर्सिटी के शुमार कराने की बात कही।

एप्लाइड स्टेटिस्टिकस के प्रोफेसर जी.बी. पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के पूर्व कुलपति डॉ. अनिल कुमार शुक्ला की श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में नियुक्ति हुई है। विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने उम्मीद जताई है कि देश के इतने बड़े शिक्षाविद का वेंक्टेश्वरा के कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण करना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। वहीं दूसरी ओर नवनियुक्त कुलपति प्रो. ऐ.के. शुक्ला ने कहा कि वह प्रबंधन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने अनुभव एवं सभी के सहयोग, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं नवाचारों (इन्नोवेशन) के बल पर आगामी पाँच वर्षों में वेंक्टेश्वरा को देश के 'शीर्ष दस' विश्वविद्यालयों संस्थानों की सूची में शुमार कराएंगे। इस दौरान आर.एस.शर्मा, सीएफओ विकास भाटिया, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. एस.एन. साहू आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### यूपीपीएससी आज जारी करेगा समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा के प्रवेश पत्र

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) शुक्रवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी 2023 प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करेगा। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आयोग की वेबसाइट से ही अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउन लोड करेंगे। परीक्षा 11 फरवरी को प्रदेश के 40 शहरों में आयोजित होने जा रही है। परीक्षा दो पाली में होगी। आरओ एवं एआरओ के कुल 411 पदों के लिए 10 लाख 69 हजार 725 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पहली बार इस परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। गौरतलब है कि आयोग ने इन पदों के लिए गत अक्टूबर माह में विज्ञापन जारी किया था।

### नकल करती पकड़ी गई छात्रा

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विवि के काशीराम शोधपीठ में एग्जाम सेंटर में चल रही परीक्षाओं के दौरान चेकिंग स्टाफने अभियान के दौरान एमएससी सीड साइंस टेक्नोलॉजी की छात्रा को नकल करते पकड़ा। डीके चौहान के ने बताया कि पकड़ी गई छात्रा पर विश्वविद्यालय के नियम अनुसार करवाई की जाएगी। परीक्षा के दौरान सेंटर पर पहुंचे कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा ने भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

### अमेठी में सड़क हादसे में पिता पुत्र की मौत

**अमेठी।** अमेठी जिले के जगदीशपुर क्षेत्र में गुरुवार को एसयूवी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता पुत्र की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जायस जगदीशपुर मार्ग पर खौ पुर के पास एक तेज रफ्तार स्कार्पियो बाइक को रौंदते हुए आगे निकल गई। इस हादसे में एक बाइक पर सवार पांच लोगों में से दो की मौत हो गई। मृतक पिता और पुत्र बताए जा रहे है। बाइक पर सवार अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान राकेश और निखिल निवासी जगदीशपुर थाना क्षेत्र उमर का पुरवा के रूप में हुई, वहीं शिवानी, प्रिया और विपिन घायल की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। क्षेत्राधिकारी खाना अतुल सिंह ने बताया कि दुर्घटना में पिता पुत्र की मौत हुई है।

### जौनपुर में हार्डवेयर व्यवसायी पर जानलेवा हमला

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के सरपतहां क्षेत्र में गुरुवार देर शाम भरे बाजार बाइक सवार दो बदमाशों ने हार्डवेयर व्यवसायी को गोली मार दी। घायल को जिला अस्पताल लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया है।

### शुद्धि

देशबन्धु समाचार पत्र के दिनांक 1 फरवरी 2024 के अंक में कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा मेरठ द्वारा निकाली गई निविदा आमंत्रण सूचना में क्र.सं. 14 में 2 प्रति धरोहर राशि त्रुटिवश रु. 5600.00 अंकित हो गया, जिसे रु.14000.00 पढ़ा जाए। निविदा प्रपत्र मूल्य 18 प्रति जीएसटी स्टेशनरी चार्जेज कुल मूल्य रू. में त्रुटिवश जमा (+) के स्थान पर घटना (-) अंकित हो गया, जिसे जमा (+) के रूप में पढ़ा जाए।

## परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**मवाना,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर स्थित एएस इंटर कॉलेज में गुरूवार को माध्यमिक शिक्षा के निदेशक के आदेशों के अनुपालन में उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा अलीगढ़ विनय कुमार गिल तथा राजकीय इंटर कॉलेज मेरठ के प्रधानाचार्य प्रशांत चौधरी ने परीक्षा केंद्र की मूलभूत आवश्यकताओं का निरीक्षण किया। विद्यालय में समस्त कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाए गए स्ट्रांग रूम तथा परीक्षा विभाग के रखरखाव आकलन किया विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए शौचायलयों तथा साफ-सफाई, प्रकाश, विधुत, जनरेटर इत्यादि का बारीकी से निरीक्षण किया। विद्यालय में साफ सफाई इत्यादि तथा समस्त व्यवस्थाओं के आकलन के उपरांत प्रशंसा की उसके उपरांत उप शिक्षा निदेशक अलीगढ़ विनय कुमार गिल को प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह, प्रशांत चौधरी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ देवेंद्र सिंधु ने अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया।

## सुभारती विवि में युवा उत्सव के तीसरे दिन दिखा सुर, लय, ताल व कला का अनूठा संगम

**विभिन्न शैलियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने जमाया रंग**



**मेरठ,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से आयोजित सेन्ट्रल जोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने अपनी सुरीली आवाज के जादू के साथ शास्त्रीय नृत्य, व्यंग्य नाटक, वाद-विवाद, और ललित कला प्रतियोगिताओं में अद्भुत प्रदर्शन किया। तालियों की गड़गड़ाहट की बीच विद्यार्थियों का जोश उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहा था। विश्वविद्यालय परिसर में हर ओर उत्साह व उमंग का माहौल नजर आया। देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये विद्यार्थियों ने हिंदुस्तानी और पश्चिमी शैली के गायन, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, व्यंग्य नाटक, वाद-विवाद, एवं ललित कला की विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेजोड़ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सुभारती परफार्मिंग आर्ट विभागाध्यक्षा एवं युवा महोत्सव की संयोजक डॉ.भावना ग्रोवर ने बताया कि भारतीय शास्त्रीय शैली एवं सुगम शैली दोनों में गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन ललित कला विभाग में स्थित पंडित बिरजू महाराज नृत्य हॉल में किया गया। इसमें हिमांशु शर्मा, सोमवीर कथूरवाल, एवं प्रोफेसर संतोष कुमार पाठक निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, राजा मान सिंह तोमर संगीत और कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी, भोपाल, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, एवं सुभारती विश्वविद्यालय समेत अनेकों विश्वविद्यालयों के छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

## पहले प्रयास में आयुषी भटनागर ने की यूजीसी नेट परीक्षा पास

**असिस्टेंट प्रोफेसर की योग्यता की पात्रता की हासिल**

**मवाना,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निवासी आयुषी भटनागर ने अपने प्रथम प्रयास में ही यूजीसी नेट 2023 दिसंबर परीक्षा में सफलता हासिल कर अस्सिटेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी हेतु पात्रता हासिल की है। आयुषी पिता संजय भटनागर ने बताया कि उनकी पुत्री आयुषी भटनागर ने प्रारंभिक शिक्षा स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल, मवाना से हासिल कर कक्षा 10 में 10 सीजीपीए से पास की और 12वीं की परीक्षा ट्रांसलेम एकेडमी इंटरनेशनल, मेरठ से 93 प्रतिशत नंबर प्राप्त करें और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से बीकॉम टॉपर रही। आयुषी ने एलएलबी मेरठ कॉलेज मेरठ से प्रथम श्रेणी में प्राप्त की है और अब वह एलएलएम मेरठ कॉलेज मेरठ के फाइनल सेमेस्टर में है।




आयुषी ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की कृपा, कठिन परिश्रम एवं परिजनों के सहयोग को दिया है। आयुषी की इस उपलब्धि पर अनेकों संस्थाओं एवं परिचितों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## अयोध्यानगरी के लिए आठ शहरों से सीधी उड़ान सेवा

**मुख्यमंत्री ने स्पाइसजेट की नॉन स्टॉप उड़ान को दिखाई हरी झंडी**

**लखनऊ,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। अयोध्या के नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजित श्रीरामलला के दर्शन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अयोध्या पहुंचना और आसान हो गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री वीके सिंह ने 8 शहरों से अयोध्या आने-जाने के लिए स्पाइसजेट की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नाई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट द्वारा नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएं शुरू होने से अयोध्या की कनेक्टिविटी और बेहतर हो गई है, इससे पर्यटन में भी वृद्धि होगी। इससे पहले दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए अयोध्या से वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जो सफलता पूर्वक संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या धाम के नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी एक माह ही हुआ है, लेकिन इस अल्प अवधि में ही अयोध्या की कनेक्टिविटी देश के इतने महत्वपूर्ण नगरों के साथ होना, अयोध्या के बेहतर भविष्य का संकेत देती है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अयोध्या की शान बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग नई वायु सेवा का समुचित उपयोग करें और अयोध्या की सुंदरता और परंपरा को दुनिया के साथ साझा करें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या देश की आस्था का प्रतीक है। जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हुई है। प्रभु श्री राम लला के साथ जुड़ी हैं।

## सपा बूथ कमेटियों को करें दुरुस्त : गौतम

**फर्रुखाबाद,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला कार्यकारणी की मासिक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर फर्रुखाबाद लोकसभा के प्रभारी विधायक राजेंद्र कुमार गौतम ने जनपद के नेताओं के समक्ष आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर के अपने सुझाव साझा किए। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र कुमार ने कहा कि हमें अपनी समस्त बूथ कमेटियों को दुरुस्त करना अत्यंत आवश्यक है, साथ ही उन्होंने कहा कि पीडीए जन पंचायत के तहत हमें जन जन तक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अपील को पहुंचाना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि हमारे सभी पदाधिकारियों में जबरजस्त क्षमता है और लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया जा चुका है वह सभी पदाधिकारी नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील करते हैं की सभी लोग अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए लग जाएं। हमें आपसी मतभेद बुला करके अपने प्रत्याशी को जीतने का काम करना है, हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि फर्रुखाबाद लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी की प्रथम वरीयता सूची में है। सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरण ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की नीतियों और उनकी सोच का कोई जोड़ नहीं है बस हमें यह बात जनता तक पहुंचानी है।

## पुलिस के खिलाफ गिरफ्तारी देंगे भाकियू कार्यकर्ता

**मवाना,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। गंगानगर पुलिस द्वारा भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के खिलाफ गुरूवार को मवाना थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में गंगानगर पुलिस को गिरफ्तारी देने का फैसला लिया।



- मुबारिकपुर गांव में बैठक पर रणनीति पर भाकियू पदाधिकारियों ने की चर्चा

बता दे कि बुधवार शाम गंगानगर पुलिस ने भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के भाई सुरेंद्र टिकैत के बेटे की बाइक का 20 जनवरी को आईआईएमटी चौराहा पर चालान करते हुए बाइक भी सीज कर दी थी। पुलिस ने बाइक पर 27 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जिसके विरोध में भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता गंगानगर थाने में ट्रैक्टर-ट्राली लेकर पहुंच गए और थाने के अंदर घुसकर जमकर नारेबाजी की। बाइक छोड़ने से मना करने पर भाकियू कार्यकर्ता थाना परिसर में धरने बैठ गए और ट्रैक्टर मुख्य गेट पर लगा दिए।

**प्रतिक्रिया** *अंतरिम बजट पर आई मिलीजुली प्रतिक्रिया*

# बजट में व्यापारी समाज की मांगों को अनदेखा कर दिया : अग्रवाल

**मेरठ, 1 फरवरी (देशबन्धु)। वर्ष 2024-25 को लिए गुरवार को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत किए गए अंतरिम बजट को लेकर दिन भर चर्चा का दौर जारी रहा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों ने तरह-तरह की प्रतिक्रिया दी। अंतरिम बजट पर राय रखते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन द्वारा अपने कार्यकाल का छठ बजट पेश किया है।**

बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है परंतु पता नहीं क्यों व्यापारी समाज की मांगों को अनदेखा कर दिया है जबकि व्यापारी समाज लगातार ज्ञापन के माध्यम से मान्य वित्त मंत्री के समक्ष अपनी मांगों को प्रस्तुत करता रहा है कुटीर घरेलू लघु उद्योग व रिटेल के छोटे मझौले दुकानदारों की बेसिक जरूरतों को अनदेखा किया गया है। दूसरी ओर अंतरिम बजट के साकारात्मक पहलू के बारे में बात करते हुये सीसीएस यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो दिनेश ने कहा कि कर ढांचे में कोई बदलाव नहीं होने से करदाताओं को निराश किया है। हालांकि, सरकार राजकोषीय समेकन, पूंजीगत व्यय और सामाजिक कल्याण सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करती है। वित्त मंत्री सीतारमण का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत तक कम करना है। वित्त वर्ष 2025 के लिए संशोधित राजकोषीय घाटा लक्ष्य, सकल घरेलू उत्पाद का 5.8: है। चुनावी वातावरण में यह बजट वित्तीय एवं राजकोषीय प्रबंधन का एक कुशल उदहारण कहा जा सकता




**विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वालों ने अंतरिम बजट पर प्रकट किए विचार**

इस क्रम में मवाना के किसान नेता नरेश चौधरी का कहना है कि केंद्र सरकार का बजट महल पूंजीपति और उद्योगपतियों के लिए है। बजट में किसानों के हित की कोई बात नहीं कही गई। किसानों के लिए कोई अतिरिक्त बजट की घोषणा भी नहीं की गई जिसके चलते किसानों में रोष है।

### शोभित यूनिवर्सिटी में अंतरिम बजट का सीधा प्रसारण

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज विभाग द्वारा आयोजित बजट 2024 का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत में नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज विभाग के प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने छात्रों को बजट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। विभाग के निदेशक प्रोफ राजुल दत्त ने बताया की इस बजट सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारत की अर्थव्यवस्था तथा देश में लागू की गई योजनाएं एवं उन पर होने वाले खर्च तथा केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के बारे में जानना मुख्य था। छात्रों ने भारत सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी, टैक्स रिवेन्यू, नॉन टैक्स रिवेन्यू, के बारे में जाना। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर जयानंद ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस बार का बजट काफी अच्छा रहा है। लाइव प्रसारण के दौरान विभिन विभागो के डीन प्रो. विनोद कुमार त्यागी, परमोद कुमार गोयल, शिक्षक डॉ. अंशु चौधरी, हेड पब्लिक रिलेशन प्रो. डॉ. अभिषेक डबास, डॉ. नेहा यजुर्वेदी, डॉ. गार्गी चौधरी, डॉ. प्रीति गर्ग, अभिनव पाठक, एवं मेनेजमेंट विभाग के समस्त छात्र उपस्थित रहे।



देशबन्धु | नई दिल्ली, शुक्रवार, 2 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

**डिजाइन कौशल बढ़ाने के लिए 'जेन नेक्स्ट' वर्चुअल डिजाइन फेस्टिवल 2024 में शामिल होने के लिए हो जाएं तैयार**

**नई दिल्ली।** 'जेन नेक्स्ट' वर्चुअल डिजाइन फेस्टिवल 2024 के साथ महत्वाकांक्षी डिजाइनर एक अद्वितीय डिजाइन यात्रा के लिए तैयार हो सकते है, जो कॉलेज दुनिया और AIDAT के बीच एक अभूतपूर्व सहयोग है। जनवरी से जून 2024 तक निर्धारित यह अभिनव पहल एक गहन और परिवर्तनकारी अनुभव के माध्यम से डिजाइन शिक्षा को फिर से परिभाषित करने के लिए भारत भर के 50 से अधिक अग्रणी डिजाइन कॉलेजों को एक साथ ला रही है। यह फेस्टिवल प्रतिभागियों को अपने कौशल और रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए विविध प्रकार के अवसर प्रदान करता है।

**अंतरिम केंद्रीय बजट 2024**

# लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर का फ्री टीका

## आंगनबाड़ी-आशा वर्कर को 5 लाख तक मुफ्त इलाज

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। सरकार ने इस बार के अंतरिम बजट में महिलाओं के लिए उम्मीद से कम घोषणाएं की हैं। अंतरिम बजट 2024-25 में देश में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, यू-विन प्लेटफॉर्म के जरिए टीकाकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए 9-14 साल की लड़कियों को फ्री टीका लगाया जाएगा।

बजट के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश में 9 करोड़ महिलाओं से जुड़े 83 लाख स्वयं सहायता समूहों हैं। इन समूहों की मदद से एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में 30 करोड़ मुद्रा योजना लोन महिला उद्यमियों को दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 प्रतिशत आवास महिलाओं को मिले हैं।

### लखपति दीदी स्कीम से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं

अंतरिम बजट-2024 में 'लखपति दीदी' स्कीम के तहत 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ये टारगेट पहले 2 करोड़ था। वहीं इस स्कीम के तहत अब तक एक करोड़ महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। ये स्कीम 15 अगस्त 2023 को लागू की गई थी। इस योजना में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया जाता है। महिलाओं को आंत्रप्रेन्योरशिप इंडस्ट्री, एजुकेशन



या दूसरी जरूरतों के लिए स्मॉल लोन भी दिए जाते हैं। स्कीम का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन या आंगनबाड़ी केंद्र से ऑफलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

### लखपति दीदी स्कीम के लिए जरूरी नियम

स्कीम का लाभ लेने के लिए महिला को संबंधित राज्य का स्थायी निवासी होना जरूरी है। महिला का स्वयं सहायता समूहों से जुड़ा होना अनिवार्य है। स्कीम से जुड़ने के लिए जरूरी डॉक्युमेंट्स- आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा 5 लाख तक का फ्री इलाज

आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता को इसके दायरे में लाया जाएगा। इस योजना के तहत लाभार्थी के नाम आयुष्मान कार्ड जारी किया जाता है। इस कार्ड की मदद से स्कीम के तहत लिस्टेड सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक का मुफ्त में इलाज करवाया जा सकता है।

योजना में किसी बीमारी में अस्पताल में एडमिट होने से तीन दिन पहले और 15 दिन बाद के खर्च कवर होते हैं। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च, सभी मेडिकल जांच, ऑपरेशन और इलाज जैसी चीजें इसमें शामिल हैं। इसमें पुरानी बीमारियां भी कवर होती हैं।

### आप आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र हैं या नहीं

इस योजना के लिए कुछ पात्रता निर्धारित की गई है। यह पात्रता रखने वाले लोग आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अप्लाई कर सकेंगे। आयुष्मान योजना के लिए पात्रता जांचने के लिए आप 14555 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा आप pmjay.gov.in साइट के जरिए भी अपनी पात्रता चेक कर सकते हैं।

# 9 से 14 साल की लड़कियों को मुफ्त टीका

यू-विन प्लेटफॉर्म के जरिए टीकाकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9-14 साल की लड़कियों को फ्री टीका लगाया जाएगा। भारत में ब्रेस्ट कैंसर के बाद महिलाएं सबसे अधिक सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित होती हैं। हर साल सर्वाइकल कैंसर की 1 लाख 25 हजार से अधिक मरीज मिलती हैं। इससे मरने वालों की संख्या 77,000 से ऊपर है।

### यू-विन प्लेटफॉर्म

इस प्लेटफॉर्म के जरिए हर प्रेग्नेंट महिला का रजिस्ट्रेशन और वैक्सीनेशन किया जाएगा। यहां उनकी डिलीवरी रिकॉर्ड, हर नवजात शिशु के जन्म का रजिस्ट्रेशन और उनका टीकाकरण सभी का रिकॉर्ड रखा जाएगा। यू-विन कार्यक्रम को यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम को डिजिटल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे अभी सभी राज्यों में पायलट मोड में चलाया जा रहा है।

सक्षम आंगनबाड़ी योजना और पोषण 2.0, 'मिशन शक्ति' के पार्ट है। इसके तहत भारत की आंगनबाड़ियों को अपग्रेड करना है। इसमें महिलाओं और बच्चों को सार्वजनिक सेवाएं दी जाती है। इस योजना में आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटाइज किया जाना है। ई-आंगनबाड़ी से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रदर्शन और विकास को ट्रैक किया जाएगा।

पोषण 2.0 को 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' के नाम से भी जाना जाता है। इसके तहत 6 साल तक के बच्चों किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण की स्थिति को बेहतर रखने के लिए काम किया जाता है। इस स्कीम का उद्देश्य शारीरिक विकास में बाधा, पोषण की कमी, खून की कमी को दूर करने से साथ कम वजन वाले शिशुओं के स्तर को कम करना है।

### सक्षम आंगनबाड़ी योजना और पोषण 2.0

इसके तहत भारत की आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया जाएगा। इसमें महिलाओं और बच्चों को सार्वजनिक सेवाएं दी जाती है। सक्षम आंगनबाड़ी योजना में आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटाइज किया जाना है। ई-आंगनबाड़ी से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रदर्शन और विकास को ट्रैक किया जाएगा।

पोषण 2.0 को 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' के नाम से भी जाना जाता है। इसके तहत 6 साल तक के बच्चों किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण की स्थिति को बेहतर रखने के लिए काम किया जाना है। इस स्कीम का उद्देश्य शारीरिक विकास में बाधा, पोषण की कमी, खून की कमी को दूर करने से साथ कम वजन वाले शिशुओं के स्तर को कम करना है।

# मधुमेह की कुछ दवाएं गुर्दे की पथरी के खतरे को कर सकती हैं कम



**न्यूयॉर्क,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। मधुमेह की कुछ दवाएं गुर्दे की पथरी के खतरे को कम कर सकती हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, टाइप 2 मधुमेह गुर्दे की पथरी के बढ़ते जोखिम से जुड़ा है, इस स्थिति के लिए कुछ प्रकार के उपचार से गुर्दे की पथरी के जोखिम को कम करने में भी लाभ हो सकता है। अमेरिका में ब्रिघम और महिला अस्पताल एवं मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के रिसर्चर्स ने पाया कि सोडियम-ग्लूकोज कॉन्ट्राट्रांसपोर्टर 2 (एसजीएलटी2) अवरोधकों के उपयोग और गुर्दे की पथरी के विकास के कम जोखिम के बीच एक संबंध था। जेएएमए इंटरनल मेडिसिन में रिपोर्ट किए गए अध्ययन में टाइप 2 मधुमेह वाले मरीजों के अमेरिका के तीन राष्ट्रव्यापी डेटाबेस से डेटा शामिल था, जिन्हें रूटीन क्लिनिकल प्रैक्टिस में देखा गया था। टीम ने टाइप 2 मधुमेह वाले 7,16,406 वयस्कों की जानकारी का विश्लेषण किया। जिन्होंने एसजीएलटी 2 अवरोधक या मधुमेह दवाओं के दो अन्य वर्ग जिन्हें जीएलपी1 रिसेप्टर एगोनिस्ट या डाइपेप्टिडाइल पेप्टिडेज़ 4 (डीपीपी4) अवरोधक के रूप में जाना जाता है, लेना शुरू कर दिया था। जिन मरीजों ने एसजीएलटी2 अवरोधक लेना शुरू किया, उनमें जीएलपी1 एगोनिस्ट लेने वालों की तुलना में गुर्दे की पथरी विकसित होने का जोखिम 30 प्रतिशत कम था, और डीपीपी4 अवरोधक लेने वालों की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत कम था। ये निष्कर्ष लिंग, नस्ल/जातीयता, क्रोनिक किडनी रोग के इतिहास और मोटापे के आधार पर एक जैसे थे। ब्रिघम और महिला अस्पताल में फार्माकोएपिडेमियोलॉजी और फार्माकोइकॉनॉमिक्स विभाग की संबंधित लेखिका जूली पाइक ने कहा कि हमारे निष्कर्ष मधुमेह के उन मरीजों के लिए रूटीन निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं जिन्हें गुर्दे की पथरी होने का खतरा है।

# फरवरी 2024 कम्युनिटी डे : चैंसी

नई दिल्ली। हम फरवरी 2024 में होने वाले पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो रविवार, 4 फरवरी, 2024 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के प्रशिक्षकों के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें एग पोकेमॉन, चैंसी को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। हमारे कम्युनिटी डे मीट-अप शनिवार 4 फरवरी 2024 को स्थानीय समय (भारत में ढ्ढस्ञ्ज) अनुसार दोपहर 2ञ00 बजे से शाम 5ञ00 बजे तक होंगे। वर्चुअल ट्रेनर मीटअप भारत के अठारह शहरों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नई दिल्ली का लोधी गार्डन, मुंबई का कार्टर रोड स्थित जॉगर्स पार्क, पुणे का सारस बाग, गुरुग्राम का लेजर वैली पार्क, जयपुर का जवाहर सर्कल, बेंगलुरु का कब्बन पार्क में स्थित एडवर्ड ङ्कढ्ढढ्ढ की प्रतिमा, कानपुर का कारगिल पार्क, वडोदरा का कामतीबाग, इंदौर का लालबाग गार्डन, कोलकाता का रवीन्द्र सरोवर झील में लायंस सफारी पार्क, वाराणसी का शहीद उद्यान नगर निगम, पटना का विज्ञान केंद्र, चेन्नई का अन्ना नगर में स्थित टॉवर पार्क, हैदराबाद का इंदिरा पार्क, लखनऊ का लोहिया पार्क, अहमदाबाद का गांधी आश्रम, तिरुवनंतपुरम का नेपियर संग्रहालय और विशाखापत्तनम का ऑल एबिलिटीज़ चिल्ड्रन पार्क शामिल हैं।




# रेलवे स्टेशन पर मनाया विश्व एनटीडी दिवस



**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों (एनटीडी) से निपटने के प्रति एकजुटता और प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए भारत एनटीडी के खिलाफ वैश्विक अभियान में शामिल हुआ। इसके लिए देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक प्रतिष्ठित नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को बैंगनी और नारंगी रंग में रोशन किया गया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव मांझी ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय वेक्टर-जनित रोग नियंत्रण केंद्र की डॉयरेक्टर डॉ. तनु जैन व ज्वाइंट डॉयरेक्टर डॉ. छवि पंत जोशी भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर राजीव मांझी ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का इस तरह जगमगाना मात्र रोशनी का प्रदर्शन नहीं है बल्कि यह वैश्विक शक्तियों के साथ सहयोग करने और एनटीडी को खत्म करने के वैश्विक लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के हमारे देश के संकल्प का प्रदर्शन है। पिछले साल इन बीमारियों को खत्म करने के लिए भारत ने उष्णकटिबंधीय बीमारियों को उपेक्षित श्रेणी से हटाकर इन्हें प्राथमिक श्रेणी के रूप में पुनर्वर्गीकृत करने की घोषणा की। जहां हम इन बीमारियों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रख रहे हैं, तो वहीं इन बीमारियों के बारे में सभी तबकों के लोगों को संवेदनशील बनाना और भारत से सभी 12 एनटीडी को खत्म करने के लिए सभी का समर्थन लेना महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर बताया गया कि भारत एनटीडी उन्मूलन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। भारत ने राष्ट्रव्यापी वार्षिक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाकर इस प्रतिबद्धता को जताया भी है। एमडीए अभियान लिम्फैटिक फाइलेरियासिस के उन्मूलन को लक्षित करते हुए 10 फरवरी, 2023 को शुरू किया गया था और 2027 तक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय एलएफ उन्मूलन लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम की अगुवाई करेगा।

# देव आनंद की फिल्मों की पुरानी यादगार चीजों की ऑनलाइन होगी नीलामी



**मुंबई,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। महान अभिनेता दिवंगत देव आनंद की फिल्मों की दुर्लभ और पुरानी यादगार वस्तुओं की ऑनलाइन नीलामी होने वाली है। यादगार वस्तुओं में 'बाजी', 'काला बाजार', 'सीआईडी', 'काला पानी', 'गाइड', 'तेरे घर के सामने', 'हरे रामा हरे कृष्णा', 'जॉनी मेरा नाम' और 'हीरा पन्ना' जैसी क्लासिक फिल्मों की पब्लिसिटी आर्ट शामिल हैं। इसमें 'आराम', 'मिलाप', 'माया', 'मंज़िल', 'कहीं और चल', 'बारिश', 'बात एक रात की', 'सरहद' और 'किनारे किनारे' जैसी उनकी कम प्रसिद्ध फिल्मों के दुर्लभ और पुराने फोटोग्राफिक चित्र, पोस्टर, शोकार्ड, लॉबी कार्ड, गीत पुस्तिकाएं भी शामिल हैं। मुख्य आकर्षणों में 'काला बाजार' और 'जॉनी मेरा नाम' लॉबी कार्ड का एक दुर्लभ सेट, 'गाइड' से 8 पहली रिलीज प्रचार ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफिक तस्वीरें, 'हरे राम हरे कृष्णा' से 15 रंगीन फोटोग्राफिक तस्वीरें, दुर्लभ और खूबसूरती से डिजाइन किए गए पोस्टर शामिल हैं।

वहीं, 'मुनीम जी', 'मिलाप', 'सरहद', 'माया', 'मंज़िल', 'किनारे किनारे', 'गाइड', 'जुआरी', 'डार्लिंग डार्लिंग', 'काला पानी' और 'अमीर ग़रीब' के अनूठे भारतीय कोलाज हस्तनिर्मित शोकार्ड शामिल हैं। डेरिवाज और इव्स फिल्म विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता एसएमएम औसाजा ने कहा कि 'बाजी' से छोटी प्रसिद्ध काले और सफेद चांदी की जिलेटिन तस्वीर, 'गाइड' के अंतरराष्ट्रीय लॉन्च के लिए बनाए गए फोटोग्राफिक प्रचार चित्र, सरहद के लिए प्रचार और गीत पुस्तिकाएं, 'काला बाजार' लॉबी कार्ड का पूरा सेट कुछ असाधारण दुर्लभ वस्तुएं हैं।

# चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड से सम्मानित हुए अर्जुन रामपाल

**मुंबई,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अर्जुन रामपाल को चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल को सिनेमा और संस्कृति में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार समारोह की तस्वीर साझा करते हुए अआभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के माननीय 37वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन के हाथों चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड महाराष्ट्र को प्राप्त कर बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा (पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट भारत) का आभारी हूं कि उन्होंने इस सम्मान को और भी प्रभावी बनाया, मैं



समाज और भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में लगातार अपना योगदान देता रहूंगा। धन्यवाद, श्री नंदन झा (चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड कमेटी के अध्यक्ष) सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयासरत व्यक्तियों के प्रयासों को स्वीकार करने के लिए।

# 67 वर्ष के हुए जैकी श्रॉफ

**मुंबई,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता जैकी श्रॉफ आज 67 वर्ष के हो गए। जैकी श्रॉफ का जन्म 1 फरवरी 1957 को हुआ। उनका मूल नाम जयकिशन काकुभाई श्रॉफ है।वह मुंबई के वालकेश्वर इलाके में तीन बत्ती की एक चाल में रहा करते थे। फिल्मों में आने से पहले इन्होंने कुछ विज्ञापनों में एक मॉडल के रूप में काम किया। अभिनेता और मॉडल बनने से पहले जैकी को जग्गु दादा के नाम से जाना जाता था। देवआनंद की फिल्म 'स्वामी दादा' (1982) की शूटिंग देखने जब जैकी श्रॉफ वहां पहुंचे तो वह भीड़ में अलग ही नजर आ रहे थे।

देव साहब की नजर जैकी पर पड़ी। उन्होंने जैकी को बुलाया और एक छोटा सा रोल करने के लिए कहा।जैकी मान



गए और इस तरह से पहली बार वे बड़े परदे पर नजर आएं। इस दौरान सुभाष घई की नजर जैकी श्रॉफ पर पड़ी जो उन दिनों हीरो बनाने की तैयारी कर रहे थे।

सुभाष घई को अपनी फिल्म हीरो के लिये रफ टफ छवि वाले कलाकार की जरूरत थी और उन्होंने जैकी श्रॉफ को हीरो के लिये चुन लिया। वर्ष 1983 में प्रदर्शित फिल्म हीरो में जैकी श्राफ ने एक मवाली गुंडे की भूमिका निभायी।

# उत्तराखंड में साल की पहली बर्फबारी, खिले बागवानों के चेहरे

**देहरादून,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। लम्बे इंतजार के बाद उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही जमकर बर्फबारी से जहां किसानों के चेहरे खिल गए है। वही पहाड़ों पर बिखरी बर्फ की चांदी से पर्यटकों की आमद बढ़ने से व्यापारियों के चेहरे पर भी रौनक आ गई है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे से रूक रूकर कर बारिश व बर्फबारी हो रही है।

चमोली जिले में दो दिनों से मौसम में आए बदलाव के चलते बारिश और बर्फबारी से शीत लहर बढ़ने लगी है। थराली, कुराड़, पार्था, लोहाजंग, रूपकुंड सहित पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। जिसके बाद ठंड बढ़ गई है। बर्फबारी होने विंटर डेस्टिनेशन औली में पर्यटन व्यवसाई काफी खुश हैं। जोशीमठ क्षेत्र के आसपास की ऊंची पहाड़ियों स्लीपिंग ब्यूटी, चिनाप वैली, बदरीनाथ, हनुमान चट्टी, एरा टॉप,



पांगरचूली कुंवारी पास क्षेत्र गोरसों बुग्याल में भी हिमपात जारी है। बदरीनाथ, औली सहित चमोली के तमाम पर्यटन स्थल बर्फ की आगोश में हैं। हिमयुग लौटने से पर्यटन व्यवसायियों सहित काश्तकारों के चेहरे खिले हुए हैं। चमोली में ऊंची ऊंची पहाड़ियों में बर्फ की सफेद चादर से ढकी हैं। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे काश्तकारों को भी फायदा मिलेगा। जंगलों में लगी आग पर भी इससे काबू पाया जा सकेगा।

पहाड़ों की रानी मसूरी में भी मौसम ने करवट बदल ली है। मसूरी में देर रात हल्की ओलावृष्टि और बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

- **बर्फबारी से पहाडियों पर बिखरी चांदी से चमके टूरिस्ट प्लेस**
- **पर्यटकों की आमद से खिले व्यापरियों के चेहरे**

मसूरी के पास धनोल्टी क्षेत्र में भी हल्की बर्फबारी हुई है। जिससे लोगों के चेहरे खिल गए हैं। जिससे मसूरी में भी बर्फबारी होने की उम्मीद जाग गई है। मसूरी और आसपास के क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि और बारिश होने से तापामन में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मसूरी में पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद है। मसूरी और धनोल्टी में बर्फबारी के बाद यातायात और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मसूरी के कई क्षेत्रों पर जेसीबी तैनात की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश होने की अनुमान जताया है। जिसके बाद जिला प्रशासन एक्शन में आ गया है।

टिहरी जिले के दूरस्थ गंगी गांव, धनोल्टी, सुरकण्डा मंदिर, प्रतापनगर, चन्द्रबदनी, खेट पर्वत सहित ऊंची ऊंची पहाड़ियों में कल शाम को बर्फवारी हुई है। जिसके बाद से इलाके में ठंड बढ़ने के साथ ही कोहरे छाया हुआ है। बर्फवारी होने से ग्रामीण खुश नजर आ रहे हैं। किसानों ने भी राहत की सांस ली है। सेब किसान भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, डीएम मयुर दीक्षित ने बारिश, बर्फबारी को देखते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बर्फबारी में सड़कों पर चूना नमक डालने के निर्देश दिये गये हैं। जिला प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# डीसीडीसी किडनी केयर ने मोदी नगर में डायलिसिस सेंटर का किया उद्घाटन

**मोदी नगर,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। डायलिसिस और किडनी केयर सेवाएं मुहैया कराने डीसीडीसी किडनी केयर ने उत्तर प्रदेश में अपने प्रथम स्टैंडअलोन सेंटर के उद्घाटन की घोषणा की है। यह अत्याधुनिक सुविधा लोकप्रिय हॉस्पिटल, मोदीनगर में स्थित है। यह सेंटर इस क्षेत्र में उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सेंटर 15 डायलिसिस मशीनों से लैस है जो दर्शाता है कि डीसीडीसी इस इलाके में डायलिसिस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गंभीर है। इस सुविधा में सैपरेट और आईसोलेटिड डायलिसिस युनिट शामिल हैं जिन्हें खास तौर पर सिरम-पॉज़िटिव मरीजों के लिए स्थापित किया गया है, इनमें उत्तम सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। मोदीनगर के लोकप्रिय हॉस्पिटल में स्थित डीसीडीसी किडनी केयर उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के संगठन के समर्पण को रेखांकित करता है। इस नए सेंटर का लांच डीसीडीसी द्वारा अपने उच्च मानकों को कायम रखने की प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह



सुनिश्चित करता है कि मरीजों को संगठन की उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं की प्रतिबद्धता के मुताबिक बेहतरीन डायलिसिस सेवाएं प्राप्त होती रहेंगी। डीसीडीसी किडनी केयर के सीईओ असीम गर्ग ने इस नए सेंटर के उद्घाटन पर कहा, उत्तर प्रदेश में हमारे पहले स्टैंडअलोन सेंटर का लांच हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मंजिल है, हमारा मिशन है कि विविध समुदायों के लिए हम उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचनीय बनाएं। डीसीडीसी को जिन उच्च मानकों के लिए जाना जाता है उन्हें बरकरार रखने के लिए हम वचनबद्ध हैं। मोदी नगर की विधायक डॉ मंजू सिवाच इस उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.88 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.49 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.44 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.23 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 3.09 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.94 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.77 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.91 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.36 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.17 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिट्टर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए चीनी सब्सिडी योजना दो साल के लिए बढ़ाई

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) वाले परिवारों के लिए सार्वजनिक वितरण योजना (पीडीएस) के माध्यम से वितरित चीनी सब्सिडी योजना को 31 मार्च 2026 तक दो साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है। योजना के तहत केंद्र सरकार प्रतिभागी राज्यों के एएवाई परिवारों को चीनी पर प्रति माह 18.50 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी देती है। इस मंजूरी से 15वें वित्त आयोग (2020-21 से 2025-26) की अवधि के दौरान 1,850 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ मिलने की उम्मीद है।



एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'यह योजना सबसे गरीब लोगों तक चीनी की पहुंच को आसान बनाती है और उनके आहार में ऊर्जा जोड़ती है ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो।' भारत सरकार पहले से ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत मुफ्त राशन दे रही है। बयान में कहा गया है कि किफायती और उचित मूल्य पर 'भारत आटा', 'भारत दाल' और टमाटर तथा प्याज की बिक्री पीएम-जीकेएवाई से परे नागरिकों की थाली में पर्याप्त भोजन सुनिश्चित करने के उपाय हैं।

अब तक लगभग तीन लाख टन चना दाल और लगभग 2.4 लाख टन आटा बेचा जा चुका है, जिससे आम उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है। बयान में कहा गया है कि इस प्रकार, सब्सिडी वाली दाल, आटा और चीनी की उपलब्धता ने देश के आम नागरिक के लिए भोजन पूरा कर दिया है, जिससे 'सभी के लिए भोजन, सभी के लिए पोषण' की मोदी की गारंटी पूरी हो गई है।

इस मंजूरी के साथ, सरकार पीडीएस के माध्यम से एएवाई परिवारों को प्रति माह एक किलोग्राम प्रति परिवार की दर से चीनी वितरण के लिए भाग लेने वाले राज्यों को सब्सिडी देना जारी रखेगी। चीनी की खरीद और वितरण की जिम्मेदारी राज्यों की है।

## भारतपे ने रोहण खारा को नया मुख्य उत्पाद अधिकारी नियुक्त किया

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। फिनटेक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी भारतपे ने गुरुवार को रोहण खारा को नया मुख्य उत्पाद अधिकारी (सीपीओ) नियुक्त करने की घोषणा की। खारा भारतपे समूह की कंपनियों में उत्पाद विकास और नवाचार, व्यापारियों और उपभोक्ता उत्पादों की डिजाइनिंग और यूजर रिसर्च टीमों का नेतृत्व करेंगे। खारा ने एक बयान में कहा, 'सीपीओ के रूप में मेरा ध्यान न केवल उन नवोन्मेषी उत्पादों का निर्माण करना होगा जो हमारे अंतिम यूजरों (व्यापारियों और उपभोक्ताओं) के लिए अत्यधिक वैल्यू प्रदान करते हैं, बल्कि राजकोषीय विवेक के साथ नवप्रवर्तन को संतुलित भी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'हम नए उत्पादों की लॉन्चिंग जारी रखेंगे जो हमारे लक्षित खंडों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, साथ ही निचले स्तर पर व्यापार मूल्य को बढ़ाते रहेंगे।' भारतपे में शामिल होने से पहले, खारा फेयरमनी इंडिया में प्रबंध निदेशक (एमडी) थे। उनके पास उत्पाद प्रबंधन, डिजाइन और नवाचार के विभिन्न पहलुओं में 17 वर्षों का समृद्ध अनुभव है। खारा ने पिछले आठ साल तीन उभरते बाजारों - भारत, इंडोनेशिया और नाइजीरिया - में फिनटेक स्टार्टअप्स में वित्तीय सेवा उत्पादों के निर्माण और विस्तार में योगदान दिया है। अपनी पेशेवर यात्रा के दौरान, उन्होंने मोबिक्विक और क्विकर सहित कई स्टार्टअप में उत्पाद भूमिकाओं का नेतृत्व किया है।

## सरकार ने कपड़ों के निर्यात पर कर छूट योजना दो साल बढ़ाई



**नई दिल्ली**, 1 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को परिधान और कपड़ों से बने अन्य सामानों के निर्यात के लिए राज्य और केंद्रीय करों और शुल्कों (आरओएससीटीएल) की छूट योजना को 31 मार्च 2026 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। दो वर्षों की प्रस्तावित अवधि के लिए योजना को जारी रखने से एक स्थिर नीति व्यवस्था मिलेगी जो दीर्घकालिक व्यापार योजना के लिए आवश्यक है, विशेष रूप से कपड़ा क्षेत्र में जहां दीर्घकालिक डिलीवरी के लिए अग्रिम आदेश दिए जा सकते हैं। आरओएससीटीएल की निरंतरता से करों और शुल्क के बोझ को दूर करने में मदद मिलेगी और इस सिद्धांत पर समान अवसर मिलेगा कि 'वस्तुओं का निर्यात किया जाता है न कि घरेलू करों का। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पहले 31 मार्च 2020 तक योजना को मंजूरी दी थी जिसे बाद में 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया था।

योजना का उद्देश्य छूट के माध्यम से परिधान और कपड़ों से बने दूसरे सामानों के निर्यात पर शुल्क वापसी योजना के अलावा राज्य और केंद्रीय करों और शुल्क की भरपाई करना है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य सिद्धांत पर आधारित है कि निर्यात के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में समान अवसर प्रदान करने के लिए करों और शुल्कों का निर्यात नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए, न केवल इनपुट पर अप्रत्यक्ष करों में छूट या प्रतिपूर्ति की जानी है, बल्कि अन्य गैर-वापसी वाले राज्य और केंद्रीय करों और शुल्क पर भी छूट दी जानी है।

## अमेजन इंडिया ने लॉन्च किया 'स्वच्छता स्टोर'

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत सरकार के सार्वभौमिक स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल करने और स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए, अमेजन इंडिया ने गजेंद्र सिंह शेखावत, जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार की उपस्थिति में, 'स्वच्छता स्टोर' की पेशकश की है। भारत सरकार के स्वच्छ और स्वस्थ्य भारत दृष्टिकोण के अनुरूप, इस पहल का उद्देश्य दुनिया की सबसे बड़ी स्वच्छता पहल स्वच्छ भारत मिशन का समर्थन करना है। 'स्वच्छता स्टोर' भारतीय विक्रेताओं, एसएमई और विनिर्माताओं की ओर से 20,000 से ज्यादा स्वच्छता उत्पादों जैसे वैक्यूम क्लीनर, सेनेटरीवेयर, वाटर प्यूरीफायर, पोछा और झाड़ू आदि पर आकर्षक डील्स की पेशकश करेगा। उपभोक्ताओं को स्वच्छ वातावरण से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ, यह स्टोर साफ-सफाई को बढ़ावा देने वाली आवश्यक वस्तुअें तक आसान पहुंच के साथ वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में काम करेगा। श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा, स्वच्छ भारत मिशन पूरे भारत में सफाई और स्वच्छता प्रथाओं में सुधार के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।



## तकनीक-प्रेमी युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपए का कोष एक सकारात्मक पहल : उद्योग जगत

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। प्रौद्योगिकी क्षेत्र में युवाओं के लिए दीर्घकालिक, ब्याज मुक्त वित्तपोषण प्रदान करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का कोष एक सकारात्मक उपाय है, क्योंकि सूर्योदय उद्योगों जैसे विनिर्माण, नवाचार और विकास का समर्थन करने के लिए पूंजी तक पहुंच एक महत्वपूर्ण कारक है। यह बात उद्योग जगत के नेताओं ने गुरुवार को कही। लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह कोष 'दीर्घकालिक कम या शून्य ब्याज दरें प्रदान करेगा, ताकि युवा बड़े पैमाने पर नवाचार कर सकें।' वित्त मंत्री ने कहा, 'हमारे तकनीक-प्रेमी युवाओं के लिए, यह एक स्वर्ण युग होगा। 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया जाएगा। यह कोष लंबी अवधि और कम या शून्य ब्याज दरों के साथ दीर्घकालिक वित्तपोषण या पुनर्वित्त प्रदान करेगा।' इससे निजी क्षेत्र को सूर्योदय क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसे कार्यक्रम बनाने की ज़रूरत है जो हमारे युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों को संयोजित करें।' सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक, लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर ने कहा कि दीर्घकालिक, ब्याज मुक्त या कम ब्याज दर वाले ऋण निजी क्षेत्र को अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।'

ब्लैकसॉइल कैपिटल के सह-संस्थापक और निदेशक अंकुर बंसल ने कहा कि इस कदम से उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। बंसल ने कहा, 'इसके अलावा, इस तरह की पहल निजी क्षेत्र और विदेशी निवेशकों से निवेश को आकर्षित करेगी, विकास को गति देगी और भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाएगी।' सरकार के अनुसार, प्राथमिकता भारतीय एमएसएमई को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना और सशक्त बनाना है।

वित्त मंत्री ने कहा कि रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी। डेलॉइट इंडिया के पार्टनर और टीएमटी इंडस्ट्री लीडर, पीयूष वैश्य ने कहा कि बड़े ब्याज मुक्त परिव्यय से 5जी, जेनरेटिव एआई, एग्रीटेक और हेल्थ टेक के आसपास उभरते क्षेत्रों में हमारे तकनीकी स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र को और बढ़ावा मिलेगा।

### सार संक्षेप

#### मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार व नए हवाई अड्डों का विकास रहेगा जारीः वित्तमंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किए गए अंतरिम बजट में कहा कि मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार और नए हवाई अड्डों का विकास तेजी से जारी रहेगा। वित्त मंत्री ने कहा, '10 वर्षों में विमानन क्षेत्र में तेजी आई है और हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 114 हो गई है।' उन्होंने कहा, 517 नए मार्ग 1.3 करोड़ यात्रियों को ले जा रहे हैं। भारतीय विमानन कंपनियों ने 1,000 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर दिया है। मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार और नए हवाई अड्डों का विकास तेजी से जारी रहेगा। सीतारमण ने कहा, 'हमारे पास तेजी से विस्तार करने वाला मध्यम वर्ग है और तेजी से शहरीकरण हो रहा है, मेट्रो रेल और नमो भारत आवश्यक शहरी परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक हो सकते हैं। पारगमन-उन्मुख विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए बड़े शहरों में इन प्रणालियों के विस्तार का समर्थन किया जाएगा।'

#### वनस्पति तेल और पाम ऑयल महंगा

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों लगातार जारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकालने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में वनस्पति तेल और पाम आयल महंगा हो गया जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 53 रिंगिट गिरकर 3815 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 सेंट की गिरावट के साथ 45.70 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान वनस्पति तेल 67 रुपए और पाम ऑयल 66 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

#### ईडी की तलाशी के बाद इंडिया सीमेंट्स के शेयर की कीमत 7 फीसदी गिरी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चेन्नई में इंडिया सीमेंट्स के कॉर्पोरेट कार्यालय में तलाशी अभियान चलाया है। इसके बाद बीएसई पर इंडिया सीमेंट्स के शेयर की कीमत करीब 7 फीसदी गिरकर 243 रुपए पर है। ईडी की तलाशी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) से संबंधित अनियमितता की जांच के लिए की गई है। इंडिया सीमेंट्स ने कहा, 'प्रवर्तन निदेशालय के कुछ अधिकारियों ने 31.01.2024 और 01.02.2024 के दौरान चेन्नई में हमारे कॉर्पोरेट कार्यालय का दौरा किया और फेमा से संबंधित अनियमितता का पता लगाने के लिए तलाशी ली।

## उतार-चढ़ाव से गुजरकर उतरा शेयर बाजार

**मुंबई,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। चुनावी साल होने के बावजूद नये वित्त वर्ष के अंतरिम बजट में लोकलुभावन वादों की बजाय देश के समग्र विकास के लिए उठाए गए ठोस कदम से आज शेयर बाजार पूरे दिन उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए अंत में गिरकर बंद हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट संसद पटल पर रखने के बाद जैसे ही अपना भाषण शुरू किया तो बाजार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और 72,151.02 अंक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, जैसे ही उनका भाषण समाप्ति की ओर बढ़ा बाजार गिरने लगा। हालांकि बाजार में रिकवरी हुई लेकिन उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए अंत में गिरकर बंद हुआ।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 106.81 अंक टूटकर 71,645.30 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 28.25 अंक फिसलकर 21,697.45 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.40 प्रतिशत उतरकर 38,619.46 अंक और स्मॉलकैप 0.22 प्रतिशत की गिरावट लेकर 45,624.07 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3943 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2028 में बिकवाली जबकि 1813 में लिवाली हुई वहीं 102 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां लाल जबकि शेष 19 हरे निशान पर रही।

बीएसई के 12 समूहों में गिरावट रही। इस दौरान दूरसंचार 1.55, कैपिटल गुड्स 1.12, रियल्टी 1.05, धातु 0.99, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.97, कमोडिटीज 0.91, सीडी 0.15, हेल्थकेयर 0.32, इंडस्ट्रियल्स 0.91, आईटी 0.33, तेल एवं गैस 0.02 और टेक समूह के शेयर 0.46 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.36 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.52 प्रतिशत मजबूत जबकि जर्मनी का डैक्स 0.29, जापान का निक्केई 0.76 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.64 प्रतिशत कमजोर रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 247 अंक की तेजी के साथ 71,998.78 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 72,151.02 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 71,574.89 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 71,752.11 अंक के मुकाबले 0.15 प्रतिशत उतरकर 71,645.30 अंक रह गया।


निफ्टी भी 55 अंक चढ़कर 21,780.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,832.95 अंक के उच्चतम जबकि 21,658.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,725.70 अंक की तुलना में 0.13 प्रतिशत फिसलकर 21,697.45 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एलटी 2.38, अल्ट्रासिमको 2.26, जेएसडब्ल्यू 2.03, टाइटन 1.93, बजाज फाइनेंस 1.75, नेस्ले इंडिया 1.47, विप्रो 1.39, टेक महिंद्रा 1.31, भारती एयरटेल 1.08, एशियन पेंट 0.99, सन फार्मा 0.84, टाटा स्टील 0.81, टाटा मोटर्स 0.66, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.41, इंफ़ोसिस 0.34, बजाज फिनसर्व 0.33, एचसीएल टेक 0.25, आईसीआईसीआई बैंक 0.22, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.19, कोटक बैंक 0.08 और रिलायंस 0.02 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, मारुति 4.40, पावरग्रिड 2.49, एक्सिस बैंक 1.57, एनटीपीसी 1.32, एसबीआई 1.12, टीसीएस 0.96, इंडसइंड बैंक 0.48, आईटीसी 0.32 और एचडीएफ़सी बैंक ने 0.28 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## डिजिटल समाचार स्टार्टअप 'द मैसेंजर' हुआ बंद, कर्मचारियों को अखबार से मिली खबर

**सैन फ्रांसिस्को,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित एक डिजिटल समाचार स्टार्टअप अपने हाई-प्रोफाइल लॉन्च के एक साल से भी कम समय में बंद हो गया है, और कर्मचारियों को इसके बारे में द न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक समाचार से पता चला। मीडिया आउटलेट के कई कर्मचारियों ने न्यूयॉर्क टाइम्स के लेख के माध्यम से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है और कंपनी बंद हो रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें कोई विच्छेद नहीं मिलेगा, और उनका स्वास्थ्य देखभाल कवरेज समाप्त हो जाएगा। द मैसेंजर के राष्ट्रीय सुरक्षा रिपोर्टर जेम्स लापोर्टा ने एक्स पर लिखा, 'मुझे अभी-अभी नौकरी से निकाला गया है। किसी को यह खबर अपने नियोक्ता से जानने की उम्मीद होगी लेकिन इसके बजाय द मैसेंजर के कर्मचारियों को न्यूयॉर्क टाइम्स के माध्यम से इसकी जानकारी मिली - कोई पृथक्करण नहीं है। हेल्थकेयर बंद हो जाएगा। मुझे (वाशिंगटन) डीसी कार्यालय से अपना डेस्क साफ़ करना होगा।' विज्ञान समाचार संवाददाता एडम कोवाक ने कहा, 'न्यूयार्क टाइम्स के माध्यम से यह पता चलना कि मैं नौकरी से बाहर हो गया हूं, एक नई बात है - मुझे कहना होगा। ऊपरी प्रबंधन ने जिस शालीनता और गरिमापूर्ण तरीके से घोषणा की, उसकी सराहना करता हूं। उन्होंने हमसे एक शब्द भी नहीं कहा है।' मैसेंजर की स्थापना द हॉलीवुड रिपोर्टर और द हिल के पूर्व मालिक जिमी फिंकेलस्टीन ने की थी। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, दुर्भाग्य से कंपनी ने अपनी शुरुआती फंडिंग में से लगभग 3.8 करोड़ डॉलर खो दिए और पिछले साल के अंत तक केवल 30 लाख डॉलर ही कमाए। जब मैसेंजर लॉन्च किया गया था, तो फिंकेलस्टीन ने भविष्यवाणी की थी कि यह अपने पहले वर्ष में 10 करोड़ डॉलर का राजस्व अर्जित करेगा। लेकिन कंपनी केवल नौ महीने तक ही टिकने में सफल रही। प्रकाशन ने लगभग 300 लोगों को काम पर रखा, जिनमें पोलिटिको, एनबीसी न्यूज़ आदि के अनुभवी पत्रकार भी शामिल थे। कर्मचारियों को बुधवार को भेजे गए एक ज्ञापन में फिंकेलस्टीन ने कहा कि उन्होंने 'मैसेंजर को तुरंत प्रभाव से बंद करने का दर्दनाक निर्णय लिया है।' सीएनएन द्वारा प्राप्त मेमो की एक प्रति के अनुसार, उन्होंने लिखा, 'पिछले कुछ हफ्तों में, वस्तुतः आज से पहले तक, हमने उपलब्ध हर विकल्प का उपयोग कर लिया है और लाभ की स्थिति में पहुंचने के लिए पर्याप्त पूंजी जुटाने का प्रयास किया है।'

## 11.1 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय से कारोबार में होगी जबरदस्त बढ़ोतरी : कैट




**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने नए वित्त वर्ष के लिए पेश बजट का स्वागत करते हुए आज कहा कि बजट में प्रस्तावित 11.1 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से कारोबार में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वार गुरुवार को सांसद में वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए पेश अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि 11.1 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से देश के बाज़ारों में कारोबार में जबरदस्त वृद्धि होगी। वहीं, लॉजिस्टिक कॉरिडोर बनाने तथा रेलवे की माल ढुलाई को अधिक सक्षम बनाने से माल की आवाजाही और अधिक सरलता से होगी। इससे भी व्यापार में वृद्धि होगी। साथ ही 11.1 लाख करोड़ रुपए के खर्च से देश में विभिन्न परियोजनाओं से व्यापार और बड़े पैमाने पर रोज़गार भी बढ़ेगा। श्री भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने कहा कि इस राशि से देश भर में अधिक निर्माण कार्य होंगे जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों में नई आधारिक सुविधाएं बनाने के लिए खर्च का उपयोग हो सकता है, जिससे बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा और उससे भी व्यापार में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उससे उत्पादन में वृद्धि होगी तथा यह खर्च उत्पादन को बढ़ावा देने और विभिन्न उद्यमों को समर्थन करने के माध्यम से व्यापार में वृद्धि की स्थिति में सुधार कर सकता है। इससे देश भर में व्यापार में वृद्धि होगी और वित्तीय तरलता बढ़ेगी।

## भारत की आर्थिक रणनीति को मजबूत करने वाला बजटः उद्योग

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। उद्योग जगत ने नए वित्त वर्ष के लिए पेश बजट को भारत की विश्व स्तर पर प्रशंसित आर्थिक रणनीति को मजबूत करने वाला बताया और कहा कि यह अर्थव्यवस्था को भविष्य के लिए तैयार करने में समर्थ होगा। उद्योग परिसंघ सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वार गुरुवार को संसद में वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए पेश अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट पूंजीगत व्यय संचालित विकास को प्राथमिकता देने वाली देश की आर्थिक रणनीति को मजबूत करने और उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने वाला है। इस रणनीति के कारण भारत धीमी वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच एक सुदृढ़ स्पॉट बन गया है। उन्होंने कहा कि सीआईआई ने पूंजीगत व्यय पर निरंतर जोर देने का सुझाव दिया था, जिसका अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पूंजीगत व्यय के लिए 11.1 लाख करोड़ रुपये के आवंटन का स्वागत करते हुए कहा कि यह पिछले वित्त वर्ष के लिए आवंटित पूंजीगत व्यय से 11.1 प्रतिशत अधिक है। अंतरिम बजट में राज्य पूंजीगत व्यय पर जोर जारी है, जिसमें राज्य पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 1.3 लाख करोड़ रुपए का आवंटन और राज्य स्तर के सुधारों से जुड़े 75,000 करोड़ रुपये शामिल हैं।



उद्योग एवं वाणिज्य संगठन फिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने कहा कि अंतरिम बजट विकसित भारत की दिशा में एक स्पष्ट और परिणाम-आधारित कदम है। यह वर्तमान निवेश दर और राजकोषीय अनुशासन के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन बनाए रखते हुए विकास, जलवायु और सामाजिक सशक्तिकरण को एक साथ लाता है। उन्होंने कहा, 'बजट में ब्लू इकोनॉमी पर ध्यान केंद्रित करना, ईवी पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार और मजबूती, घरेलू पर्यटन और मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित दृष्टिकोण की ओर प्रेरित करेगा।' वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के अध्यक्ष अजय सिंह ने वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को निवेश के लिए समावेशी और उत्प्रेरक बताते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा भारत को 'विकसित भारत' बनाने के लिए एक रोडमैप पेश करने का दावा, देश को आगे ले जाने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। यह एक आश्वस्त सरकार का आश्वस्त बजट है, जो यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य पर केंद्रित है कि भारत वर्ष 2025 तक पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाए। उन्होंने कहा, 'मैं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए वित्त मंत्री की सराहना करता हूं। मैं विशेष रूप से बुनियादी ढांचे के खर्च में वृद्धि की सराहना करता हूं जिसका हमारी अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। मैं रेलवे गलियारों, अनुसंधान और विकास और स्टार्टअप क्षेत्र के लिए एक लाख करोड़ के फंड की सराहना करता हूं। यह बजट नीति बनाने की सतत प्रक्रिया का हिस्सा है, जो भारत और भारतीयों के लिए बड़े पैमाने पर अवसर प्रदान करेगा।'

# खेल जगत

## शमर जोसेफ ने अपने प्रदर्शन से चयन के लिए सिरदर्द पैदा किया : सैमी



**मेलबर्न,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के सफेद गेंद के कोच डेरेन सैमी ने संकेत दिया कि युवा तेज गेंदबाज शमर जोसेफ आगामी टी20 विश्व के लिए दावेदारी पेश कर सकते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने प्रदर्शन से चयन के लिए सिरदर्द पैदा कर दिया है। जोसेफ ने पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट में क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया था। दाहिने पैर के अंगूठे की चोट को दरकिनार करते हुए, दूसरी पारी में उनके सात विकेटों ने वेस्टइंडीज को आठ रनों की जादुई जीत हासिल करने में मदद की, जो 2003 के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी पहली टेस्ट जीत थी। उनकी वीरता एडिलेड में अपने पहले टेस्ट में पहली बार पांच विकेट लेने के बाद आई। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने सैमी के हवाले से कहा, वह निश्चित रूप से एक ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी होगा। मैं उसे इस टीम में शामिल करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

# भारतीय टीम इंग्लैंड पर पलटवार को तैयार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 1 फरवरी (देशबन्धु)। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम के सामने मेहमान इंग्लैंड से हैदराबाद में स्पिन की मददगार पिच पर पहला टेस्ट हार 28 से हारने के बाद अब विशाखापट्टनम के डॉ. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में दूसरा टेस्ट जीत कर पांच मैचों की क्रिकेट सीरीज में एक-एक की बराबरी पाने की मुश्किल चुनौती है। भारत को निजी कारणों से सीरीज के शुरू के दो टेस्ट से बाहर अनुभवी विराट कोहली के बल्लेबाजी कौशल और जीवट की कमी के साथ रोहित शर्मा की %औसत% कप्तानी पहले टेस्ट में अखरी। पहले टेस्ट की पहली पारी में शतक के करीब पहुंच उससे चूकने वाले अनुभवी केएल राहुल और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के चोट के चलते दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत और कप्तान रोहित शर्मा की दिक्कतें और जरूर बढ़ गई हैं। इंग्लैंड के %कीवी% कोच ब्रेंडन मैकलुम और बेन स्टोक्स की शुरू से दे दनाकर की 'बॉजबाल' की रणनीति अपना खासतौर पर ऑली पोप ने खासतौर मेजबान भारत की ताकत उसके स्पिन आक्रमण के खिलाफ रिवर्स स्वीप, स्वीप, स्लॉग स्वीप और स्कूप का बेहतरीन इस्तेमाल कर दूसरी पारी में 196 रन की पारी खेल कर उसके आक्रमक की धार ही खत्म कर दी। भारत अपने स्पिनरों से बेहतर नियंत्रण, विविधता और सधी गेंदबाजी और अपने बल्लेबाजों से ज्यादा सकारात्मक और तेजं बल्लेबाजी की आस करेगा। विशाखापट्टनम में दिन में तापमान करीब 32 डिग्री रहने की उम्मीद है और यह जरूर इंग्लैंड के लिए परेशानी का सबब हो सकता है।



भारत के लिए हौसला बढ़ाने वाली बात यह है कि की उसकी टीम 2012 से अब तक किसी भी मेहमान टीम से लगातार दो टेस्ट नहीं हारी है। साथ भारत ने मेहमान इंग्लैंड से 2021 में चेन्नै में पहला टेस्ट 227 रन के बड़े अंतर से हारने के बाद उससे अगले लगातार तीनों टेस्ट जीत सीरीज 3-1 से जीती थी। ऐसे में भारत को नाउम्मीद होने की जरूरत नहीं है उसके खिलाडियों को जरूरत खुद पर भरोसा रखने की हैँ। हां भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपने तीन दिग्गजों के अलग-अलग कारणों से बाहर होने पर दूसरे टेस्ट के लिए बढ़िया एकादश का चुनना होगा। भारत के सदाबहार ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन अब टेस्ट क्रिकेट में पांच टेस्ट विकेट से मात्र चार विकेट दूर है। विशाखापट्टनम में अब तक दो टेस्ट खेले गए हैं और इसकी पिच का मिजाज ऐसा है जहां खेल के हर दिन आगे बढ़ने के साथ गेंद ज्यादा स्पिन होती है। भारत की नेटस प्रैक्टिस से यह साफ दिखा कर भारत दूसरे टेस्ट में चार स्पिनरों- अश्विन, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के साथ उतरेगा। संयोग से इनमें कुलदीप यादव को छोड़ कर बाकी तीनों बेहतरीन बल्लेबाज हैं और इनमें रवींद्र जडेजा की तरह वशिंगटन सुंदर बाएं हाथ के बल्लेबाज और पांचवें गेंदबाज बेशक सदाबहार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह होंगे। इंग्लैंड के बल्लेबाजों की की शुरू से दे दनादन की 'बाजबॉल' बल्लेबाजी रणनीति और 'स्वीप' के खिलाफ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव भारत का ब्रह्रास्त्र हो सकते हैं।

भारत बीते एक दशक में सबसे अनुभवहीन बल्लेबाजी के साथ उतरेगा। विराट, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा की गैरमौजूदगी में कप्तान रोहित शर्मा को छोड़ कर उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल, तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले शुभमन गिल और चौथे नबर बल्लेबाजी करने वाले श्रेयस अय्यर का टेस्ट करियर का यह शुरुआती शुरुआती दौर ही हैं। यही अपनी जाबांज बल्लेबाजी से अपने दम बल्ले से टेस्ट का रुख भारत की ओर मोडने का दम रखने वाले फिलहाल चोट के कारण बाहर ऋषभ पंत की याद आती है। ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज में दो जोरदार जवाबी हमला बोल कर खेली अपनी पारियों से भारत को दो टेस्ट जिताने के साथ सीरीज जिताने में भी अहम योगदान किया था।

शुभमन गिल ने टेस्ट में पिछली 11 में से दस पारियों में कुल 35 रन बनाए हैं जबकि स्पिन खेलने में माहिर बताए जाने वाले श्रेयस अय्यर की

■ भारत के सामने इंग्लैंड से दूसरा क्रिकेट टेस्ट जीत सीरीज में बराबरी पाने की मुश्किल चुनौती
■ भारत को अपने स्पिनरों से सधी गेंदबाजी व बल्लेबाजों से तेज बल्लेबाजी की आस
■ इंग्लैंड के बल्लेबाजों के स्वीप के खिलाफ कुलदीप हो सकते हैं भारत का ब्रह्मास्त्र

शार्ट पिच खेलने की कमजोरी का लाठ उठा कर प्रतिद्वंद्वी टीमो ने जमने से पहले ही आउट कर पैवेलियन का रास्ता दिखाया है और 2022 दिसंबर के बाद से उनका सर्वोच्च स्कोर 35 है। भारत के नौजवान बल्लेबाजों में मौजूदा सीरीज के पहले टेस्ट की पहली पारी मे यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के लिए भारत की दूसरी पारी मे सात विकेट चटका मेहमान टीम की जीत मे अहम भूमिका निभाने वाले टॉम हार्टले की धुनाई कर 80 रन की बेहतरीन पारी खेली। भारत की एकादश में केएल राहुल के चोट से बाहर होने पर उनकी जगह के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में संघर्ष दिखाई देता हो लेकिन घरेलू क्रिकेट में खासतौर पर दबाव में अपनी रन बनाने की काबिलियत के साथ पाटीदार का दूसरे टेस्ट के लिए एकादश में जगह बनाने का दावा ज्यादा मजबूत लगता है। कप्तान रोहित शर्मा भले ही भारत की पहले टेस्ट की पहली पारी में बहुत बड़ी पारी न खेल पाए लेकिन जिस अंदाज में उन्होंने रिवर्स स्वीप व रिवर्स स्वींप कर खासतौर पर इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर हार्टले के खिलाफ जवाबी हमला बोल चौके बटोरे ऐसे में उनसे पार के लिए भारत के लिए तेज और जवाबी हमला बोल कर रन बनाने की यही रणनीति सबसे कारगर रहेगी। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने अपने नौजवान बल्लेबाजों की हाल ही की नाकामी के बावजूद यशस्वी, शुभमन और श्रेयस पर भरोसा बनाने रखते हुए ज्यादा अनुशासित होकर बल्लेबाजी की ताकीद की।

# हर किसी को सहज बनाना टीम की संस्कृति है : ऋषभ पंत



मुंबई, 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भारतीय टीम के साथ अपने पदार्पण पर विचार साझा किए और बताया कि 2016 अंडर19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम ने उनके पदार्पण पर कैसे उनका स्वागत किया। पंत ने 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के तीसरे मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उस पल को याद करते हुए जब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने शुरुआती कदम उठाए, पंत ने स्टार स्पोर्ट्स 'बिलीव' सीरीज़ में उस विस्मय को साझा किया जिसने उन्हें घेर लिया था। ऋषभ पंत ने कहा, ज्यादातर समय मुझे ऐसा महसूस नहीं हुआ। मैं शुरुआत में आश्चर्यचकित था। आपने उन सभी को टीवी पर देखा था। लेकिन वे सभी स्वागत कर रहे थे। यहां तक कि सुपर सीनियर्स ने भी मुझे सहज बनाया।

पंत ने याद किया कि सीनियर खिलाड़ियों ने उन्हें घर जैसा महसूस कराने में अहम भूमिका निभाई और सौहार्दपूर्ण माहौल तैयार किया जो टीम की संस्कृति में अंतर्निहित है।पंत ने अपने आस-पास के पालन-पोषण के माहौल को स्वीकार करते हुए व्यक्त किया, हर किसी को सहज बनाना टीम की संस्कृति है। और जब यह शुरुआत में होता है, तो यह अच्छा होता है। क्योंकि 17-18 साल की उम्र में, आप जीवन के बारे में कुछ भी नहीं जानते हैं।

बेशक आपके पास अनुभव हैं, मैंने एक बच्चे के रूप में सीखने की कोशिश की। मुझे लगता है कि ये सभी चीजें फायदेमंद हैं, हर किसी को इस तरह का अनुभव नहीं मिलता है। और जो चीजें आप अपने अनुभवों से सीखते हैं, वे आपके जीवन में बहुत मदद करती हैं। आपका दिमाग जीवन को उसी तरह पढ़ना शुरू कर देता है।

डेब्यू मैच में, पंत 19वें ओवर के दौरान क्रीज पर आए और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स द्वारा अनुभवी युवराज सिंह को आउट करने के बाद बैटन उन्हें विरासत में मिली। उन महत्वपूर्ण क्षणों में, पंत की कच्ची प्रतिभा और निडर दृष्टिकोण चमक गया क्योंकि उन्होंने शॉर्ट फाइन लेग के माध्यम से एक चौका लगाया, जिससे उनका नाम भारतीय क्रिकेट इतिहास के इतिहास में दर्ज हो गया। भले ही वह 3 गेंदों में 5 रन बनाकर नाबाद रहे, लेकिन पंत का योगदान प्रतीकात्मक था, जो अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार युवाओं की अदम्य भावना का प्रमाण था। मैच की भव्य योजना में, अनुभवी सुरेश रैना और हमेशा स्थिर रहने वाले एमएस धोनी के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने 6 विकेट के नुकसान पर 202 रनों का विशाल स्कोर बनाया। चरमोत्कर्ष युजवेंद्र चहल की अगुवाई में गेंदबाजी के शानदार प्रदर्शन के साथ सामने आया, जिसने 4-0-25-6 के आंकड़े के साथ जादू बिखेरा। विपक्षी टीम ने भारतीय आक्रमण के आगे घुटने टेक दिए और 16.3 ओवर में 127 रन पर सिमट गई।

# चोट के बाद पहला टेस्ट कॉल-अप मिलना मेरे लिए सबसे खुशी का पल : रजत पाटीदार

**विशाखापत्तनम,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले, भारत के बल्लेबाज रजत पाटीदार ने कहा कि एच्लीस की चोट से उबरने के बाद अपना पहला टेस्ट कॉल-अप प्राप्त करना उनके लिए सबसे खुशी का क्षण रहा है।

पाटीदार हाल ही में भारत 'ए' टीम के साथ थे, वर्तमान में अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेल रहे थे और पिछले महीने दबाव की स्थिति में पहले चार दिवसीय मैच में 158 गेंदों में 151 रन बनाए थे। विराट कोहली के व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से हटने के बाद उन्हें टेस्ट टीम में बुलाया गया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने यूनाइटेड किंगडम में एच्लीस की चोट के कारण सर्जरी की आवश्यकता के कारण 2023 का अधिकांश हिस्सा नहीं खेला था और दिसंबर 2023 में पार्ल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करने के लिए ठीक हो गए।

पाटीदार ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में कहा, यह हमेशा कठिन होता है जब कोई खिलाड़ी घायल हो जाता है। मैंने खुद से कहा कि मैं ठीक होने में लगने वाले समय को नहीं बदल सकता। मैंने इस



बात को स्वीकार किया और वर्तमान में काफी फोकस के साथ काम किया। चोट से उबरने के बाद पहली बार टेस्ट टीम में शामिल होना मेरे लिए सबसे खुशी का पल है, क्योंकि भारत के लिए टेस्ट खेलना मेरा पहला सपना था। इंडिया ए के लिए खेलते समय मुझे कॉल आया और कॉल-अप पाकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। 30 वर्षीय पाटीदार का घरेलू क्रिकेट में अच्छा रिकॉर्ड है, उन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों में 45.97 की औसत से 4000 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक शामिल हैं। बुधवार को विशाखापत्तनम में भारतीय टीम के नेट्स पर, पाटीदार को अपने स्वीप शॉट्स का प्रदर्शन करते देखा गया, जिसे इंग्लैंड ने हैदराबाद टेस्ट में 28 रन की जीत में सक्रिय रूप से इस्तेमाल किया।

उन्होंने कहा, मेरी बल्लेबाजी शैली आक्रामक है और मैं अपने घरेलू क्रिकेट के दिनों से ही इसी तरह खेलता आया हूं। अब यह मेरी आदत है, क्योंकि यह सब अच्छी तैयारी के बारे में है। मैं विपक्षी गेंदबाजों के पैटर्न का अध्ययन करता हूं, वे अपना क्षेत्ररक्षण कैसे करते हैं। मैं देखता हूं कि कैसे रोहित जैसे खिलाड़ी इससे निपटते हैं और मैं विश्लेषण करता हूं और साथ ही उन सभी सीखों को अपने खेल में जोड़ने का प्रयास करता हूं। मेरा एकमात्र ध्यान इसी पर है। उनका मानना है कि भारतीय टीम के साथ बातचीत से उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला है। मैंने घरेलू सर्किट में भारतीय टीम के कई खिलाड़ियों के साथ खेला है और पिछली दो श्रृंखलाओं के लिए राहुल (द्रविड़, मुख्य कोच) सर के साथ बातचीत की है। मुझे रोहित (शर्मा, कप्तान) भाई से बात करने के लिए बहुत कुछ नहीं मिला था, लेकिन अब मुझे इस दौरे पर बल्लेबाजी के बारे में उनसे बात करने का मौका मिला है।

# अगर आप टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, तो आपको धैर्य रखना होगा : सरफराज खान

**विशाखापत्तनम,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज खान का मानना है कि पांच दिनों का टेस्ट मैच खेलने के लिए धैर्य रखना होगा और हर दिन अभ्यास करना होगा, यही एक कारण है कि वह पूरे दिन खेल सकते हैं। । सरफराज भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए तीन खिलाड़ियों में से एक हैं, क्योंकि रवींद्र जडेजा (हैमस्ट्रिंग चोट) और केएल राहुल (दाएं क्वाड्रिसेप्स दर्द) को इंग्लैंड के खिलाफ एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है, जिससे उन्हें एक मौका मिला है। लंबे समय से प्रतीक्षित अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप। मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट के पिछले तीन सत्रों में शानदार रन बनाने वाले सरफराज ने 160 गेंदों में 161 रनों की शानदार पारी खेली, जिससे भारत ए ने अहमदाबाद में दूसरे चार दिवसीय



मैच में इंग्लैंड लायंस को पारी और 16 रन से हरा दिया। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट का औसत 69.85 है।

मेरी ताकत यह है कि मैं आसानी से संतुष्ट नहीं होता। मैं हर दिन 500-600 गेंदें खेलता हूं। अगर मैं एक मैच में कम से कम 200-300 गेंदें नहीं खेल पाता, तो मुझे लगता है कि मैंने कुछ खास नहीं किया। अब यह आदत बन गई है।सुबह, दोपहर और शाम को अभ्यास करें। सरफराज ने जियोसिनेमा से कहा, मैं केवल एक ही चीज का आदी हूं, बल्लेबाजी करना और गेंदों का सामना करना।

## सार संक्षेप

### भारतीय महिलाएं भूटान के खिलाफ सैफ अंडर19 अभियान की शुरुआत करेंगी

**ढाका।** भारतीय युवा अंडर-19 लड़कियों ने अपना पहला प्रशिक्षण सत्र पूरा कर लिया, वे शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भूटान के साथ अपने मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। मंच तैयार होते ही भावनाएं और उत्साह चरम पर पहुंच जाएगा और खिलाड़ी अपने सपनों में साझा विश्वास से भर जाएंगी। खिलाड़ियों के साथ-साथ मुख्य कोच शुक्ला दत्ता का भी इस साल देश के लिए ट्रॉफी उठाने का सपना है। एआईएफएफ वेबसाइट के हवाले से कोच शुक्ला ने कहा, सैफ जीतना अब मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है, साथ ही सराहनीय प्रदर्शन करना भी है। टूर्नामेंट हमें हमारी आगामी चुनौतियों के लिए आवश्यक अतिरिक्त प्रेरणा प्रदान करता है और हमारी तैयारी में सहायता करता है। टीम के प्रारंभिक प्रशिक्षण पर विचार करते हुए, शुक्ला ने टिप्पणी की, पहला सत्र अच्छा रहा, हमने खुद को मैदान से परिचित कराया। यहां की कृत्रिम घास गोवा से अलग है। मैं चाहता था कि लड़कियां गेंद से जुड़ें। स्पर्श पर जोर दिया गया, पास करना, और गेंद की गति को मापना। गेंद को प्राप्त करना भी महत्वपूर्ण था। 2021 में सैफ अंडर19 चैंपियनशिप के आखिरी संस्करण में, भारत ने पांच मैच खेले, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल भी शामिल था, जहां वे मेजबान टीम से एक गोल से हार गए थे। उन्होंने श्रीलंका (5-0), भूटान (3-0) और नेपाल (1-0) के खिलाफ खेले गए तीन मैच जीते थे और ग्रुप चरण में बांग्लादेश (0-1) से हार गए थे।

### हॉकी इंडिया ने प्रो लीग 2023-24 के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 24 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की जो एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरण में भाग लेगी। भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी को शुरू होगा और 16 फरवरी को समाप्त होगा जबकि राउरकेला चरण 19 फरवरी को शुरू होगा और 25 फरवरी को समाप्त होगा। भारत 10 फरवरी को स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए, दोनों चरणों में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। टीम की कमान अपने ड्रैग-फ्लिकिंग कौशल के लिए जाने जाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह और एक कुशल मिडफील्डर उप-कप्तान हार्दिक सिंह की अनुभवी जोड़ी संभालेगी। टीम चयन पर बोलते हुए, मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, हमने सावधानीपूर्वक एक अच्छी तरह से संतुलित टीम का चयन किया है, जिसमें युवाओं के जोश के साथ अनुभवी विशेषज्ञता का मिश्रण है। हमारा लक्ष्य उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम एकजुट इकाई बनाना है।

# हमने मेहमान टीम के बल्लेबाजी दृष्टिकोण से सीख ली है : भरत

विशाखापत्तनम, 1 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के 1-0 से पिछड़ने के बाद, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएस भरत ने कहा कि मेजबान टीम ने हैदराबाद में सीरीज के शुरुआती मैच में मेहमान टीम के बल्लेबाजी दृष्टिकोण से सीख ली है और शुक्रवार से एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में शुरू होने वाले दूसरे मैच से पहले स्वीप शॉट्स पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उप-कप्तान ओली पोप के शानदार 196 रन और नवोदित स्पिनर टॉम हार्टले के 7-62 के दम पर इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में श्रृंखला के शुरुआती मैच में भारत पर 28 रन से रोमांचक जीत हासिल की। उस मैच में, इंग्लैंड ने रन बनाने के विकल्प के रूप में स्वीप और रिवर्स-स्वीप पर बहुत अधिक भरोसा किया, जिसका अभ्यास भारतीय बल्लेबाज विशाखापत्तनम में अपने नेट सत्र में कर रहे हैं। हमारी टीम की बैठकों में हमने उन चीजों के बारे में बात की जो हम बेहतर कर सकते थे और हां, हमारे पास निश्चित रूप से (इस टेस्ट मैच के लिए) कुछ योजनाएं हैं। (हम) निश्चित रूप से देख रहे हैं कि उन्होंने पहले मैच में कैसा प्रदर्शन किया, कुछ रिवर्स (स्वीप) खेले। यह ऐसी चीज है जिस पर हमने निश्चित रूप से काम किया है। भारत में खेलते हुए, हम इन ट्रैकों पर बहुत अधिक क्रिकेट खेलते हैं। ऐसा नहीं है कि हम स्वीप, रिवर्स स्वीप या पैडल-स्वीप करना नहीं जानते, लेकिन उस विशेष दिन टीम की स्थिति के आधार पर, हम बल्लेबाज के रूप में अपना निर्णय लेते हैं। हमारे लिए यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हम स्वतंत्रता के साथ बल्लेबाजी करें। भरत ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने पहले मैच से पहले रिवर्स स्वीप का भी अभ्यास किया था। लेकिन मैदान में खेलते समय, यह बल्लेबाजों की व्यक्तिगत योजना होती है। अगर टीम हमसे एक निश्चित तरीके से खेलने की मांग करती है तो हम इसके लिए तैयार हैं। लेकिन व्यक्तिगत रूप से हमारे पास अलग-अलग योजनाएँ हैं और हम इस मैच में एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

# रोहित शर्मा नंबर 4 पर बल्लेबाजी करें : दीप दासगुप्ता

नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने सुझाव दिया है कि वरिष्ठ राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने बड़े मैचों में रनों की कथित कमी के कारण सरफराज खान को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम में चुनने में संकोच किया होगा। दासगुप्ता ने दूसरे टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन पर भी अपने विचार साझा किए और कप्तान रोहित शर्मा के नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने की वकालत की। के.एल. राहुल के साथ राइट क्वाड्रिसेप्स समस्या के कारण राहुल को दरकिनार कर दिया गया, सरफराज खान और रजत पाटीदार दूसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम में हैं। ये दोनों प्लेइंग इलेवन में खाली जगह भरने की दौड़ में हैं।

दासगुप्ता ने सरफराज के लगातार फॉर्म को स्वीकार करते हुए, लेकिन प्रतिस्पर्धी लाइनअप में जगह पाने की चुनौतियों की ओर इशारा करते हुए, चयन की गतिशीलता पर ध्यान दिया। दासगुप्ता ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, उन्हें इसका श्रेय जाता है कि वह पिछले दो से तीन वर्षों से अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड 'ए' के खिलाफ भी



रन बनाए थे। वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन दो सवाल थे। दासगुप्ता ने कहा, सबसे बड़ा सवाल था कि किसकी जगह, हम बहुत आसानी से कह देते हैं कि फलां खिलाड़ी होना चाहिए लेकिन 11 ही खेल सकते हैं और टीम में 15 या 16 ही हो सकते हैं. दूसरे, ये सवाल भी था और मैंने सुना है कुछ लोगों से, कि बड़े मैचों में रन कहां होते हैं। दासगुप्ता ने प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड का आकलन करते समय विरोध की गुणवत्ता पर विचार करने के महत्व पर जोर दिया, यह स्वीकार करते हुए कि सभी टीमें समान मानक की नहीं हैं। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि सरफराज के आईपीएल में खराब प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया होगा, हालांकि उन्होंने किसी खिलाड़ी को केवल टी20 प्रदर्शन के आधार पर आंकने के प्रति आगाह किया।

जब लोग प्रथम श्रेणी क्रिकेट के बारे में बात करते हैं, तो पूरे सम्मान के साथ, आपके पास 37 टीमें हैं। आप कुछ बहुत ही औसत टीमों के खिलाफ भी खेल रहे हैं। मुझे यह नहीं कहना चाहिए, यह कुछ टीमों के लिए अपमानजनक होगा, लेकिन रनों की गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण है। मैं यह बात सरफराज के खिलाफ नहीं कह रहा हूं। सरफराज के संभावित पदार्पण के संबंध में, दासगुप्ता ने शुभमन गिल के साथ तुलना करते हुए, खिलाड़ी के अवसरों की जटिलताओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उच्च क्षमता वाले खिलाड़ियों को अक्सर अधिक मौके मिलते हैं, जिससे खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय करियर को आकार देने में चयनकर्ताओं, टीम प्रबंधन और कप्तानों के भरोसे की भूमिका पर प्रकाश पड़ता है।

# एफआईएच प्रो लीग यह जानने का मौका, ओलंपिक के लिए कहां क्या सुधार की जरूरत : फुल्टन

नई दिल्ली, 1 फरवरी (देशबन्धु)। अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरणों के लिए भारत की 24 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। आक्रामक सेंटर हाफ हार्दिक सिंह को भारतीय टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। एफआईएच प्रो लीग का भुवनेश्वर में होने वाला चरण 10 से 16 फरवरी तक और राउरकेला में होने वाला चरण 19 से 25 तक चलेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम प्रो लीग में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया से दो दोनों चरणों - भुवनेश्वर और राउरकेला में दो-दो बार खेलेगी। भारतीय पुरुष टीम अपने अभियान का आगाज 10 फरवरी को स्पेन के खिलाफ भुवनेश्वर में मैच खेल कर करेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने एफआईएच प्रो लीग के लिए चुनी गई टीम की बाबत कहा, हम बहुत ही सतर्कता के साथ बेहद संतुलित टीम चुनी है। हमारी टीम अनुभवी और युवा जोश का संगम है। हमारा लक्ष्य दुनिया में सर्वोच्च स्तर पर एक इकाई के रूप में बढ़िया प्रदर्शन करने वाली टीम बनना है। एफआईएच प्रो लीग हमारे अपनी रणनीति को और बेहतर करने तथा बड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने कौशल को आंकने का मंच साबित होगी। अब एफआईएच हॉकी प्रो लीग इसलिए बेहद अहम हो गई है क्योंकि इसमें खिताब जीतने वाली टीम को



सीधे ही 2026 के एफआईएच हॉकी विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। साथ ही एफआईएच प्रो लीग हमें यह जानने का मौका देगी हमें पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए कहां क्या सुधार की जरूरत है। हमें पूरा विश्वास है कि एफआईएच प्रो लीग में खेलने से हमें अपना प्रदर्शन बेहतर करने और खुद को आगे की बड़ी चुनौतियों के लिए पूरे आत्मविश्वास से तैयार करने का मौका मिलेगा।' भारत की केपटाउन (दक्षिण अफ्रीका) के दौरे पर वहां चार देशों के हॉकी टूर्नाटट में में खेलने गई 26 सदस्यीय टीम में से गोलरक्षक पवन और स्ट्राइकर को बाहर किया गया है जबकि बाकी 24 सदस्यीय टीम वही है। भारतीय टीम अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में मात्र एक मैच मेजबान दक्षिण अफ्रीकी टीम से ही जीत पाई जबकि उसने फ्रांस से अपना मैच ड्रॉ खेला और नीदरलैंड से 1-5 से हारी। भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ले दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर आक्रामक मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह को रक्षापंक्ति में फुलबैक के रूप में खिलाया था और एफआईएच प्रो लीग के लिए भी उन्हें फुलबैक के रूप में शामिल किया है।

## एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2023-24 के लिए भारतीय ही टीम

**गोलरक्षक** : पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक। **रक्षापंक्ति** :जर्मनप्रीत सिंह, सुमित, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह(कप्तान), वरुण कुमार, संजय, विष्णुकांत सिंह। **मध्यपंक्ति** : हार्दिक सिंह (उपकप्तान), विवेक सागर प्रसाद, मनप्रीत सिंह, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह, राज कुमार पाल, रविचंद्र सिंह मोइरंगथम। **अग्रिम पंक्ति** : ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंट सिंह, सुखजीत सिह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह, अरिजित सिंह हुंदल।